वर्ष-31, अंक- 278, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
25 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 14

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्रों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

- समारोह में पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को दी गयी डॉक्टरेट की मानद उपाधि
- राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा
- नौकरी करने वाले ना बने, नौकरी देने वाले बने

**नवीन मेल संवाददाता**







**विश्रामपुर।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि सूबे के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार व विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यपाल व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के डिग्री होल्डर छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गान की धुन बजने के बाद सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटों व पौधा देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान सभी अतिथियों ने उपेन्द्रनाथ पांडेय के द्वारा लिखी गयी पुस्तक कर्मयोगी रामचंद्र चंद्रवंशी का विमोचन भी किया गया। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण में कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए स्वर्णिम क्षण है कि आज महामहिम के हाथो सभी छात्रों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जा रहा है। वहीं कुलपति संजय कुमार झा ने विषय प्रवेश कराया। महामहिम राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूरे पलामू क्षेत्र के लिए एक गौरवशाली क्षण है, पूर्व राज्यपाल सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि उन्हें काफी प्रसन्नता हो रही है कि वे उस दीक्षांत समारोह में उपस्थित हैं जहां सूबे के महामहिम भी उपस्थित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोग पुण्य कमाने व आत्मिक सुख पाने के लिए न जाने कहां कहां की यात्रा करते हैं लेकिन स्कूल , कॉलेज, व विश्वविद्यालय में राष्ट्र निर्माताओं व देश के होनहार छात्रो के बीच उपस्थित होना बड़ी बात है। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने करते हुए अपने जीवन यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कार्यक्रम में आये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह भी बताया कि वे अपनी मां की प्रेरणा से आज इस मुकाम पर हैं। मंच संचालन कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल ने किया।

### दीक्षांत समारोह के प्रमुख बिंदु

- 8190 छात्रों को दी गई डिग्री-डिप्लोमा
- राज्यपाल ने प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन
- पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने छात्रावास भवन का किया लोकार्पण
- राज्यपाल ने शिक्षा में कौशल विकास पर दिया ज़ोर

**दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल:** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेगा समृद्ध झारखंड
**रघुवर दास ने कहा–** शिक्षा को रोजगार से जोड़ना समय की मांग
**रामचंद्र चंद्रवंशी बोले–** ग्रामीण विद्यार्थियों को मिले बेहतर अवसर

## एक नजर

### झारखंड में 28 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट, तेज़ हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका

**रांची।** मौसम विभाग ने झारखंड राज्य के लिए 24 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम प्रणाली के अनुसार, 24 जुलाई की सुबह 8:30 बजे तक एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र मध्य भारत में सक्रिय पाया गया है, जिससे पूरे राज्य में मानसून की गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। मानसून ट्रफ रेखा वर्तमान में हरदोई, पायर, लेदपुर, दीपा होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। इसी के प्रभाव से झारखंड के गढ़वा, पलामू, चतरा, लोहरदगा, लातेहार, हजारीबाग, रांची, गुमला, सिमडेगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका और साहिबगंज जैसे जिलों में तेज़ बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। जिलों में अगले पांच दिनों तक भारी वर्षा के साथ-साथ तेज़ हवा (30–40 किलोमीटर प्रति घंटा) और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इस चेतावनी को देखते हुए राज्य प्रशासन ने सभी जिलों के नागरिकों से सावधानी बरतने और बिना आवश्यक कारण के बाहर न निकलने की अपील की है। विशेष रूप से निचले इलाकों, नदी किनारे और बिजली के खंभों के आसपास सतर्कता बरतने को कहा गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# अटल मोहल्ला क्लिनिक अब मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक से जाना जाएगा

- उग्रवादी व सीमा के रक्षार्थ शहीद होने वाले जवानों के परिवारों को मिलेगी नौकरी
- एसटी/एससी केसों की सुनवाई के लिए डालटनगंज में विशेष न्यायालय का होगा गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झारखंड कैबिनेट का फैसला**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया। सरकार ने 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदल दिया है। झारखंड में चल रहे अटल मोहल्ला क्लिनिक को अब 'मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक' के नाम से जाना जाएगा। झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक कि जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि मंत्रिपरिषद के द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उग्रवादी घटनाओं अथवा राष्ट्र की सीमा के रक्षार्थ ड्यूटी के दौरान वीरगति प्राप्त होने वाले झारखंड के केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल कर्मियों के आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकम्पा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान करने स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने झारखंड राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही, उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 गठन के उपरांत पुलिस के पूर्व से प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने, भविष्य के नियुक्ति में पूर्व के आवेदकों को शुल्क भुगतान की छूट, सभी कोटि के आवेदकों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट एवं अन्य बिन्दुओं पर निर्णय लिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू सहायक शिक्षकों के पूर्व से सृजित 3712 पदों का प्रत्यर्पण करते हुए प्रथम चरण में उर्दू के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3287 पद तथा मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद कुल 4339 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। डालटनगंज न्यायमंडल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत दर्ज वादों के त्वरित विचारण के लिए विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय

- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का मार्च, 2023 को समाप्त हुए अवधि का प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के पटल पर आगामी सत्र में रखने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड वित्त (अंकेक्षण एवं लेखा) सेवा नियमावली-2025 की स्वीकृति दी गई।
- सेवा से नदारद डॉ। कुमारी रेखा, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी, जमशेदपुर को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- सेवा से गायब डॉ रिना कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- डॉ वीणा कुमारी एम, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसमार, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला अधीनस्थ चतुर्थ वर्गीय पद -विसरा कटर एवं प्रयोगशाला वाहक की भर्ती एवं अन्य सेवा शर्त नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- राजकीय श्रावणी मेला- 2025 के मद्देनजर दिनांक- 10.07.2025 से दिनांक-10.08.2025 तक 28 अस्थायी मेला ओपी एवं 19 अस्थायी यातायात ओपी के गठन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- राज्य के सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को न्यायालय द्वारा जारी सम्मन के क्रम में साक्ष्य देने के लिए किए गए यात्रा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने के निमित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु विशेष शिक्षा सहायक -आचार्य संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2025 की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य आयुष स्वास्थ्य सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली- 2024 का गठन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की स्वीकृति दी गई। इसके तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के लिए राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन के गठन का प्रावधान है।

# पलामू सांसद ने ग्रामीण विकास सचिव से की मुलाकात



- पीएम आवास, जनमन व सड़क योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पलामू और गढ़वा जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए कई अहम मांगें रखीं।

सांसद राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लंबित राशि के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत चयनित सड़कों की स्वीकृति देने की मांग भी रखी।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास प्लस 2018 सूची में प्रतीक्षारत झारखंड के 2 लाख 22 हजार 69 पात्र लाभार्थियों को आवास आवंटित करने की दिशा में पहल करने का भी आग्रह किया। सांसद ने बताया कि सचिव शैलेश कुमार सिंह ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड के सचिव के. श्रीनिवासन से फोन पर बातचीत कर इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि सांसद सदैव क्षेत्र के विकास के लिए फिर संकल्पित हैं।

## सिमडेगा की बेटी अमीषा अब ओलंपिक रिंग में

**रांची।** सिमडेगा की 17 वर्षीय अमीषा केरकेट्टा का चयन सेनेगल में आयोजित होने वाले यूथ ओलंपिक गेम्स के कैंप के लिए हुआ है। अमीषा भारतीय टीम की ओर से बॉक्सिंग में हिस्सा लेंगी। अमीषा केरकेट्टा का चयन परिवार के लिए नहीं बल्कि पूरे झारखंड के खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अमीषा का परिवार बेहद साधारण है। पिता एक छोटे किसान हैं और मां गृहिणी। आर्थिक परेशानियों के बावजूद अमीषा ने कभी अपने सपनों से समझौता नहीं किया। वह झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की प्रशिक्षु हैं और द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित बीबी मोहंती की देखरेख में लगातार बॉक्सिंग की बारीकियां सीख रही हैं। हाल ही में उन्होंने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया था। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए एक्सपोजर टूर में भी उन्होंने मेडल हासिल किया। उनके इस निरंतर प्रदर्शन और मेहनत को देखते हुए उन्हें यूथ ओलंपिक गेम्स के कैंप के लिए चुना गया है।

## भारत व ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता से भारत में क्या -क्या हो सकता है सस्ता, क्या -क्या हो सकता है फायदा ?

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत व ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) से भारत में निम्न वस्तुएँ सस्ती होने की संभावना हैं-

स्कॉच व्हिस्की व जिन- इन पर लगने वाला आयात शुल्क तुरंत 150% से घटकर 75% हो जाएगा। अगले 10 सालों में इसे 40% तक कम कर दिया जाएगा। इससे स्कॉच व्हिस्की और जिन भारत में बहुत सस्ते हो जाएंगे। पीयक्कड़ों के मज़े हो जाएंगे।

लग्जरी कारें : ब्रिटेन में बनीं लक्जरी कारों पर आयात शुल्क 100% से ज्यादा घटकर कोटा मैकेनिज्म के तहत 10% तक आ जाएगा। इससे रोल्स-रॉयस, जगुआर, लैंड रोवर जैसी कारें काफ़ी सस्ती हो जाएंगी।जिससे धनी लोगों के मज़े हो जाएँगे। सॉफ्ट ड्रिंक्स व कॉस्मेटिक्स : ब्रिटेन से आयातित सॉफ्ट ड्रिंक्स व सौंदर्य प्रसाधन (कॉस्मेटिक्स) जैसे उत्पादों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% हो जाएगा। इससे खूब सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों और बहुत विदेशी कॉस्मेटिक्स यूज करने वाले भारतीयों के लिए कुछ और अच्छे दिन आ जाएँगे। मेडिकल डिवाइसेस व एयरोस्पेस पार्ट्स : भारत में मेडिकल डिवाइस व एयरोस्पेस पार्ट्स जैसे कई उत्पादों को ब्रिटेन से सस्ते दामों पर आयात किया जा सकेगा, जो भारतीय उद्योगों व लोगों के लिए लाभदायक होगा, लेकिन इससे सस्ता तो चीन का सामान आ रहा है।

**इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद :** ब्रिटेन से आने वाले मोबाइल, लैपटॉप व अन्य गैजेट्स पर भी टैक्स कम होने की संभावना है। इससे वे सस्ते हो सकते हैं। जूते, कपड़े और फैशन उत्पाद -ब्रिटेन से आयात होने वाले जूते, कपड़े, फैशन से जुड़े सामान और चमड़े के उत्पादों पर भी शुल्क कम होगा। इससे इनकी कीमतें घटेंगी।

**आभूषण और रत्न :** ब्रिटेन से आने वाले आभूषणों व रत्नों पर भी कस्टम ड्यूटी घटने से उनकी कीमतों में कमी आ सकती है।

कुछ खाद्य उत्पाद : चॉकलेट व बिस्कुट जैसे ब्रिटिश फूड प्रोडक्ट्स पर भी टैरिफ कम होगा। इससे वे सस्ते हो जाएंगे। डेयरी उत्पादों जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को टैरिफ छूट से बाहर रखा गया है।

भारतीय निर्यातकों को बढ़ावा : इस समझौते से लगभग 99% भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए लगभग 23 अरब डॉलर के अवसर खुलने की उम्मीद है। इससे कपड़ा, रत्न व आभूषण, ऑटो कंपोनेंट्स, जूते व मशीनरी जैसे क्षेत्रों को फायदा होने की संभावना है।

**सर्विस सेक्टर को बढ़ावा :** भारतीय फर्मों व फ्रीलांसरों को ब्रिटेन के 36 सेवा क्षेत्रों में बिना 'इकोनॉमिक नीड्स टेस्ट' के पहुंच मिलेगी। भारतीय पेशेवर 35 ब्रिटिश क्षेत्रों में 24 महीने तक काम कर सकेंगे, भले ही उनका देश में कोई कार्यालय न हो।यह कई लोगों के लिए बहुत लाभदायक रहेगा।

**इंडिया**

# कलाम की तरह चौंकानेवाले नामधारी होंगे उपराष्ट्रपति !



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

मीडिया खास तौर पर सोशल मीडिया में उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के रातों रात राष्ट्रपति भवन जाकर त्याग पत्र सौंपने की जितनी चर्चा हो रही है उतनी ही इस बात की भी कि देश के अगले सर्वोच्च पदानुक्रम में दूसरे नंबर पर कौन विराजमान होंगे ? सूत्रों के अनुसार इस बार भी चौंकाने वाला नाम सामने आने वाला है जैसा कभी एपीजे अब्दुल कलाम का आया था । उल्लेखनीय है कि सादगी के प्रतीक संत प्रवृति के विद्वान मिसाइलमैन कलाम सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय के नहीं थे बल्कि भारतीय संस्कृति का वह चेहरा थे जिनका राजनीतिक विरोध करने के लिए संभवतः कोई मुद्दा ही नहीं था । 10 जून 2002 की सुबह कई बार बज चुकी एना विश्वविद्यालय के ऑफिस की घंटी फिर बजी तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे जिन्होंने कहा - हम सभी ने मिलकर ये फैसला लिया है कि देश को एक राष्ट्रपति के रूप में आपकी जरूरत है। मुझे आज रात घोषणा करनी और आपकी तरफ से सिर्फ एक हां या ना की आवश्यकता है। वाजपेयी जी ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जवाब सुनने के बाद तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बात की और सोनिया गांधी ने अपनी पार्टी और सहयोगी दलों से बातचीत के बाद 17 जून 2002 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की राष्ट्रपति उम्मीदवारी को समर्थन देने की घोषणा कर दी। इस तरह एक सप्ताह बाद 18 जुलाई 2002 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और 25 जुलाई 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है और कल तक चुनाव प्रक्रिया की घोषणा भी की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव और ब्रिटेन के दौरे से वापस लौटने के बाद नए उपराष्ट्रपति नाम पर आधिकारिक मुहर लग जाएगी। जगदीप धनखड़ के अचानक रहस्यमय इस्तीफा देने से राजनीतिक सरगर्मी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चर्चा हुई जिन्होंने पिछली बार ही उपराष्ट्रपति पद के लिए मना



कर दिया था। जेपी नड्डा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और दो मंत्रालय को देख रहे हैं। उनकी संभावना भी कम लग रही है। प्रखर पत्रकार और निर्विवाद उपसभापति हरिवंश के अलावा नीतीश कुमार की भी चर्चा हुई पर उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हो सकते हैं जिनके चयन में भाजपा, आरएएस तक सहमत हैं। ये भारतीय जनता पार्टी के लिए दूसरे एपीजे अब्दुल कलाम हो सकते हैं। जातीय समीकरण से लेकर अन्य सवाल राजनीतिक पार्टियों की ओर से उठाए जाते हैं। ऐसे में अलीगढ़ विश्वविद्यालय के वाइस चासंलर और केंद्र में मंत्री और केरल और बिहार में राज्यपाल भी रहे संविधान की गहरी जानकारी है वो एक प्रोग्रेसिव और थिकिंग मुस्लिम चेहरा हैं। वो रूढिवाढ़ी और कट्टरपंथ के खिलाफ रहते हैं। भारतीय सोच और संस्कृति के बड़े पैरोकार और कुशल वक्ता रहे हैं। कांग्रेस के लिए एक अप्रिय प्रसंग शाहबानो केस में आरिफ मोहम्मद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। लेकिन, राजीव गांधी ने कानून लाकर फैसले को पलट दिया था। संसद में आरिफ मोहम्मद ने जमकर विरोध किया था और मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान को आगे किया था।

खान ने अपने विचारों को लोकसभा में खुलकर रखा था। आरिफ मोहम्मद ने मौलाना आजाद के विचारों से अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा था कि कुरान के अनुसार किसी भी हालत में तालकशुदा औरत की उचित व्यवस्था की ही जानी चाहिए। हम दबे हुए लोगों को ऊपर उठाकर ही कह सकेंगे कि हमने इस्लामिक सिद्धांतों का पालन किया है और उनके साथ न्याय किया है। वर्तमान में वक्फ का मसला चल रहा है। वो वक्फ में बदलाव के पक्ष में हैं। वक्फ के खिलाफ उन्होंने बड़े तार्किक बयान भी बीते दिनों दिए कि वक्फ में बदलाव की क्यों आवश्यकता है। मतलब आइडियोलॉजिकल रूप से तो मुफीद हैं ही वहीं राजनीतिक रूप से भी एकदम फिट बैठ रहे हैं। सेक्युलर पार्टियों को भी बड़ा झटका लग जाएगा। कलाम साहब जब चुनाव में आए बहुत सारे लोगों की राय बदल गई और उन्हें मजबूरन वोट करना पड़ा। इस नाम के आते ही ममता, कांग्रेस के अंदर भी और राजद के अंदर भी दो मत दिखेंगे। एक तरह का मैसेज भी चला जाएगा। सरकार की गरिमा भी बढ़ेगी। एंटी मुस्लिम छवि बानने की कोशिश को भी धक्का लगेगा। जिहाद, कट्टरपंथ के खिलाफ खुलकर बोलने वाले विद्नान और बहुत बड़े स्कॉलर का उपराष्ट्रपति बनना भाजपा के लिए सबसे बेहतर रहेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनके नाम पर मुहर लग गई है और बस पीएम मोदी के वापस लौटने पर इनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वैसे राजनीति और 20-20 क्रिकेट में पक्की भविष्यवाणी कोई भी नहीं कर सकता।

# सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ अगले हफ्ते करेगी सुनवाई

- झारखंड डीजीपी की नियुक्ति पर उठे सवाल

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड के मौजूदा डीजीपी अनुराग गुप्ता के पद पर बने रहने को असंवैधानिक बताने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के तीन न्यायाधीशों की पीठ अगले हफ्ते सुनवाई करेगी। यह मामला गुरुवार को चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने मेंशन किया। इस पर अदालत ने याचिका को अगले बुधवार या गुरुवार को मामले को तीन जजों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने अदालत में कहा कि डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेशों के खिलाफ है। उन्होंने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी राज्य में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर रोक है। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि कार्यवाहक डीजीपी की व्यवस्था कानून और न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है।अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अनुराग गुप्ता को पहले कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर उन्हें इस पद पर नियमित कर दिया गया। राज्य सरकार ने उनका वेतन भी रोक दिया था और फिर शुरू कर दिया। ऐसे में डीजीपी को लेकर राज्य में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि 6 सितंबर 2024 को तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड के मुख्य सचिव से इस मामले में जवाब मांगा था। याचिका में आईपीएस अनुराग गुप्ता की कार्यवाहक डीजीपी के रूप में नियुक्ति को प्रकाश सिंह केस के फैसले का उल्लंघन बताया गया था। याचिका में यह भी कहा गया था कि आईपीएस अनुराग गुप्ता की कार्यवाहक डीजीपी के रूप में नियुक्ति अवमानना की श्रेणी में आती है।

## हैदरनगर में पं. कुंडल तिवारी ने रुद्राभिषेक की महिमा पर किया विस्तृत व्याख्यान

**हैदरनगर।** श्रावण मास के अवसर पर रुद्राभिषेक को लेकर धार्मिक जागरूकता अभियान के तहत वयोवृद्ध विद्वान पं. कुंडल तिवारी ने रुद्राभिषेक की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक शिव की सबसे प्रिय आराधना है, जो सर्वदोष नाशक और मनोकामना पूर्ति का माध्यम है। उन्होंने बताया कि रुद्र और शिव एक ही तत्व के दो रूप हैं। रुद्राभिषेक की महत्ता वेदों – ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद – में भी वर्णित है। इस अनुष्ठान से साधक के पाप नष्ट होते हैं और शिवत्व की प्राप्ति होती है। उन्होंने पौराणिक कथा का भी उल्लेख किया, जिसमें भगवान रुद्र, ब्रह्मा और विष्णु के संघर्ष के बीच लिंगरूप में प्रकट होते हैं, और इस लिंग की पूजा से ही रुद्राभिषेक की परंपरा शुरू होती है।

### रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 8,190 छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री व डिप्लोमा

# राज्यपाल ने किया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का उद्घाटन, पूर्व मुख्यमंत्री ने छात्रावास भवन का किया लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय (आरसीयू) द्वारा आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में बुधवार को कुल 39 शैक्षणिक संस्थानों के 8,190 छात्र-छात्राओं को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किया गया। यह दीक्षांत समारोह विश्रामपुर स्थित विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावक, शिक्षक और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की उपस्थिति रही। राज्यपाल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने छात्रावास




भवन का लोकार्पण किया। दोनों अतिथियों ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. झा ने अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि आरसीयू शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस वर्ष कुल 8,190 विद्यार्थियों को सफलता पूर्वक डिग्री प्रदान की गई है, जो संस्था की गुणवत्ता को दर्शाती है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी नौशाद आलम, उपायुक्त समीरा एस., पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन, एसडीएम सुलोचना मीणा, एसडीपीओ आलोक टूटी, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के चांसलर दिनेश कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देवाशीष मंडल, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, शिवबंश मिश्रा, राजन पांडेय, इदरीश हवारी, भोला चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी एवं रवींद्र नाथ उपाध्याय सहित कई शिक्षाविद्, प्रशासनिक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। छात्रों और उनके अभिभावकों ने दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह पल उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में शामिल रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अनुशासित तरीके से किया गया, जिसमें छात्रों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मंच से सम्मानित किया गया।

## अस्पताल भवनों के अधूरे रंगरोगन की नहीं हुई जांच, गड़बड़ी पर उठे सवाल




● स्वास्थ्य उपकेंद्र सह आरोग्य मंदिर, हैदरनगर का बदरंग भवन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य भवनों के रंगरोगन में भारी अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकारी भवनों को ह्यहरे रंगह्न से रंगने के आदेश पर कार्य हुआ, लेकिन अधिकांश भवनों का केवल बाहरी हिस्सा रंगा गया – भीतरी हिस्से और ऊपरी मंजिल को छोड़ दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीएम) द्वारा कार्यों की मॉनिटरिंग में भी लापरवाही सामने आई है। मोकहर कला और बभंडी पंचायत के स्वास्थ्य केंद्रों में बिना समुचित भवनों के, रंगरोगन का कार्य दर्शा कर सरकारी राशि की निकासी कर ली गई है। मुखिया जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय और सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने इसे सार्वजनिक धन की बबार्दी बताते हुए प्रखंड दिशा समिति की बैठक में इसका मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि झंडोत्तोलन और जलपान मद में भी फर्जी तरीके से 20 हजार रुपये तक की निकासी की जाती रही है। उन्होंने मांग की है कि यदि शीघ्र जांच नहीं हुई तो यह मामला मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष लाया जाएगा।

## मोहम्मदगंजः परंपरागत खेती से गायब हो रहे हल-बैल, संकट में सांस्कृतिक पहचान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** गांवों में खेती-बाड़ी की पारंपरिक पहचान माने जाने वाले हल-बैल अब इतिहास बनने की कगार पर हैं। ट्रैक्टर आधारित खेती के चलते हलवाहों की संख्या बेहद सीमित हो गई है। किसान रामजन्म राम बताते हैं कि हल-बैल से खेत की जुताई अधिक गहराई से होती थी, जिससे उपज भी बेहतर होती थी। साथ ही हल और जुआठ का विवाह जैसे समारोह में सांस्कृतिक महत्व भी रहा है। खेती में श्रम अधिक, लाभ कम, बारिश में अस्थिरता और सिंचाई साधनों की कमी जैसे कारणों ने युवाओं को इस परंपरा से दूर कर दिया है। यदि हालात नहीं बदले तो निकट भविष्य में न सिर्फ खेती की यह पद्धति बल्कि उससे जुड़ी सांस्कृतिक परंपराएं भी विलुप्त हो जाएंगी।

## एलआईसी जपला में अभिकर्ता अनुज कुमार ने 200 नई पॉलिसियों से बनाया कीर्तिमान

**हुसैनाबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की जपला शाखा में अनुज कुमार यादव ने वर्ष 2024 में 200 से अधिक नई बीमा पॉलिसियों को बेचकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अनुज यादव की मेहनत और समर्पण ने उन्हें जपला शाखा में बीमा क्षेत्र का एक प्रमुख चेहरा बना दिया है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि एलआईसी की नई योजनाएं निवेशकों के लिए लाभदायक हैं – जिनमें कई स्कीमें 5 वर्षों में दोगुना रिटर्न दे रही हैं। अनुज यादव के मार्गदर्शक डीके सिंह ने उन्हें मेहनत और पारदर्शिता का प्रतीक बताया। इस उपलब्धि पर राम जीत यादव, धर्मेंद्र पाठक, अनिता देवी, राजेंद्र चौधरी, एसके सिंह, संजय कुमार सिंह समेत कई लोगों ने अनुज को बधाई दी।

# पांकी के माड़न में जलाशय में डूबने से मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

### 6 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत, जिला परिषद सदस्य ने कराया पोस्टमार्टम



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड अंतर्गत माड़न पंचायत के केरकी गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में वीरेंद्र उरांव का छह वर्षीय बेटा जलाशय में डूब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्चा घर के पास ही जलाशय के किनारे खेल रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर फिसल गया और जलाशय के गहरे पानी में चला गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता वीरेंद्र उरांव समेत पूरा परिवार सदमे में है। बच्चे की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने पांकी थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस देर शाम घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी और मुखिया प्रतिनिधि रफीक अंसारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। गुरुवार को जिला परिषद सदस्य स्वयं बच्चे के शव के साथ मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच पहुंचीं और अपनी उपस्थिति में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवाई।

### हैदरनगरः नहर में डूबी महिला का दूसरे दिन भी नहीं चला सुराग

**नशेड़ी बेटे के पीछे दौड़ते हुए महिला के गिरने की आशंका, तलाश जारी**

**हैदरनगर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के भाई बिगहा निवासी भोला पासवान की 50 वर्षीय पत्नी बिंदा देवी बुधवार की रात उत्तर कोयल मुख्य नहर में डूब गई। गुरुवार की शाम तक काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला पैर धोने के लिए नहर में उतरी थी, तभी फिसलकर डूब गई। हालांकि दूसरी जानकारी यह भी है कि उनका नशेड़ी पुत्र बुधवार की रात घर से पैसे लेकर भाग रहा था, जिसे रोकने के लिए मां पीछे दौड़ी। इसी दौरान संतोषडीह गांव के समीप पुल पर संतुलन बिगड़ने से वे नहर में जा गिरीं। सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने मोहम्मदगंज बराज नियंत्रण कक्ष को सूचना दी। नहर के गेट बंद कर जलस्तर घटाया गया और तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय लोग व पुलिस संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन में लगे हैं।

## भीमचुल्हा में गंगा तिवारी व सत्येंद्र चंद्रवंशी दे रहे निःशुल्क सेवाएं



धार्मिक व पर्यटन स्थल को स्वच्छ रखने में निभा रहे अहम भूमिका, फिर भी नहीं मिला पारिश्रमिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** भीमचुल्हा पर्यटन स्थल पर पुजारी गंगा तिवारी और सहयोगी सेवक सत्येंद्र चंद्रवंशी वर्षों से अवैतनिक सेवा दे रहे हैं। उन्होंने न सिर्फ पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी निभाई है, बल्कि पूरे परिसर की सफाई और पर्यटकों का मार्गदर्शन भी किया है। स्थानीय लोग मानते हैं कि इस स्थल को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में दोनों का योगदान सराहनीय है। इसके बावजूद पर्यटन परिषद या प्रशासन की ओर से इनके लिए कोई वेतन या प्रोत्साहन तय नहीं किया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पर्यटन विभाग से आग्रह किया है कि इन्हें उचित मानदेय देकर सम्मानित सेवा का प्रतिफल दिया जाए, ताकि वे अपनी जिम्मेदारी निर्विघ्न रूप से निभा सकें।

# पांकी में मनरेगा जनसुनवाईः गड़बड़ियों पर लगी लगाम, कई योजनाओं पर जुर्माना

### जनसुनवाई में उजागर हुई योजनागत अनियमितताएं, ग्राम रोजगार सेवकों को 15 दिन में सुधार के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को मनरेगा योजना को लेकर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रखंड के सभी 25 पंचायतों की योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की शपथ के साथ हुई। कार्यक्रम में मनरेगा लोकपाल शंकर प्रसाद गुप्ता, राज्य समन्वयक सुधीर सिंह, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, निधि सिंह, ऑडिट टीम, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और संबंधित



लाभुकों की भागीदारी रही। सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा जनसुनवाई के दौरान कई योजनाओं में गड़बड़ियां उजागर की गईं। इनमें योजना स्थल पर सूचना पट्ट न होना, आम बागवानी योजना में पौधों का धरातल से गायब होना, पूर्ण योजनाओं में प्रमाणपत्र की अनुपस्थिति, नियमविरुद्ध कार्य और कई योजनाओं का जमीन पर अस्तित्व न होना शामिल था। इन मामलों पर ज्यूरी टीम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मियों पर जुमार्ना लगाया और योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से आम बागवानी योजना की अनियमितता पर सभी ग्राम रोजगार सेवकों को 15 दिन के भीतर नए पौधे लगाने के सख्त निर्देश दिए गए। ज्यूरी सदस्यों ने स्पष्ट किया कि मनरेगा जैसी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई तय है।

## योगिया पोखरी में तीन सांपों की अटखेलियां बनी कौतूहल का केंद्र

▶ प्राकृतिक संतुलन और सावन की विशेषता का अनूठा दृश्य, ग्रामीणों में रोमांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के योगिया पोखरी में गुरुवार को तीन धामिन सांपों को एक साथ अटखेलियां करते देख ग्रामीण रोमांचित हो उठे। यह दृश्य आधे घंटे तक चला और काफी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक, ये सांप विषहीन होते हैं और खेतों को चूहों से बचाते हैं। इस दृश्य ने लोगों को न सिर्फ सांपों के प्रति नया नजरिया दिया बल्कि प्रकृति के संतुलन और सौंदर्य का भी अहसास कराया। यह दृश्य अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे



सावन की विशेष छटा मान रहे हैं।

## मोहम्मदगंज में गरीब रथ के ठहराव पर निर्णय की प्रतीक्षा, सांसद के सुझाव पर रेलवे की प्रतिक्रिया

**मोहम्मदगंज।** धनबाद रेल मंडल द्वारा सांसद विष्णुदयाल राम के सुझाव पर गरीब रथ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12877/78) के मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग को रेलवे मुख्यालय को अग्रसारित कर दिया गया है। रेल उपयोगकर्ता संघ के मीडिया प्रभारी अंकू सिंह राणा ने जानकारी दी कि रेल प्रशासन ने सांसद के सुझाव पर दो बार – 13 दिसंबर 2023 और 4 अगस्त 2024 को – प्रस्ताव भेजा है। अब निर्णय मुख्यालय स्तर पर संभावित है। रेल उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि गरीब रथ का ठहराव मोहम्मदगंज में होता है, तो पलामू, गढ़वा, रोहतास और कैमूर जिले के हजारों यात्रियों को दिल्ली, प्रयागराज, कानपुर जैसे महानगरों तक सीधी और सस्ती रेल सेवा मिलेगी। खासकर एम्स जैसे अस्पतालों तक गरीबों के लिए चिकित्सा सुलभ हो सकेगी।



**प्रशिक्षण**

### बेदौलिया स्कूल में अग्निशमन विभाग ने बच्चों को दिया अग्निसुरक्षा का प्रशिक्षण

# अग्निशमन यंत्रों व घरेलू उपायों से आग बुझाने की जानकारी दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित बेदौलिया विद्यालय में गुरुवार को अग्निशमन विभाग द्वारा स्कूल के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, रसोइयों एवं ग्रामीणों के लिए अग्निसुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व अग्निशमन पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित जनों को बताया कि आग चार प्रकार की होती है, और प्रत्येक प्रकार की आग को बुझाने के अलग-अलग उपाय होते हैं। प्रशिक्षण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस, अग्निशमन यंत्रों एवं घरेलू



उपायों से आग बुझाने की जानकारी दी गई। बच्चों ने प्रैक्टिकल सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और जीवन में इसे अपनाने का संकल्प लिया। अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि आए दिन घर, बाजार, स्कूलों में आग लगने की घटनाएं होती हैं। ऐसे में समय पर सजगता और प्रशिक्षण ही जीवनरक्षक साबित होता है। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक जयप्रकाश शर्मा, सहायक शिक्षक रामनाथ राम, रसोइया वैजयंती देवी, सुनीता देवी, बाल संसद और इको क्लब के सदस्य, तथा सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

## हुसैनाबादः सीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड सभागार में अंचलाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक हुई, जिसमें प्रमाणपत्र निर्माण की प्रक्रिया में सुधार व पारदर्शिता लाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी संचालक प्रमाणपत्रों के लिए स्पष्ट चेकलिस्ट प्रदर्शित करें। आवेदनों की प्रविष्टि में नाम, पिता का नाम, जाति आदि की वर्तनी पर विशेष ध्यान दें। सीओ ने एक रजिस्ट्रेशन पर कई केंद्र चलाने की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने तय शुल्क से अधिक




वसूली की शिकायत मिलने पर भी कड़ा रुख अपनाने की बात कही।

### राज्यपाल संतोष गंगवार विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# छात्रों को डिग्रियां बांटी, युवाओं को प्रेरक नागरिक बनने का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर में गुरुवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरूआत हुई, जिसमें विश्वविद्यालय अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति ईश्वर सागर चंद्रवंशी, डीआईजी नौशाद आलम समेत कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान कीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह वीरभूमि न केवल सांस्कृतिक और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं, जैसे नीलांबर-पीतांबर की क्रांतिकारी चेतना के लिए भी जानी जाती है। उन्होंने कहा कि डिग्री सिर्फ शिक्षा का प्रमाण नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। राज्यपाल ने छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे सिर्फ नौकरी ढूंढने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजक, अन्वेषक और सेवा-प्रेरित नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सेवा-भावना और राष्ट्रप्रेम के साथ समाज को दिशा देना है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को प्राथमिकता देने का सुझाव देते हुए कहा कि झारखंड को शिक्षा का हब बनाने के लिए सभी संस्थानों को मिलकर काम करना होगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा बीएड, इंजीनियरिंग, फामेर्सी, नर्सिंग और अब मेडिकल कॉलेज शुरू किए जाने की सराहना की और आशा जताई कि यह संस्थान आने वाले समय में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएगा।



**सामाजिक उत्तरदायित्व पर दिया जोर :** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि समाज की आत्मा बनना चाहिए। उन्होंने गांवों को गोद लेकर समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षा और नवाचार को माध्यम बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को मिल रहे अवसरों की चर्चा करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास केवल नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना है। युवाओं को आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में अग्रसर होना होगा।

**डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित हुए रघुवर दास :** समारोह में ओडिशा के पूर्व राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों प्रदान की गई। भाव-विह्वल रघुवर दास ने इस सम्मान को सुखद और आत्मिक संतोष का क्षण बताया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना सबसे पुण्य कार्य है। उन्होंने अपने कार्यकाल में झारखंड में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय और एम्स की स्थापना राज्य की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने युवाओं को नशा और सोशल मीडिया के व्यसन से दूर रहकर माता-पिता के सम्मान और समाज के विकास के लिए कार्य करने की सलाह दी।

### कभी नक्सली क्षेत्र, अब शिक्षा का केंद्र : रामचंद्र चंद्रवंशी

विश्वविद्यालय अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी ने भावुक होकर कहा कि उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, पर उनकी माता ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्हीं की प्रेरणा से वे इस क्षेत्र को शैक्षणिक हब के रूप में विकसित करने के प्रयास में लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह वही क्षेत्र है जो कभी नक्सलियों की शरण स्थली था, लेकिन अब यहां से छात्र-छात्राएं विदेशों तक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

**सुरक्षा रही चाक-चौबंद :** कार्यक्रम के दौरान पलामू डीसी समीरा रेड्डी, डीआईजी नौशाद आलम, एसपी रिश्मा रमेशन, एसडीओ सुलोचना मीणा, एसडीपीओ आलोक टूटी समेत तमाम पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सड़क किनारे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

### रघुवर दास को डॉक्टरेट उपाधि

रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा ओडिशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानक उपाधि से नवाजा गया। राज्यपाल के हाथों मिली इस उपाधि से भाव-विह्वल रघुवर दास ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# सुरभि नगर में नारकीय हालात नगर निगम पर फूटा लोगों का गुस्सा

- एक फीट तक भरा है पानी, सफाई और निकासी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 8 स्थित सुरभि नगर की स्थिति इतनी बदहाल हो चुकी है कि लोगों का अपने ही घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर एक फीट तक बारिश का पानी जमा है और नगर निगम की ओर से न तो सफाई की कोई व्यवस्था है, न ही जलनिकासी की। हालांकि नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त का दावा है कि शहर के 15 स्थानों से जल निकासी पर 75,000 खर्च किए जा चुके हैं और अब "स्थिति सामान्य" है। लेकिन सुरभि नगर के स्थानीय निवासियों ने इस बयान को भ्रामक और जनता को गुमराह करने वाला करार दिया है।

मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने कहा कि नगर निगम सिर्फ कागज़ों और बयानों में काम करता है, ज़मीन पर हालात बद से बदतर हैं। न तो सड़कों पर झाड़ू लगाई जाती है, न नालियों की सफाई होती है, और बारिश के पानी की निकासी की तो कोई योजना ही नहीं है। हर बारिश के बाद मोहल्ले में कीचड़, दुर्गंध और गंदगी का अंबार लग जाता है।



क्षेत्रवासियों ने तल्ख़ लहजे में कहा कि नगर निगम नागरिकों के मूलभूत अधिकारों से भी उन्हें वंचित कर रहा है और पूरी तरह विफल संस्था बन चुका है। लोगों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर निगम केवल बयानबाज़ी में माहिर है, काम के नाम पर शून्य है।

मोहल्लेवासियों ने पलामू के उपायुक्त समीर एस से गुहार लगाई है कि वे स्वयं क्षेत्र का निरीक्षण करें और देख सकें कि सैकड़ों परिवार किस नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं। लोगों ने कहा कि अगर उपायुक्त एक बार यहां का दौरा करें तो शायद हमारी पीड़ा से सीधे रूबरू हो सकें और जिला प्रशासन के स्तर से राहत मिल सके।

लोगों का कहना है कि जब तक उच्च प्रशासनिक स्तर से हस्तक्षेप नहीं होगा, तब तक नगर निगम केवल खानापूर्ति करता रहेगा और आम जनता यूं ही गंदगी और दुर्दशा में जीवन बिताने को विवश रहेगी।

## जलजमाव से बेहाल मेदिनीनगर हजारों खर्च के बाद भी नहीं मिली राहत

- सड़कें बनीं हादसों का कारण, निगम के दावों की खुली पोल, ट्रक धंसा— यातायात बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जल निकासी और सड़क सुधार के दावों के बावजूद मेदिनीनगर की सड़कों पर जलजमाव और गड्ढों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इनमें सुरभि नगर,जीएलए कॉलेज गेट, चैनपुर थाना के सामने, भगवती हॉस्पिटल के पीछे और सब्जी मंडी के समीप हालत गंभीर है। इन इलाकों में जलजमाव और गड्ढों के कारण रोजाना छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। गुरुवार को चैनपुर थाना गेट के सामने एक मालवाहक ट्रक गड्ढे में धंस गया, जिससे यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने नगर निगम को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत दी, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। जीएलए कॉलेज के पास सब्जी बाजार के सामने गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को खतरा बना रहता है। रांची रोड पर भगवती हॉस्पिटल के पीछे मोहल्ले में नालियों का निर्माण सड़क से ऊंचा होने के कारण पानी निकल ही नहीं पाता, जिससे सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। बहरहाल, नगर निगम के जल निकासी अभियान और मरम्मत कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। जनता ने स्थायी और ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि शहर को इस बदहाली से मुक्ति मिल सके।





## मेदिनीनगर में वाहनों की जांच, 10 गाड़ियां जब्त




- बिना हेलमेट, लाइसेंस व ट्रिपल लोडिंग पर हुई कार्रवाई, ₹12,300 जुर्माना वसूला गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय छहमुहान चौक पर बुधवार को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर चारपहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में कई दोपहिया चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस व ट्रिपल लोडिंग करते पकड़े गए। जांच के दौरान कुल 08 दोपहिया वाहन एवं 02 टेंपो सवारी गाड़ियां जप्त की गईं। सभी वाहनों को सुरक्षा के मद्देनजर शहर थाना परिसर में रखा गया और आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजा गया। 24 जुलाई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू द्वारा भेजे गए चालान विवरण के अनुसार 06 दोपहिया मोटरसाइकिलों पर कुल 11,150 तथा एक पिकअप सवारी वाहन पर 1,150 का जुर्माना निर्धारित किया गया। कुल मिलाकर 12,300 की चालान राशि की सूचना प्राप्त हुई है।

## महिला से गहना लूटपाट का मामला अब भी अनसुलझा, परिवार सदमे में

**मेदिनीनगर।** शहर के भीड़भाड़ वाले पुलिस लाइन क्षेत्र में तीन दिन पूर्व बुजुर्ग महिला से तीन लाख के गहनों की लूट का मामला अभी तक अनसुलझा है। लूट को अंजाम देने वाले अपराधियों का न तो पता चल सका है और न ही कोई गिरफ्तारी हो पाई है, जिससे पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है।

**क्या है मामला:** सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे, महिला शिव मंदिर से पूजा कर लौट रही थीं, तभी मेजर मोड़ के पास चार अज्ञात युवकों ने उन्हें रास्ता पूछने के बहाने रोका और चेहरे पर केमिकल छिड़क कर बेहोश कर दिया। इसके बाद उनके गहने लूट लिए और अपराधी फरार हो गए।

**परिजन का आरोप:** महिला के बेटे अरविंद तिवारी ने कहा कि यह घटना मेजर आवास के पास हुई, जहां से पुलिस लाइन और थाना कुछ ही दूरी पर है, इसके बावजूद कोई पुलिसकर्मी घटनास्थल तक नहीं पहुंचा।

**पुलिस की कार्रवाई:** शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने कहा कि लुटेरों की पहचान के लिए पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। सूचना देने वालों को 25,000 का इनाम भी घोषित किया गया है। पुलिस छानबीन में लगी है और शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

## सदर अस्पताल के सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक राघव शुक्ला का निधन

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल, डाल्टनगंज के पूर्व प्रधान लिपिक राघव शुक्ला का गुरुवार को उनके निवास स्थान बारालोटा, पांकी रोड स्थित भवानी नगर में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और पिछले एक महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। तेज बुखार की शिकायत के बाद उन्हें हाल ही में नारायणा अस्पताल, मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें घर ले जाने की सलाह दी थी। स्वर्गीय राघव शुक्ला ने अपने सेवा काल में गरीब और जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे कई वर्षों तक रांची स्थित रिम्स (राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान) में भी प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत रहे। उनके परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके बड़े पुत्र वरिष्ठ पत्रकार अवधेश शुक्ला हैं, जबकि छोटे पुत्र पंकज शुक्ला बीआरपी-सीआरपी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

राघव शुक्ला के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह पंपु कल स्थित कोयल नदी के तट पर किया जाएगा।

## चलानी किला से 300 वर्ष पुराना शिवलिंग चोरी श्रद्धालु आहत, मोर्चा ने की कार्रवाई की मांग

- संरक्षित स्थल में धार्मिक विरासत पर संकट, अवैध क जे का भी आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक चलानी किला परिसर से एक अनुमानित 300 वर्ष पुराना शिवलिंग रहस्यमय तरीके से चोरी हो गया है। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और आस्था को ठेस पहुंची है। मामले को लेकर झारखंड आंदोलकारी संघर्ष मोर्चा ने चैनपुर थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोर्चा के सक्रिय सदस्य शंखनाथ सिंह चेरो ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा हाल में चलानी किला में लाईट व्यवस्था की गई थी। इस क्रम में एक सप्ताह पूर्व सफाई के दौरान झाड़ियों के बीच एक चबूतरा मिला, जिस पर एक प्राचीन शिवलिंग स्थापित था। इसे राजा मेदनी राय के अनुज राजा चुड़ामन राय द्वारा निर्मित मंदिर का अवशेष माना जा रहा था।

21 जुलाई को श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर पूजा-अर्चना शुरू की थी। लेकिन 23 जुलाई को कुछ लोगों द्वारा सफाई कार्य रोकने का प्रयास किया गया। 24 जुलाई की सुबह जब शंखनाथ सिंह जल और बेलपत्र चढ़ाने पहुंचे, तो देखा कि शिवलिंग गायब है।



**शिवलिंग चोरी में स्थानीय लोगों पर संदेह**

शंखनाथ सिंह ने आरोप लगाया है कि इस कृत्य के पीछे किला परिसर की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से सक्रिय कुछ स्थानीय लोग – विशेष रूप से गायत्री देवी एवं अन्य – हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किला परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार शराब और गांजा सेवन जैसे कृत्य किए जा रहे हैं, जिससे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल की गरिमा को ठेस पहुंच रही है।

**एफआईआर दर्ज करने की मांग**

मोर्चा ने थाना को आवेदन सौंपकर पुरातात्विक महत्व की इस धार्मिक प्रतिमा की चोरी की निष्पक्ष जांच और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही चलानी किला परिसर को संरक्षित घोषित करते हुए वहां नियमित पुलिस गश्ती और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई है।

**मोर्चा के साथियों में रोष**

घटना के बाद मोर्चा से दीपक कुमार, शैलेन्द्र परीजा, रजिन कुमार प्रजापति, सतीश कुमार समेत कई सदस्य थाना पहुंचे और मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपील की। श्रद्धालुओं ने इसे आस्था पर हमला बताया और मांग की कि इस तरह की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### सिविल सर्जन सभागार में एमडीए कैंपेन का प्रशिक्षण शुरू

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण, 10 अगस्त से चलेगा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को सिविल सर्जन सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एमडीए कैंपेन का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 24 और 25 जुलाई को चलेगा, जिसमें जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण का उद्देश्य 10 अगस्त से शुरू होने वाले 15 दिवसीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाना है। अभियान के तहत माइक्रो प्लान के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में एल्बेंडाजोल और इवरमेक्टिन दवाओं की खुराक लोगों को दी जाएगी, जिससे फाइलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम की जा सके।




कार्यक्रम में बताया गया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे नियमित दवा सेवन और जन-जागरूकता के माध्यम से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए आमजन, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों से सहयोग की अपील की गई। स्वास्थ्य विभाग ने प्रशिक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि वे अभियान के दौरान लोगों को दवा का महत्व समझाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रह जाए।

## लिलिपुट प्ले स्कूल के सावन महोत्सव में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

- बच्चों ने झूले, नाटक और नृत्य से मनाया हरियाली का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट अ प्ले स्कूल में बुधवार को सावन महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को हरे रंग की सजावट से सजाया गया, और सभी नन्हें बच्चे पारंपरिक ग्रीन ड्रेस में पहुंचे। महोत्सव की खास बात यह रही कि बच्चों के लिए विशेष झूले की व्यवस्था की गई थी, जिस पर झूलकर और फोटोशूट करवा कर बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए शिक्षिकाओं द्वारा एक शिक्षाप्रद नाटक का मंचन किया गया, जिसका शीर्षक था "सावन में शिवजी को जल क्यों अर्पित करते हैं"। इस नाटक में निधि और सपना ने भगवान की भूमिका निभाई, आँचल शिव के रूप में, मुस्कान पार्वती, तनु और ईशा ने दानव की भूमिका निभाई, जबकि लक्ष्मी और नैंसी ने कांवड़ियों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सावन माह की जानकारी देती एक फिल्म भी दिखाई गई। इसके अलावा पारंपरिक खेलों में भाग लेकर बच्चों ने मनोरंजन किया और "भांगड़ भोला" गीत पर थिरकते हुए सावन का आनंद लिया। इस दौरान स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों को सावन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। वहीं, स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने सभी अभिभावकों को पावन सावन माह की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की सफलता में मन्नत सिंह बग्गा, अश्विनी कुमार, श्याम तिवारी और फलक आफरीन की विशेष भूमिका रही। मौके पर नगमा, वंदना, तृप्ति, राजनंदिनी, नमिता, आयुषी, नेहा, वंशिका, अरीबा, जानवी, पलक, करनाली, कृति और दीक्षा सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# मुख्य समारोह गोविंद इंटर कॉलेज मैदान में, परेड सांस्कृतिक कार्यक्रम व फुटबॉल मैच की रूपरेखा तय




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल के रूप में गोविंद इंटर कॉलेज मैदान (टाउन हॉल) का चयन किया गया। समारोह के दिन 15 अगस्त को सुबह 9:01 बजे मुख्य झंडोत्तोलन होगा, वहीं उपायुक्त आवास पर 8:15, समाहरणालय में 10:20, अनुमंडल कार्यालय में 10:50 और पुलिस लाइन में 11:15 बजे झंडोत्तोलन निर्धारित किया गया है। बैठक में झंडोत्तोलन, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा, अग्निशमन, ध्वनि व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, आमंत्रण पत्र वितरण, प्रभात फेरी, परेड पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता सेनानी व शहीद परिजनों का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैंसी फुटबॉल मैच सहित संपूर्ण तैयारियों की रूपरेखा तय की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम 14 अगस्त की संध्या 4 बजे टाउन हॉल में और 15 अगस्त की अपराह्न 4 बजे फैंसी फुटबॉल मैच नव निर्मित स्टेडियम में आयोजित होगा। उपायुक्त ने नगर परिषद को साफ-सफाई तथा विद्युत प्रमंडल को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ट्रैफिक व नो एंट्री को लेकर यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रभात फेरी व परेड में किसी प्रकार की आवागमन बाधा न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सीआरपीएफ कमांडेंट, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज

**17 जुलाई से लापता है मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक**

**धुरकी।** गनियारी कला गांव निवासी मुस्तकीम अंसारी ने अपने 29 वर्षीय पुत्र मकसूद आलम की गुमशुदगी का मामला धुरकी थाना में दर्ज कराया है। पिता के अनुसार, मकसूद 17 जुलाई को शाम 4 बजे बाल कटवाने के लिए घर से निकला था और अब तक वापस नहीं लौटा। मकसूद ब्लू रंग की जींस पहने हुए था। परिजनों ने अपने स्तर पर सभी संभावित जगहों, रिश्तेदारों और गांवों में खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बताया गया कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

**मारुति नंदन सोनी ने उठाई मूलभूत सुविधाओं की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु युवा समाजसेवी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी ने उपायुक्त दिनेश कुमार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने नगर क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं–कचरा डंपिंग यार्ड की व्यवस्था, नियमित कचरा उठाव, नालियों की मरम्मत व सड़क निर्माण आदि–की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने मईया सम्मान योजना से वंचित महिलाओं को लाभ दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तों का भुगतान और नए लाभुकों को जोड़ने की भी मांग की। खजूरी जलाशय योजना को चालू करने, कोयल नदी तटबंध निर्माण, स्वच्छ पेयजल हेतु चापाकल व जलमीनार लगाने, ₹हर घर नल जल₹ योजना को धरातल पर उतारने और शहरी क्षेत्र में अलग विद्युत फीडर की व्यवस्था की आवश्यकता भी रेखांकित की गई। इस अवसर पर मारुति नंदन सोनी ने उपायुक्त को मां गढ़देवी की तस्वीर और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया।

# सरकारी सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

### सीओ ने चंदना गांव में दबंगों को जारी किया नोटिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** तेलिया टोला, चंदना गांव में सरकारी पीसीसी सड़क को अतिक्रमण कर बंद करने वाले दबंगों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने अतिक्रमणकताओं के मकानों पर नोटिस चिपकाया। स्थानीय ग्रामीणों–भरोसी, ब्रह्मदेव, सुदामा चंद्रवंशी आदि–ने बताया कि वर्ष 2018 में बनी सड़क को जबरन बांस-बल्ला लगाकर बंद कर दिया गया था। दबंगों द्वारा धमकी देने और लाठी-डंडा लेकर डराने की भी शिकायत की गई। सीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सुनील तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री ददई दुबे के श्राद्धकर्म में उमड़े जनसैलाब



**पूर्व राज्यपाल रघुवर दास सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** पूर्व मंत्री एवं सांसद, मजदूरों के मसीहा दिवंगत चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे के श्राद्धकर्म में गुरुवार को उनके पैतृक गांव चोका में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, प्रदीप बालमुचु, अरविंद तूफानी सहित कई नेता व समाजसेवी मौजूद रहे। बुधवार को भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, झारखंड प्रभारी बिला प्रसाद, विधायक अनूप कुमार सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने ददई दुबे को एक ईमानदार, संघर्षशील और मजदूरों के लिए समर्पित नेता बताया। उनका निधन 10 जुलाई 2025 को हुआ था।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स से संवाद: व्यापारियों को निर्भीक व्यापार का आश्वासन

### जाम की समस्या के निराकरण को लेकर भी दिया गया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को नगर उंटारी थाना परिसर में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की श्री बंशीधर नगर इकाई के साथ सुरक्षा संवाद बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन पूर्णतः सजग है, वे निडर होकर व्यवसाय करें। यदि किसी प्रकार की अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना हो, तो तत्काल थाना को सूचित करें। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहारों और विशेष अवसरों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। व्यापारियों ने बैठक में बाजार में लगने वाले जाम की समस्या उठाई। थाना प्रभारी ने एक सप्ताह के भीतर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आमजन से गाड़ियाँ निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ी करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। बैठक से पूर्व चैंबर पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी का बुके देकर स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, राहुल जायसवाल उर्फ मिक्की, तस्लीम खान, आनंद जायसवाल सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण

### एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन परिसर में लगाए गए 210 पौधे



**मेराल।** झारखंड सरकार की पर्यावरण संरक्षण योजना ह्लएक पेड़ मां के नामह्व के तहत एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन स्कूल में बच्चों ने 210 पौधे लगाए। प्रत्येक शिक्षक द्वारा कम-से-कम 25 बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना ही आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने पेड़ों के अंधाधुंध कटाव और दातुन के नाम पर शाखाओं के दोहन पर चिंता जताते हुए जागरूकता का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षकों में करण कुमार कौशल, राहुल कुमार, रामाशीष राम, दुर्गेश राम, संजय गुप्ता सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# चिनियां में बीडीओ का औचक निरीक्षण, बारिश में उजड़े घरों का लिया जायजा, पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा व आवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां (गढ़वा)।** चिनियां प्रखंड में गुरुवार को उस वक्त हलचल मच गई जब प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार ने अचानक बीलैती खैर पंचायत के गांवों का दौरा किया। दोपहर 1 बजे पहुंचे बीडीओ ने लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त घरों का जायजा लिया और स्वयं पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बारिश से गिरे खपरैल मकानों की स्थिति को गंभीरता से देखा और कहा कि सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी मुआवजा और आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग अब भी आवास विहीन हैं, उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शीघ्र जोड़ा जाएगा। बीडीओ ने पंचायत में चल रही आम बगवानी योजना की भी स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यदि किसी सरकारी या निजी योजना को बारिश से नुकसान पहुंचा है, तो उसका तुरंत आकलन कर मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। किसी भी जरूरतमंद को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इस दौरान रोजगार सेवक कृष्ण शर्मा सहित अन्य स्थानीय कर्मचारी और ग्रामीण भी उपस्थित थे। बीडीओ का यह दौरा ग्रामीणों में सकारात्मक उम्मीद और राहत लेकर आया।

## मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग



**केतार।** जिला परिषद की बैठक में जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार और राजकीय मध्य विद्यालय पाचाडुमर को उच्च विद्यालय में स्तरोन्नत करने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने बताया कि दोनों विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में लगभग 5-5 अन्य विद्यालय हैं, जिनमें 200-200 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। उच्च विद्यालय की दूरी 17 किलोमीटर होने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाई होती है। उन्होंने उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा से जल्द कार्रवाई का आग्रह किया, जिस पर उन्हें सकारात्मक आश्वासन मिला।

# अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर भाजपा का विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने राज्य सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के फैसले पर तीखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने इसे झारखंड के सम्मान और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने झारखंड के गठन और विकास में अहम भूमिका निभाई थी। उनका नाम हटाकर मदर टेरेसा के नाम पर क्लीनिक का नामकरण करना राजनीति से प्रेरित निर्णय है। चौबे ने यह भी कहा कि झारखंड को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के बजाय नाम बदलना प्राथमिकता बन गया है। मौके पर संजय जायसवाल, नवीन जायसवाल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कावड़ यात्रा**

## खूरी से बाबा नगरी के लिए रवाना हुई कांवरियों की टोली

# हर–हर महादेव से गूंजायमान रहा वातावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां (गढ़वा)।** सावन मास की पवित्र बेला में श्रद्धा का ज्वार एक बार फिर उमड़ पड़ा। गुरुवार दोपहर खूरी गांव से कांवरियों की टोली बाबा बैद्यनाथधाम, देवघर के लिए रवाना हुई। यात्रा से पहले सभी श्रद्धालु हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि उदय कुमार भूईयां ने सभी कांवरियों को अंगवस्त्र पहनाकर भव्य रूप से विदा किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल भक्ति का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। कांवरियों की सेवा करना हम सभी का सौभाग्य है। जैसे ही टोली रवाना हुई, पूरा गांव 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के नारों से गूंज उठा। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने कांवरियों को फल-फूल, जलपान देकर विदा किया। टोली पहले सुल्तानगंज पहुंचेगी, जहां से गंगाजल लेकर वे पैदल बाबा धाम पहुंचेंगे और जलाभिषेक करेंगे। गांव का माहौल पूरी तरह से भक्ति, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कांवरियों की टोली ने ग्रामीणों का आभार जताया और सफल यात्रा की कामना की।

## बोल बम के जयघोष के साथ रवाना हुए कांवरिए



**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत सेमौरा गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर से गुरुवार को कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्था ने मंदिर में माथा टेककर एक स्वर में 'बोल बम', 'बाबा एक सहारा है' के जयघोष के साथ बाबा नगरी की ओर प्रस्थान किया। मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने सभी कांवरियों को भगवा गमछा और अंगवस्त्र भेंटकर बिदाई दी। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें अपने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को विदा करने का अवसर मिला। उन्होंने सभी कांवरियों की मंगलमय यात्रा और मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। मुखिया ने यह भी कहा कि आज के युवा सनातन संस्कृति को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं, जो गर्व की बात है। ग्रामीणों ने भी कांवरियों को शुभकामनाएं दीं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी उम्र–30 वर्ष)



रमना थाना सनहा संख्या–13/25 दिनांक–14.07.2025 में गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी, उम्र–30 वर्ष, पिता–स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद, ग्राम+थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। उक्त गुमशुदा लड़की की माँ एवं आवेदक चानो देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनकी लड़की खुशबु कुमारी दिनांक–13.07.2025 की सुबह समय करीब 08:00 बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई है, और अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त गुमशुदा लड़की का मानसिक स्थिति ठिक नहीं है। उक्त गुमशुदा लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 358163 (Police)25-26*D

## चंदवा में श्रावणी मेला का आज उद्घाटन, तैयारियां पूरी

**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड के अलौदीया स्थित शुक्रबाजार में श्रावणी मेला का उद्घाटन शुक्रवार सुबह 11 बजे होगा। मेले का आयोजन लातेहार जिला प्रशासन की अनुमति और दिशा-निर्देशों के तहत एक माह के लिए किया जा रहा है। इस मेले के सफल संचालन की जिम्मेदारी जय मां काली इंटरप्राइजेज को दी गई है, जिसकी देखरेख सोनू कुमार कर रहे हैं। मेला परिसर में बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, ब्रेक डांस, टोरा टोरा, नाव झूला, ड्रैगन झूला, जादू घर, मीना बाजार सहित कई मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई है। मेला उद्घाटन समारोह में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी गण की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं कोविड-19 से संबंधित सावधानियों को ध्यान में रखते हुए तैयारी की गई है।

# डीही के नदी टोला हॉस्पिटल में सीएसआर के तहत हुआ कार्यक्रम, स्वास्थ्य-शिक्षा को मिली सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** डीही पंचायत के नदी टोला स्थित अस्पताल में दामोदर घाटी निगम की तुवेद कोल माइंस द्वारा सीएसआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अस्पताल में दो कूलर, एक इनवर्टर, बैटरियां, दवा अलमारी और मरीजों के लिए बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

अस्पताल की डॉक्टर रूबी कुमारी ने बताया कि यहां बोरिंग की सुविधा नहीं होने से नदी से पानी लाना पड़ता है, जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। इस पर अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर बोरिंग की व्यवस्था का आश्वासन दिया।



**शिक्षा को भी मिली प्राथमिकता :** आरएनआर के अधिकारी इस्तेखार खान ने बताया कि कोल ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में खेल सामग्री और शैक्षणिक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।

बलराम पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कोयला खनन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय समावेशी विकास है। स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष फोकस जारी रहेगा।

## एक सप्ताह से अंधेरे में डूबा उदयपुरा गांव ग्रामीण बेहाल

**लातेहार (सदर प्रखंड)।** सदर प्रखंड से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित उदयपुरा गांव में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप है। आदिवासी बहुल इस गांव में लगभग 50 घरों की आबादी गर्मी और अंधेरे में जीवन यापन को मजबूर है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हालिया बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सूचना विभाग को उसी दिन दे दी गई थी, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। अजित भगत ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित है, वहीं दीपक उरांव ने इसे आदिवासी क्षेत्र की उपेक्षा बताया। विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने कहा कि ट्रांसफार्मर फिलहाल डाल्टनगंज में उपलब्ध नहीं है, और नया ट्रांसफार्मर लाने में 20 दिन का समय लगेगा।

## राज्यपाल को लातेहार सर्किट हाउस में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को गुरुवार को पलामू जाने के क्रम में लातेहार सर्किट हाउस में पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव व डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद ने उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल पलामू के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, एसडीओ अजय रजक, एसडीपीओ अरविंद कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस बल की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

## चंदवा में दो बाइक की टक्कर, तीन घायल

**चंदवा।** एनएच-99 पर जोबिया गांव के समीप गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। नीलांबर यादव, रंजीत उरांव और विजय यादव नामक घायलों को ग्रामीणों की सहायता से चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। नीलांबर की हालत गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## टोरी जंक्शन में मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पर मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार, रेल सुरक्षा बल के एसआई विंध्याचल कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन व वेदिक सोसाइटी के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान प्लेटफॉर्म व ट्रेनों में यात्रियों को 1098 चाइल्डलाइन व हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। साथ ही बाल दुर्व्यापार के खतरों के बारे में जागरूक किया गया।

## डॉल्फिन संरक्षण पर ग्रीनफील्ड एकेडमी ने निकाली रैली

**चंदवा।** स्थानीय ग्रीनफील्ड एकेडमी में गुरुवार को डॉल्फिन संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्रों ने विद्यालय से एक विशाल रैली निकाली जो मुख्य बाजार होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस अवसर पर प्रतिज्ञा, चित्रकला प्रतियोगिता और वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों को जलजीवों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक अरविंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्या अन्नाकुट्टी और शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति जागरूक और सजग नागरिक बनाना रहा।

## बेतला के युवाओं ने मंत्री से की मुलाक़ात, सौंपा मांग पत्र



**बेतला (बरवाडीह)।** बेतला पंचायत के युवाओं ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के बेतला दौरे के क्रम में उनसे मुलाक़ात कर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। युवाओं ने विशेष रूप से बेतला स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं को धरातल पर उतारने की मांग की। मुलाकात के दौरान मंत्री ने युवाओं को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध बेतला में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जाएगा और मुख्यमंत्री के स्तर से योजनाओं को लागू कराने का प्रयास होगा। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ए. कादरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नईयर, गुलामी रजा, बहूदीन अंसारी, नज़ीर हुसैन, सेराजुल अंसारी, प्रिंस समेत दर्जनों युवा व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## जनता और सुरक्षा बलों के बीच भरोसा ही देश की असली ताकत : कमांडेंट



**लातेहार।** सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन द्वारा छिपादोहर थाना क्षेत्र के टोंगरी, लात और हरहे गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा कि जनता और सुरक्षा बलों के बीच का विश्वास ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि बल न केवल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखता है, बल्कि समाज के विकास में भी बराबर भागीदार है। कार्यक्रम में पलामू रेंज के डीआईजी पंकज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामीणों के बीच साड़ी, छाता और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान कमांडेंट ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और जरूरतें दोनों प्राथमिकता हैं। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी रतिंद्र चरण मिश्रा, उप कमांडेंट मुकेश कुमार, सहायक कमांडेंट हरिकेश नाथ, निरीक्षक चंद्र भूषण पांडेय सहित कई जवान शामिल हुए।

## बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने ग्रामीणों को फलदार पौधों का किया वितरण

**लातेहार।** पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना के तहत सामुदायिक विकास कार्यक्रम में ग्राम बारी चंदवा में गुरुवार को प्रभावित परिवारों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत स्थानीय ग्रामीणों को आम, अमरूद, लीची और चीकू जैसे करीब 120 उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों के पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर परियोजना के अपर महाप्रबंधक एवं एचओडी एम. चंद्रशेखर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अन्य प्रमुख उपस्थित अधिकारी थे: डॉ. आर.बी. सिंह (खनन), सिद्धार्थ शंकर (सिविल एवं इंफ्रास्ट्रक्चर), आर.के. निरंजन (इंजीनियरिंग सर्विसेज), अरुण सिंह (एमई), अमरेश चंद्र राउल (भू-अर्जन), चंदन भारती एवं विनेश कुमार (आरआर), शुभंकर मंडल और कुमारी पूजा (कार्यपालक, आरआर)। परियोजना का उद्देश्य केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि स्थानीय समुदायों की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि को बढ़ावा देना भी है।

## बैल चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, दो मवेशी बरामद

**महुआडांड़।** मवेशी चोरी की बढ़ती घटनाओं से परेशान लोगों को पुलिस ने बड़ी राहत दी है। महुआडांड़ पुलिस ने विशेष छापेमारी कर रामपुर गांव निवासी श्रवण नायक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के पास से दो चोरी के बैल भी बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी भैंस चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ थाना कांड संख्या 34/25 दर्ज है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे मवेशियों को खुले या असुरक्षित स्थानों पर न रखें, जिससे चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके। थाना क्षेत्र में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## समाहरणालय में जिला समन्वय समिति की बैठक, योजनाओं की गहन समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में जिले भर की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाएं निर्धारित समय-सीमा में पूरी हों और उनका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। विशेष तौर पर पंचायत स्तर पर प्रमाण पत्र निर्गमन की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने की बात कही गई।

मनरेगा के तहत पोषण वाटिका की स्थापना, आदिम जनजाति छात्रावास निर्माण की प्रगति, स्कूली बच्चों के केवाईसी और खाते खोलने जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, आईटीडीए निदेशक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महुआडांड़ में अंतर-प्रखंड स्तरीय कांवर जलयात्रा संपन्न

**महुआडांड़।** मानस मणि दीप सेवा संस्थान सरनाधाम एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अंतर-प्रखंड स्तरीय कांवर यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों कांवरियों ने भाग लिया। श्रद्धालु लोध फॉल से जल लेकर 51 किलोमीटर की यात्रा कर रामसेली गांव स्थित सरनाधाम पहुंचे और शिवलिंग में जल अर्पित किया। पूरे मार्ग में "बोल बम" के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। यात्रा को सफल बनाने में बजरंग दल के सुरज साहू, प्रदीप जयसवाल, विट्टु राय सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हंटरगंज से कांवरियों का तीसरा जत्था रवाना, बोल बम के जयघोष से गूंजा इलाका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** श्रावण मास में श्रद्धा का रंग पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। गुरुवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुरा गांव से कांवरियों का तीसरा जत्था बाबा बैद्यनाथधाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत से पहले कांवरियों ने देवी मंडप, शिव मंदिर, ठाकुरबाड़ी राम मंदिर और हनुमान मंदिर में माथा टेका और पूरे उत्साह के साथ 'बोल बम' के जयकारे लगाते हुए यात्रा शुरू की।

जत्थे के सदस्यों ने बताया कि वे पहले सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर देवघर पहुंचेंगे। वहां बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुनः घर लौटेंगे। यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने कांवरियों को माला पहनाकर विदा किया और उनकी यात्रा की सफलता और सुरक्षा की कामना की। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहयोग का भी संदेश देती है।

### पति की मौत के बाद अब टूटा आशियाना

# नाबालिग बच्चों संग सड़क पर सोने को विवश सोनी कुंवर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बहेराटांड निवासी सोनी कुंवर के जीवन में दुखों का सैलाब आ गया है। पहले पति स्व. बबलू पासवान की असामयिक मौत, और अब हालिया बारिश में उनका कच्चा घर भी पूरी तरह से ढह गया। अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ वह अब प्लास्टिक और टेम्पू की ओट में रातें गुजार रही हैं। सोनी ने बताया कि रात में वह जब बच्चों को लेकर सोती है, तो यह सोचकर नींद नहीं आती कि सुबह तक जिंदा बचेंगे या नहीं। विषैले जीव-जंतुओं से जान का खतरा हर समय बना रहता है। हाल में जब हाथी शहर में घुस आया, तो सोनी को बच्चों को लेकर दूसरे के घर शरण लेनी पड़ी। स्थानीय मालती देवी ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपना टेम्पू उन्हें अस्थायी रूप से रहने के लिए दे दिया। वहीं समाजसेवी श्रीराम सिंह प्रशासन से लगातार संपर्क कर आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। पड़ोसियों ने नगर परिषद व जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़िता को तत्काल आवास उपलब्ध कराया जाए ताकि वह अपने बच्चों के साथ सुरक्षित जीवन जी सके।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के हुसिया गांव में गुरुवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान छोटी कुमारी (पति– राहुल रवानी) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मयूरहंड थाना प्रभारी आशीष प्रसाद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटी कुमारी की शादी नौ माह पूर्व हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डाटो गांव से चतरा जिले के हुसिया गांव में हुई थी। युवक मुंबई में कार्यरत है, जबकि सास-ससुर आसनसोल में रहते हैं। नवविवाहिता ससुराल में अकेली रहती थी और उसकी देखरेख के लिए मौसी सास को साथ रखा गया था। गुरुवार को मौसी सास जब शौच के लिए बाहर गई थीं, तभी छोटी ने अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर मौसी सास ने पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर लड़की को फंदे से लटकता पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से मयूरहंड थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

# एसडीओ ने किया भूमि विवादों की जांच अंचलाधिकारी को दिए निपटारे के निर्देश

- गिद्धौर, सलगा और मझगांव के विवादित जमीनों का किया गया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में चल रहे भूमि विवादों की जांच को लेकर एसडीओ सनी राज ने गुरुवार को कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे गिद्धौर गांव, सलगा गांव, बारिसाखी पंचायत और मझगांव पंचायत पहुंचे।

गिद्धौर में जगदीश दांगी और राजकुमार दांगी के बीच, जबकि सलगा में युगेश्वर यादव, डमर यादव और दिनेश यादव के बीच भूमि विवाद की शिकायत मिली थी। इन मामलों की स्थल जांच करते हुए एसडीओ ने संबंधित कागजातों की जांच की और निष्पक्ष समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, सीआई प्रमोद सिंह, और अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद थे। एसडीओ ने कहा कि सभी मामलों का जल्द निष्पादन किया जाए ताकि किसी भी पक्ष को न्याय मिलने में देरी न हो। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस सक्रियता का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब पुराने विवादों का निष्पादन जल्द होगा।

## सुरेंद्र सिंह निर्विरोध बने इटखोरी पैक्स अध्यक्ष

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड में बुधवार को पैक्स अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया पर्यवेक्षक सुरेश सहदेव की निगरानी में हुई। अध्यक्ष पद के लिए केवल सुरेंद्र सिंह ने नामांकन भरा, जिसके कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के बाद पर्यवेक्षक ने सुरेंद्र सिंह को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा। नव-निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि वह किसानों के हित में ईमानदारी से कार्य करेंगे और हर समस्या का समय रहते समाधान कराएंगे। मौके पर बीसीओ नीरज कुमार सिन्हा, भाजपा नेता सतीश सिंह, झामुमो नेता प्रदीप सिंह, निर्मल सिंह, लाला सिंह, बूदुल पाण्डेय समेत कई ग्रामीण और सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय कृषकों ने आशा जताई है कि नया अध्यक्ष उनके हितों की रक्षा करेगा और कृषि संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता देगा।

## प्रतापपुर में लगा नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर, ग्रामीणों ने ली स्वास्थ्य सेवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के यादव नगर टंडवा बाजार टांड़ में बुधवार को जिला आयुष समिति, चतरा के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सा जांच और मुफ्त दवाइयाँ प्रदान की गईं। शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टरों की टीम में डॉ. महबूब अल्लम, डॉ. जुबैर अख्तर, डॉ. सिकंदर कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार रवि शामिल थे। सभी ने दिनभर मरीजों की जांच कर उचित सलाह व दवा उपलब्ध कराई। इस शिविर में स्थानीय सहिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। ग्रामीणों ने ऐसे शिविर को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, ताकि दूर-दराज़ के लोग भी स्वास्थ्य सेवा का लाभ ले सकें। शिविर की सफलता से स्वास्थ्य विभाग को सराहना मिली है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

## वन भूमि पर कब्जा करने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बरहपुर गांव में वन भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे युवक को वन विभाग ने रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी की पहचान व्यास भारती, पिता रामदेव भारती के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर प्रभारी वनपाल चंदन कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की और युवक को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी वनपाल ने आम जनता से अपील की कि वन भूमि और पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। विभाग ऐसे किसी भी अवैध कार्य को बर्दाश्त नहीं करेगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने कस्टडी से फरार अतिक्रमणकारी को साथी समेत किया गिरफ्तार




**चतरा।** वन विभाग की हिरासत से 21 जुलाई को फरार हुआ अतिक्रमण का आरोपी महेश बांडू आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी को सदर अस्पताल में मेडिकल के दौरान उसके समर्थकों ने जबरन छुड़ा लिया था। इस मामले में सदर थाना कांड संख्या 249/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी कर महेश बांडू और उसके सहयोगी ईथलेश भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को हथकड़ी के साथ न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विपिन कुमार, पुअनि प्रवेश कुमार राम समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय में शौचालय की भारी कमी, महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी

- व्यस्त सुभाष चौक पर यात्रियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को नहीं मिलती सार्वजनिक शौचालय की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा जिले का पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान है। यहां सबसे बड़ी समस्या है—सार्वजनिक शौचालय की कमी। प्रखंड मुख्यालय होते हुए भी आज तक शौचालय का निर्माण नहीं हो सका, जिससे आमजन को खासकर महिलाओं को भारी परेशानी होती है।

यहां हर मंगलवार और शनिवार को सुभाष चौक में साप्ताहिक हाट लगता है, जिसमें हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। इसके अलावा यह चौक 15 बसों और कई सवारी गाड़ियों का पड़ाव भी है, जो रांची, चतरा, हजारीबाग, टंडवा जैसे शहरों के लिए चलती हैं।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों और यात्रियों को शौच के लिए दूर-दूर भटकना पड़ता है या झाड़ियों में जाना पड़ता है, जिससे अस्वच्छता और असहजता फैलती है। खासकर महिलाएं ज्यादा असहज महसूस करती हैं। क्षेत्र की महिलाओं ने कई बार शौचालय निर्माण की मांग की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

हालांकि पत्थलगड़ा को भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है, लेकिन विकास की योजनाएं केवल कागज़ों तक सीमित नजर आती हैं। नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# भारत में बैठकर करें विदेशों में शॉपिंग

**नई दिल्ली(हि.स)।**

ग्लोबल पेमेंट फर्म पेपल ने ऐलान किया कि उसने नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक टाई-अप किया है। यह टाई-अप पेपल वर्ल्ड के प्लेटफॉर्म पर यूपीआई को इंटीग्रेट करने के लिए है जिससे इंटरनैशनल पेमेंट आसानी से हो सके। कंपनी ने कई ग्लोबल पार्टनरशिप का ऐलान किया है और यह उसी का एक हिस्सा है। अभी तक इसके लिए विदेशी सर्विसेज पर ही निर्भर रहना पड़ता था और इसके लिए यूजर के पास खास कार्ड और अकाउंट्स का होना जरूरी होता था। पेपल के नए प्लेटफॉर्म में यूपीआई के आने से घर बैठे विदेशों में शॉपिंग कर पाना अब चुटकियों का खेल रह जाएगा। इस डेवलपमेंट पर बोलते हुए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि पेपाल वर्ल्ड के प्लेटफॉर्म पर यूपीआई का एकीकरण यूपीआई के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह सीमा पार भुगतान को और अधिक सहज, सुरक्षित और समावेशी बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह सहयोग विदेशों में भुगतान करने वाले भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा बढ़ाएगा और वैश्विक व्यवसायों और व्यापारियों को यूपीआई उपयोगकर्ताओं के बढ़ते आधार का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। यह प्लेटफॉर्म पेपल और वेनमो के बीच इंटरऑपरेबिलिटी प्रदान करके शुरुआत करेगा और इसके शुरुआती लॉन्च में यूपीआई को शामिल करेगा। इसका मतलब है कि भारतीय उपभोक्ता अब अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों से खरीदारी कर सकते हैं और उस यूपीआई विकल्प का उपयोग करके भुगतान कर सकते हैं। पेपल होल्डिंग्स इंक की भारतीय सहायक कंपनी, पेपाल पेमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (पेपाल) को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पेमेंट एग्रीगेटर-क्रॉस बॉर्डर-एक्सपोर्ट्स (पीए-सीबी-ई) के रूप में काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के एक महीने बाद यह विकास हुआ है। बता दें कि एलन मस्क ने साल 1999 में एक ऑनलाइन पेमेंट कंपनी बनाई थी। इसका नाम एक्स डॉट कॉम था। यह कंपनी बाद में कन्फिनिटी नाम की दूसरी फर्म के साथ मर्ज हो गई थी। यही फर्म आगे चलकर पेपाल बनी।

## नितिन गुप्ता ने एनएफआरए के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली(हि.स)।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी नितिन गुप्ता ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। गुप्ता इससे पहले जून 2022 से जून 2024 तक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष थे। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी नितिन गुप्ता ने 23 जुलाई को राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उनका पेशेवर अनुभव आयकर विभाग और वित्त मंत्रालय में प्रमुख पदों पर कार्यरत रहा है, जहां उन्होंने स्वचालन, फेसलेस आकलन और करदाता सेवाओं में अग्रणी पहलों का नेतृत्व किया। सीबीडीटी के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अनुपालन, पारदर्शिता और व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## झारखण्ड, सरकार

### पशुपालकों के लिए आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत सभी चयनित लाभुकों को सूचीत किया जाता है कि **दिनांक 30.07.2025** से जिला स्तर पर **लोहरदगा डेयरी परिसर, कैमो, पतराटोली, लोहरदगा** में दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया है।

अतः आप सभी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित लाभ्को ंसे अनुरोध है कि अपना–अपना लाभुक अंशदान एस्क्रों बैंक खाता में जमा करते हुए अधिकृत औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध पशु विक्रेता से संपर्क स्थापित कर लगातार तीन पाली दूध दोहन देखकर प्रतिदिन दुध उत्पादन क्षमता के आधार पर विक्रेता के साथ आपसी सहमती से गाय की कीमत तय कर **दिनांक 31.07.2025**तकदुधारू गाय/भैंस क्रय करने की कार्रवाई सुनिश्चित् करेंगें। अन्यथा आपको अयोग्य समझते हुए नियमानुसार प्रतिक्षा सूची के लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 358161 Lohardaga(25-26)#D

## झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0
## Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Jharkhand undertaking)
E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉंची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | अगस्त– 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाहन से 1:00बजे अपराहन तक। | 06-08-2025 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,डालटनगंज

PR 358065 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

## झारखण्ड सरकार
## पथ निर्माण विभाग
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

**(1st Call)**
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR /501/2025-26 दिनांक–19.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बरवाडीह–मंडल–भंडरिया पथ (पार्ट–1, चैनेज 0.00 कि0मी0 से चैनेज 25.00 कि0मी0) (कुल लम्बाई–25.00 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | रू0 :– 92,79,60,147.00 (बानबे करोड़ उनासी लाख साठ हजार एक सौ सैतालीस रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–92,80,000.00 (बानबे लाख अस्सी हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 01.08.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 28.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565–247907 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल
लातेहार

PR 358036 (Road)25-26*D

## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
## Urban Development & Housing Developement
## Govt. of Jharkhand

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**
**कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 05/2025–26,**
**Urban Health and Wellness Center (UAAM) के संचालन हेतु निम्नलिखित Medicine की आवश्यकता हैः–**

| S.N. | Medicine List | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | Paracetamole- 500mg tab. | 01 Piece |
| 02 | Azithromycine-500mg tab. | 01 Piece |
| 03 | Amoxycilline-500mg Cap. | 01 Piece |
| 04 | Amoxycilline-250mg Cap. | 01 Piece |
| 05 | Ciprofloxacine-500mg Tab. | 01 Piece |
| 06 | Ciprofloxacine-250mg Tab. | 01 Piece |
| 07 | Calcium+Vit D3-500mg | 01 Piece |
| 08 | Levocetrizine-5mg | 01 Piece |
| 09 | Metformine-500mg Tab. | 01 Piece |
| 10 | Fluconazole-150mg | 01 Piece |
| 11 | Ofloxacine+Ornidazole Tab. | 01 Piece |
| 12 | Ondemsetrom Tab | 01 Piece |
| 13 | Diclo+Para Tab | 01 Piece |
| 14 | Omeprazole+Domperidon | 01 Piece |
| 15 | Metronidazole Tab | 01 Piece |
| 16 | Glemipride 2mg Tab | 01 Piece |
| 17 | Enzyme Syrup | 01 Piece |
| 18 | Multivitamine Syp. | 01 Piece |
| 19 | Cough Syp. | 01 Piece |
| 20 | Paracetamole- Syp. | 01 Piece |
| 21 | Cetrizine Syp | 01 Piece |
| 22 | Cefixime Syp. | 01 Piece |
| 23 | Iron Syp | 01 Piece |
| 24 | Eye+Ear Drop | 01 Piece |
| 25 | ORS Powder | 01 Piece |
| 26 | Amoxy+Clavunate 625mg tab. | 01 Piece |
| 27 | Antaacid Tab. (Alum+mag) | 01 Piece |
| 28 | Acelo+Para Tab. | 01 Piece |
| 29 | Dicyclo+Para (Antispasmodic) Tab. | 01 Piece |
| 30 | Cifixime 100 DT | 01 Piece |
| 31 | Cifixime 200 mgTab. | 01 Piece |
| 32 | Cipro+Tinidazole Tab. | 01 Piece |
| 33 | Diclofenac Sodium 50mg Tab | 01 Piece |
| 34 | Doxycycline-100mg Cap. | 01 Piece |
| 35 | Levofloxacine-500mg tab | 01 Piece |
| 36 | Montelucast+Levo Tab | 01 Piece |
| 37 | Methylcloblamine-1500mcg | 01 Piece |
| 38 | Rabeprazole+Domperidone Cap | 01 Piece |
| 39 | B-Complex tab. | 01 Piece |
| 40 | Amoxyciline Dry Syp | 01 Piece |
| 41 | Antispasmodic Syp. 30ml | 01 Piece |
| 42 | Ofloxacine+Metronidazole Syp. | 01 Piece |
| 43 | Albedazole Syp. | 01 Piece |
| 44 | Diclofenac Ointment 30gm | 01 Piece |
| 45 | Silver Sulfadizine 30gm Oint | 01 Piece |
| 46 | Povidone Iodine 15gm Oint | 01 Piece |
| 47 | Ascorbic Acid (Vita-C) Chewable tab | 01 Piece |
| 48 | Gamabenzine Lotion 100ml | 01 Piece |
| 49 | Multivitamine tab | 01 Piece |
| 50 | clovita GM | 01 Piece |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस **Medicine** के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 05.08.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।**

PR.NO.358066 Urban Development(25-26):D — ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी,

## झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

**76 वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–चतरा (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रभु दयाल पासवान द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–373/25 2. आवेदक–सावित्री देवी, पति–जोधन यादव<br>3. ग्राम–सिंघपुर, पोस्ट–कमता, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–374/25 2. आवेदक–जोधन साव, पिता–स्व0 ललित साव<br>3. ग्राम–सिंघपुर, पोस्ट–कमता, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–375/25 2. आवेदक–धनुखधारी साव, पिता–स्व0 महरू साव<br>3. ग्राम–राजादहर भंगा, पोस्ट–ईटखोरी, थाना–ईटखोरी, प्रखण्ड–ईटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–376/25 2. आवेदक–जगनाथ राणा, पिता–घमन राणा<br>3. ग्राम–सराठू, पोस्ट–सराठू, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–377/25 2. आवेदक– किन्नू राणा, पिता–स्व0 झमन राणा<br>3. ग्राम–राहम, पोस्ट–राहम, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–378/25 2. आवेदक–सुलेखा देवी, पति–विश्वजीत उरांव<br>3. ग्राम–राहम, पोस्ट–राहम, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–379/25 2. आवेदक– लखन प्रजापति, पिता–मतलू प्रजापति<br>3. ग्राम–लुपुंगा, पोस्ट–कमता, थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–380/25 2. आवेदक–ललिता देवी, पति–सकेन्द्र राम<br>3. ग्राम–रक्सी, पोस्ट–धनगड़ा, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–पिपरवार थाना काण्ड सं0 49/98 एवं केरेडारी (ओ0पी0 बचरा) थाना काण्ड सं0 33/92 एवं सदर थाना चतरा थाना सनहा सं0 365, दिनांक–19.12.1998 में चिन्हित सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी टहलु महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के मा0 सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के द्वारा अनुमोदन एवं सदर थाना चतरा सनहा सं0 365, दिनांक–19.12.1998 में पुलिस कागजात के पुलिस द्वारा गिरफ्तारी में नाम के आधार पर। | |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–381/25 2. आवेदक–बनवारी साव उर्फ बनवारी साहु, पिता–स्व0 रंगु साव उर्फ रंगु साहु<br>3. ग्राम–नवाडीह उर्फ तेलियाडीह, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घुटना के पास सुपली में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–382/25 2. आवेदक–सुरेश साव उर्फ सुरेश प्रसाद, पिता–स्व0 बुलक साव<br>3. ग्राम–नवाडीह उर्फ तेलियाडीह, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–383/25 2. आवेदक–श्याम सुन्दर प्रसाद उर्फ श्याम सुन्दर साव, पिता–स्व0 रामेश्वर राम उर्फ रामेश्वर साव<br>3. ग्राम–नवाडीह उर्फ तेलियाडीह, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–384/25 2. आवेदक–जीतन साव उर्फ जितेन्द्र साव, पिता–स्व0 सहदेव साव<br>3. ग्राम–नवाडीह उर्फ तेलियाडीह, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती के दाहिने तरफ अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–492/25 2. आवेदक–सुधीर प्रभाकर, पिता–स्व0 सोना महतो उर्फ टेकलाल महतो<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–पारपैन), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में कटने से जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–पिपरवार थाना काण्ड सं0 49/98 एवं केरेडारी (ओ0पी0 बचरा) थाना काण्ड सं0 33/92 एवं सदर थाना चतरा थाना सनहा सं0 365, दिनांक–19.12.1998 में चिन्हित सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी टहलु महतो द्वारा आयोग के मा0 सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–385/25 2. आवेदक–लुटबरन महतो, पिता–स्व0 प्रीतम महतो उर्फ प्रीता महतो<br>3. ग्राम–तरवाँ (टोला–बाराडीह), पोस्ट–बहेरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुठी से उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–386/25 2. आवेदक–मन्ना महतो, पिता–स्व0 जगलाल महतो<br>3. ग्राम–तरवाँ (टोला–बाराडीह), पोस्ट–बहेरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना के नीचे जख्म का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–387/25 2. आवेदक–दासो देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 सुदामा महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–पोकला, पोस्ट–कसियाडीह, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–388/25 2. आवेदक–रमेश कुमार मेहता, पिता–झालो महतो<br>3. ग्राम–पोकला, पोस्ट–कसियाडीह, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में लकीर की तरह जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–389/25 2. आवेदक–धनेश्वर महतो, पिता–स्व0 जयनाथ महतो<br>3. ग्राम–होसिर, पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई गट्टा में खोदा/गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–390/25 2. आवेदक–जगदीश महतो, पिता–स्व0 पुरन महतो<br>3. ग्राम–बचरा (टोला–पड़रिया), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–493/25 2. आवेदक–विरल देवी उर्फ बिरेन कुमारी पति–स्व0 बिनोद साव<br>3. ग्राम–पचड़ा, पोस्ट–पचड़ा, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के ठेहुना में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–392/25 2. आवेदक–बिजेलाल महतो, पिता–स्व0 जलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सुमू (टोला–रखौत), पोस्ट–सारले, थाना–बुड़मू, प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–393/25 2. आवेदक–पार्वती देवी पति–प्रयाग महतो<br>3. ग्राम–अख्तान (टोला–डम्भाटांड), पोस्ट–सारले, थाना–बुड़मू, प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिनें पैर के ठेहुना से नीचे अईला माशा। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–494/25 2. आवेदक–अजय साव, पिता–स्व0 खुदन साव<br>3. ग्राम–सलगा, पोस्ट–सलगा, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के सुपली में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–517/25 2. आवेदक–तेजू महतो, पिता–स्व0 बुटन महतो<br>3. ग्राम–पताल (टोला–पड़रियाटांड), पोस्ट–पताल, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के ठेहुना में गोदना/खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–391/25 2. आवेदक–हरि महतो, पिता–सहदेव महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के अंगुठा में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–392/25 2. आवेदक–बालेश्वर महतो, पिता–स्व0 मुखलाल महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–394/25 2. आवेदक–छोटन महतो, पिता–स्व0 लेटंगा महतो<br>3. ग्राम–बमने (टोला–पाही), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–393/25 2. आवेदक–महाबीर महतो, पिता–स्व0 हिरामन महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–394/25 2. आवेदक–दशरथ महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–495/25 2. आवेदक–योगेन्द्र महतो, पिता–स्व0 गुडी महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के भौं के दायें तरफ माशा/अईला। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–496/25 2. आवेदक–कन्हैया कुमार मालाकार, पिता–स्व0 शिवदेव मालाकार<br>3. ग्राम–जोरदाग, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–497/25 2. आवेदक–नरसिंह सिंह, पिता–स्व0 लालधारी सिंह<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–498/25 2. आवेदक–डेगन महतो, पिता–स्व0 मंगर महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठा व कलाई/गट्टा के बीच खोदा/गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–499/25 2. आवेदक–करम साव उर्फ करम कुमार साव, पिता–स्व0 अमीर साव<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ कमर में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–500/25 2. आवेदक–तेजा महतो, पिता–स्व0 कोल्हा महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–395/25 2. आवेदक–मगरू मुण्डा, पिता–स्व0 लिबुवा मुण्डा<br>3. ग्राम–राय (बस्ती), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती के बीच में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–396/25 2. आवेदक–ललकु महतो, पिता–स्व0 आनन्द महतो<br>3. ग्राम–अख्तान (टोला–डम्भाटांड), पोस्ट–सारले, थाना–बुड़मू, प्रखण्ड–बुड़मू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में ठेहुना के नीचे कट से जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–395/25 2. आवेदक–देवन्ती देवी, पति–झुबर महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–396/25 2. आवेदक–काजो देवी, पति–बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–397/25 2. आवेदक–सहबीर महतो, पिता–स्व0 हिरामन महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गिरने से बायें तरफ दाढ़ी में चोट/कट का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–398/25 2. आवेदक–बिजली महतो, पिता–स्व0 बुधू महतो<br>3. ग्राम–होसिर (टोला–हेमनदाग), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के सुपली में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–501/25 2. आवेदक–सीटन महतो, पिता–झरी महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे पिपनी के समीप अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–502/25 2. आवेदक–दिनेश्वर महतो, पिता–सहदेव महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कलाई व अंगूठा के बीच चीरे जैसा लकीर का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–503/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र महतो, पिता–जीतन महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के कांख में अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–504/25 2. आवेदक–फुलदेव महतो, पिता–जीतन महतो<br>3. ग्राम–चट्टी बरियातु, पोस्ट–चट्टी बरियातु, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–399/25 2. आवेदक–बिरेन्द्र कुमार महतो, पिता–सुखदेव महतो<br>3. ग्राम–बहेरा (टोला–बिलारी), पोस्ट–बहेरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बीच ललाट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–396/25 2. आवेदक–सितवा देवी पति–मनु महतो<br>3. ग्राम–राय (बस्ती), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों हाथों में केहुनी कलाई के बीच खोदा/गोदना का फूल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–400/25 2. आवेदक–झनकु महतो, पिता–स्व0 खेदन महतो<br>3. ग्राम–उर्दा, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में टीका/गोटी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–401/25 2. आवेदक–पचल महतो, पिता–स्व0 खेदन महतो<br>3. ग्राम–उर्दा, पोस्ट–खधैया, थाना–टण्डवा, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना केहुनी के नीचे जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–402/25 2. आवेदक–पुषण महतो, पिता–स्व0 ललित महतो<br>3. ग्राम–बहेरा (टोला–बिलारी), पोस्ट–बहेरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–403/25 2. आवेदक–खिरोधन महतो, पिता–स्व0 ललित महतो<br>3. ग्राम–बहेरा (टोला–बिलारी), पोस्ट–बहेरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घुटना के उपर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–404/25 2. आवेदक–तुली देवी, पति–स्व0 ऐन्पा महतो<br>3. ग्राम–बचरा (टोला–पड़रिया), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–397/25 2. आवेदक–घुनुवा महतो, पिता–स्व0 जिबु महतो<br>3. ग्राम–बमने (टोला–पाही), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में रीढ में दाहिने तरफ अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–398/25 2. आवेदक–बंधनी देवी, पति–घुन्वा महतो<br>3. ग्राम–बमने (टोला–पाही), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ दाढी में अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–405/25 2. आवेदक–कोमल महतो, पिता–स्व0 चोरटा महतो<br>3. ग्राम–बचरा (बस्ती), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के भौंवे के समीप ललाट में चोट से घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–399/25 2. आवेदक–मुन्सी महतो (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 मेघन महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–राय (बस्ती), पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–406/25 2. आवेदक–पियाशो देवी, पति–स्व0 बन्धन महतो<br>3. ग्राम–बचरा (टोला–पड़रिया), पोस्ट–बचरा, थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ दाढ़ी में खोदा/गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–400/25 2. आवेदक–झरी महतो, पिता–स्व0 सैलखा महतो<br>3. ग्राम–बंसरी, पोस्ट–बरौदी, थाना–ठाकुरगांव, प्रखण्ड–बुढमू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में कमर में मासा/अईला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–401/25 2. आवेदक–हरि महतो, पिता–स्व0 सैलखा महतो<br>3. ग्राम–बंसरी, पोस्ट–बरौदी, थाना–ठाकुरगांव, प्रखण्ड–बुढमू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के बांह–केहुनी के टीका/गोटी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–402/25 2. आवेदक–साहेबा महतो, पिता–स्व0 बुधू महतो<br>3. ग्राम–बमने, पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कलाई के पास कटा हुआ जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–403/25 2. आवेदक–कैला महतो, पिता–स्व0 लिटमा महतो<br>3. ग्राम–बमने, पोस्ट–राय, थाना–खलारी, प्रखण्ड–खलारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में जलने से जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–505/25 2. आवेदक–गुरूदयाल महतो, पिता–स्व0 झलाही महतो<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–जमनीडीह), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–506/25 2. आवेदक–बुधन महतो, पिता–स्व0 सोना महतो<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–पारपैन), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ माथा में चोट से जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–507/25 2. आवेदक–कुंजल महतो, पिता–किशुन महतो<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–पारपैन), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–508/25 2. आवेदक–सारो देवी, पति–सुधीर प्रभाकर<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–पारपैन), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ कान के सामने अईला/मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–509/25 2. आवेदक–सरिता देवी, पति–महेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–सिकरी (टोला–पारपैन), पोस्ट–बड़कागांव, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में खोदा/गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358089 Home(25-26)D

# भारत के विमानन सुरक्षा मानदंड आईसीएओ, यूरोपीय संघ के मानकों से खाते हैं मेल : नायडू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**



नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने गुरुवार को संसद में बताया कि भारत के डीजीसीए के पास विमानों के सुरक्षित संचालन और उनके रखरखाव के लिए व्यापक और संरचित नियम हैं, जिन्हें लगातार अद्यतन किया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) और यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) के मानकों के अनुरूप बनाया जाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास संगठनों और विमानों की नियोजित और अनियोजित निगरानी के लिए एक संरचित निगरानी और लेखा परीक्षा ढांचा भी है, जिसमें विमानों के रखरखाव की निरंतर निगरानी सहित सभी ऑपरेटरों में नियमित और आवधिक लेखा परीक्षा, मौके पर जांच, रात्रि निगरानी और रैंप निरीक्षण शामिल हैं। मंत्री ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि यदि किसी नियम का उल्लंघन होता है, तो विमानन नियामक अपनी प्रवर्तन नीति और प्रक्रिया नियमावली के अनुसार कार्रवाई करता है। यह प्रश्न 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया बोइंग 787 ड्रीमलाइनर दुर्घटना की पृष्ठभूमि में हवाई सुरक्षा उपायों के संबंध में था। नायडू ने यह भी कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान, जिसका पंजीकरण संख्या VT-ANB था, का डीजीसीए नियमों और निर्माता के दिशानिर्देशों के अनुपालन में अनुमोदित रखरखाव कार्यक्रम के अनुसार नियमित रखरखाव और सुरक्षा निरीक्षण किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय विमानन कंपनियों के बेड़े में 33 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान हैं। इनमें से 31 परिचालन विमानों का निरीक्षण किया गया है, जिनमें से 8 विमानों में मामूली खामियां पाई गईं।

इन विमानों को सुधार के बाद परिचालन के लिए छोड़ दिया गया है। शेष दो विमान निर्धारित रखरखाव के अधीन हैं। नायडू ने कहा कि भारत ने 2009 में वायु परिवहन अधिनियम, 1972 में संशोधन करके मॉन्ट्रियल कन्वेंशन, 1999 का अनुसमर्थन किया है, जो अन्य बातों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय परिवहन के दौरान मृत्यु, देरी, व्यक्ति, सामान या माल की क्षति या हानि की स्थिति में मुआवजे के लिए वाहकों की ज़िम्मेदारियों का प्रावधान करता है।

मंत्री ने कहा कि एयर इंडिया ने सूचित किया है कि उसने 18 जुलाई तक 128 मृतकों के निकटतम परिजनों को 25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा जारी किया है। शेष मृतकों के लिए, अंतरिम मुआवजे का भुगतान एनओके द्वारा दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के विभिन्न चरणों में है।

# गैलेक्सी जेड फोल्ड-7 ने भारत में स्मार्टफोन्स के लिए नया बेंचमार्क स्थापित की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सैमसंग ने आज घोषणा है कि इसके हाल में लॉन्च किए गए नए स्मार्टफोन्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड-7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई- को पहले 48 घंटों में रिकॉर्ड 210,000 प्री-ऑर्डर्स मिले हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है और इस साल की शुरुआत में गैलेक्सी एस25 सीरीज के लिए प्राप्त प्री-ऑर्डर्स के लगभग बराबर है। यह दिखाता है कि लोगों में ब्रांड के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की सातवीं पीढ़ी के लिए जबर्दसत मांग और उत्साह है। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि हमारे 'मेड इन इंडिया' फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को मिले रिकॉर्ड प्री-ऑर्डर दिखाते हैं कि भारत के युवा नई तकनीक को अपनाने में काफी तेज हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड-7 अब तक का सबसे उन्नत स्मार्टफोन है, जो ताकत, खूबसूरती, स्मार्टनेस और आसान पोर्टेबिलिटी देता है। गैलेक्सी जेड फ्लिप7 यूजर्स की जरूरतों को समझता है, उन्हें आसान बनाता है और दुनिया से जोड़ने का स्मार्ट तरीका देता है। नए वन यूआई 8 और एंड्रॉयड 16 के साथ, ये फोन शानदार एआई अनुभव देते हैं। इन फोन्स की सफलता भारत में फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। गैलेक्सी जेड फोल्ड-7 सटीक इंजीनियरिंग और शक्तिशाली बुद्धिमत्ता को सहजता से जोड़ता है, जो अब तक का सबसे पतला और हल्का डिज़ाइन है। केवल 215 ग्राम वजन के साथ, यह गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा से भी हल्का है। यह फोल्ड होने पर 8.9 मिमी और अनफोल्ड होने पर 4.2 मिमी मोटा है।

# डिजिटल आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या बढ़कर हुई 9.19 करोड़

**नई दिल्ली (हि.स)।** आयकर दाखिल करने के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल शुरु होने के बाद चार साल के भीतर आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों की संख्या में 36 फीसदी का इजाफा हुआ है। यह संख्या वित्त वर्ष 2020-21 में 6.72 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 9.19 करोड़ पर पहुंच गई है। आयकर विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में कर बोझ कम करने के लिए कई राहत उपायों की शुरुआत की गई। नए कर शासनादेश के तहत 12 लाख रुपये तक की आय अब कर-मुक्त है। इसके साथ ही 75 हजार रुपये की मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये तक की आय वाले वेतनभोगियों की कर देयता शून्य है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राष्ट्रीय आयकर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयकर देश के आर्थिक ताने-बाने की रीढ़ है, जो विकास परियोजनाओं, कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण को शक्ति प्रदान करता है। इस दिन हम सभी करदाताओं के योगदान को नमन करते हैं, जिनके सहयोग से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारत के वित्तीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर को चिह्नित करने के लिए 24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1860 में भारत में सर जेम्स विल्सन ने आयकर पेश किया था। इसने 1922 के आयकर अधिनियम के लिए आधार तैयार किया, जिसने विभिन्न आयकर को औपचारिक रूप दिया और एक व्यवस्थित प्रशासन ढांचे के लिए नींव भी रखी।

---

प्रपत्र VI 'क'
समाहरणालय पलामू
विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी (शाखा मेदिनीनगर, पलामू)
या उपायुक्त, पलामू समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा 11(i) के अधीन)

पत्रांक–204 मेदिनीनगर दिनांक–22.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हल्दी, थाना–पॉकी, थाना नं0–539, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अमानत बराज निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हल्दी, थाना–पॉकी, थाना नं0–539, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 10.13 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.90 | सरदार सिंह पिता–नागेश्वर सिंह | नहर | मटन सिंह | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 02 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 3.00 | मटन सिंह पिता–बालदेव सिंह | सुरदार सिंह | जिरा देवी | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 03 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 1.50 | जिरा देवी पति–जादो सिंह | मटन सिंह | विशेष सिंह | लक्ष्मण सिह वै0 | अमानत नदी |
| 04 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.73 | उग्रसेन सिंह पिता–शिवलोक सिंह | जिरा देवी | प्लौट नं0–09 का अंष | बली सिंह वै0 | अमानत नदी |
| | | | | कुल योग :– | 10.13 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित हल्दी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और उनके कर्मचारी पलामू तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, पलामू।
ह0/– उपायुक्त, पलामू।

PR 358073 (Palamu) 25-26 (D)

---

झारखण्डसरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

## राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, लोहरदगा जिला अन्तर्गत **सेन्हा** अंचल अवस्थित राजस्व जलकरो की अल्पकालीन बंदोबस्ती दिनांक 08.08.2025 को **11.30** बजे पूर्वा0 को जलकरों की बन्दोबस्ती ना होने पर पुनः बन्दोबस्ती दिनांक **12.08.2025** को 11:30 बजे पूर्वा0 की जाएगी। कार्यालय अवधि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खुला डाक द्वारा विभागीय परिपत्र **सं0 114, दिनांक 18.01.1992** में निहित प्रकिया के अनुसार की जाएगी। खुला डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को जलकर की प्रतिभूति राशि वार्शिक सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे जमा करना होगा। जमा की गई राशि उच्चमत डाक वक्ता को छोडकर शेष डाक वक्ताओं को डाक समाप्ति के उपरांत वापस कर दिया जाएगा। बंदोबस्ती तीन वर्षो अर्थात **2025–26 से 2027–28** तक के लिए होगी। यदि प्रखण्ड स्तरीय निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति जलकरों की बंदोबंस्ती लेने के लिए इच्छुक हो तो उन्हें जलकर बंदोबस्ती लेने हेतु वांछित कागजातों के साथ प्रस्ताव समर्पित करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत बाद जलकर बंदोबस्ती की अधिकतम बोली की राशि जो एक वर्ष अर्थात 2025–26 के लिए होगी पूरी राशि एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा राशि जमा नहीं करने पर उनका डाक रद्ध करते हुए जमानत की राशि को जब्त कर ली जायगी। शेष दो वर्षों का राजस्व समयावधि में जमा कर देना अनिवार्य होगा। सक्षम पदाधिकारी से बदोबस्ती की स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात उंच्चतम डाक वक्ता को विभाग के साथ विधिवत एकरारनामा एवं निबंधन कराना होगा, जिसका पूरा व्यय डाक वक्ता को वहन करना होगा।

खुला डाक के लिए निर्धारित प्रथम तिथि से ही सभी जलकरों की बंदोबस्ती प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिन जलकरों की बंदोबस्ती प्रक्रिया पूर्ण होगी अथवा पूर्व से बंदोबस्त होगी वह जलकर सूची से स्वतः बाहर समझा जाएगा तथा अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को स्थगित करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित हेगा।

राजस्व जलकरों की सूची निम्नवत है :–

अंचल :–सेन्हा

| क0 | जलकर कानाम | ग्राम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा(एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मरकी तालाब | मुरकी | – | 347,348 | 5.24 | 7500.00 |
| 2 | चन्दकोपा पुराना तालाब | चंदकोपा | – | 1260 | 1.60 | 6200.00 |
| 3 | बंसरी तालाब | बंसरी | 71 | 438 | 5.24 | 4000.00 |
| 4 | बंसरी केषवर तालाब | बंसरी | 70 | 835,836 | 1.05 | 3000.00 |
| 5 | चंदकोपा नया तालाब | चंदकोपा | – | 1396 | 1.22 | 5800.00 |
| 6 | चमडु तालाब | चमडु | 69 | 9 | 1.20 | 7000.00 |
| 7 | पाढ़ी तालाब | पाढ़ी | 102 | 632 | 1.09 | 2000.00 |
| 8 | मेढ़ो तालाब | मेढ़ो | – | 453 | 1.20 | 3500.00 |
| 9 | गगैय तालाब | गगैय | 53 | 40,41 | 0.82 | 800.00 |
| 10 | दत्तरी योगी टोंगरी तालाब | दत्तरी | 84 | 1187 | 1.20 | 1700.00 |
| 11 | दत्तरी बेल टोली तालाब | दत्तरी | 71 | 323 | 0.65 | 1400.00 |
| 12 | आलौदी तार तालाब | आलौदी | 60 | 542,544 | 1.41 | 1000.00 |
| 13 | जमीर तालाब | जमीरा | 34 | 296 | 1.23 | 2000.00 |
| 14 | चुरकु महुआ टोली | चुरकु | 48 | 674 | 0.36 | 350.00 |
| 15 | चटकपुर बाँध | चटकपुर | 147 | 596 | 0.34 | 1200.00 |
| 16 | अलौदी छापर तालाब | अलौदी | 235 | 175,178 | 0.65 | 1250.00 |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 358053 (Lohardaga)25-26*D

---

प्रपत्र VI 'क'
**समाहरणालय पलामू,** विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी
(शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या उपायुक्त, पलामू समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा 11(i) के अधीन)

पत्रांक– 203 मेदिनीनगर दिनांक– 22.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोल्हुआ थाना–पॉकी, थाना नं0–461, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अमानत बराज निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोल्हुआ थाना–पॉकी, थाना नं0–461, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 5.09 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 67 | 639 | रैयती | कृषि | 1.09 | विगन मोची, पिता–स्व0 गुलचन मोची, पानफुल कुंवर, पति–स्व0 काशी मोची | प्लौट नं0 632 | प्लौट नं0 636 | प्लौट नं0 643 | प्लौट नं0 693 का अंश |
| 02 | 67 | 408<br>412<br>419<br>474<br>654<br>655<br>656<br>657<br>491<br>492<br>494<br>642 | रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती<br>रैयती | कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि<br>कृषि | 0.24<br>1.63<br>0.02<br>0.05<br>0.05<br>0.08<br>0.04<br>0.03<br>0.06<br>0.26<br>1.42<br>0.12 | ब्रज बिहारी सिंह व बेलास सिंह वल्द बालो सिंह, विरेन्द्र सिंह व नारेन्द्र सिंह वल्द गरजू सिंह, प्रेम प्रदीप सिंह पिता–स्व0 परीखन सिंह | नला<br>प्लौट नं0 408<br>प्लौट नं0 418<br>प्लौट नं0 657<br>प्लौट नं0 469<br>प्लौट नं0 654<br>प्लौट नं0 655<br>प्लौट नं0 656<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 640 | देवराज सिंह<br>प्लौट नं0 491<br>प्लौट नं0 420<br>प्लौट नं0 487<br>प्लौट नं0 655<br>प्लौट नं0 656<br>प्लौट नं0 657<br>प्लौट नं0 474<br>प्लौट नं0 490<br>प्लौट नं0 493<br>प्लौट नं0 494<br>का अंश<br>प्लौट नं0 643 | नदी<br>प्लौट नं0 411<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 412<br>प्लौट नं0 491<br>प्लौट नं0 494<br>नदी<br>नदी | प्लौट नं0 467<br>प्लौट नं0 413<br>का अंश<br>प्लौट नं0 417<br>प्लौट नं0 468<br>प्लौट नं0 470<br>प्लौट नं0 471<br>प्लौट नं0 472<br>प्लौट नं0<br>प्लौट नं0 489<br>प्लौट नं0 491<br>प्लौट नं0 494<br>का अंश<br>प्लौट नं0 640 |
| | | | | कुल योग :– | 5.09 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा **11(i)** के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित कोल्हुआ व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और उनके कर्मचारी पलामू तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, पलामू।
ह0/– उपायुक्त, पलामू।

PR 358076 Palamu (25-26)_D

---

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

## जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 द्वारा जिला–लोहरदगा के मत्स्य कृषकों के लिये विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है। संबंधित योजनाओं हेतु राज्यादेशानुसार अहर्त्ता रखने वाले सुयोग्य मत्स्य कृषकों/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजनाओं हेतु आवेदन प्रपत्र/आवेदन का प्रारूप जिला मत्स्य लोहरदगा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। म0जी0स0स0/सदस्यों द्वारा सादे कागज पर लिखित आवेदन भी मान्य होगा। सभी वाछिंत कागजातों के साथ प्राप्त आवेदन ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किये जायेंगे। दिनांक 12.08.2025 को कार्यालय समयावधि तक जिला मतस्य कार्यालयय, लोहरदगा में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

योजनाओं की विवरणी निम्नलिखित हैः–

| क0 | योजना का नाम | इकाई | कोटि 796 | कोटि 789 | इकाई ललागत | राज्य सरकार का अनुदान | लाभुक का अंषदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये चप्पू नाव | सं0 में | 2 | 1 | मो0 33000/–रू0 ममात्र | मो0 30000/–रू0 मात्र | मे0 3000/–रू0 मात्र | संबंधित योजनाओं में राज्यादेषानुसार अहर्त्ता रखने वाले आवेदकों को चयन में सम्मिलित किया जाएगा। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आकर ली जा सकती है। |
| 2 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिये मोटरचालित नाव | सं0 में | 1 | 0 | मो0 414000/–रू0 मात्र | 90% अर्थात् मो0 372600/–रू0 मात्र | 10% अर्थात् 41400/–रू0 मात्र | |
| 3 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये गिल नेट | सं0 में | 10 | 5 | मो0 590/–रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 | .90% अर्थात् मो0 2655/–रू0 मात्र प्रति 5 कि0ग्रा0 | 10% अर्थात मो0 295/–रू0 मात्र प्रति | |
| 4 | नए रिवाईन फिष फार्मिग/ओपन एरिया फार्मिग | सं0 में | 4 | 0 | मो0 86000/–रू0 मात्र | पूर्ण अनुदान | – | |
| 5 | केज रिपेयरिंग | सं0 में | 10 | 0 | अनुमानित लागत मो0 35000/–रू0 मात्र | अधिकतम मो0 25000/–रू0 मात्र अथवा वास्तविक व्यय | लगत की षेष राषि | |
| 6 | पुराने RFF में इनपुट | सं0 में | 8 | 0 | 25000/–रू0 मात्र | अधिकतम 25000/–अर्थात् वास्तविक व्यय भी कम हा | – | |
| 7 | केज रिमॉडलिंग | सं0 में (केज बैटरी) | 4 | 1 | मो0 182000/–रू0 मात्र | 90% अर्थात मो0 164250/–रू0 मात्र | 10% राषि | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के सदस्य हों। लाभुक अषंदान लगाने में सक्षम हो। चार केज एक बैटरी मॉडल अथवा दो केज–एक बैटरी मॉडल में अधिकतम दो लाभुक साझा कर सकते है। |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपलक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 358047 Lohardaga(25-26)D

---

## कार्यालय :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

सूचना संख्या :– दिनांक :–

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा के न्यायालय में बिहार पब्लिक लैंड इनक्रोचमेंट एक्ट–1956 के अन्तर्गत लंबित निम्नलिखित बी0पी0एल0ई0 वादों की अंतिम सुनवाई की तिथि–01 अगस्त 2025 को निर्धारित की गई है। संबंधित बी0पी0एल0ई0 वाद से प्रभावित वादी/प्रतिवादी उक्त तिथि को स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा निर्धारित तिथि को न्यायालय द्वारा इन वादों में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या | अभियुक्त का नाम/पता | जंगल का नाम | थाना एवं थाना संख्या | प्लॉट संख्या | रकवा | वन क्षेत्र पदाधिकारी का ज्ञापांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 02/2024 | 1. शम्भु यादव पिता प्रमेश्वर यादव, 2. श्यामदेव यादव पिता मथुरा यादव, दोनो का सा0– चकरवार, थाना– ईटखोरी, पो0– पितिज, जिला– चतरा। | चकरवार वन | ईटखोरी/33 | 1166 | 5 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–310 दिनांक 12.03.2024 |
| 2 | 06/2024 | 1. भगन यादव पिता निरू यादव, स0– लोहड़ी, थाना– गिद्धौर, पो0– गांगपुर, जिला– चतरा। | लोहड़ी वन | गिद्धौर/29 | 32 | 15 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–419 दिनांक 08.04.2024 |
| 3 | 07/2024 | 1. फगु यादव पिता स्व0 बजीर यादव, 2. हुलास यादव पिता स्व0 बजीर यादव, 3. रामेश्वर यादव पिता स्व0 लखन यादव, 4. कैलाश यादव पिता स्व0 लखन यादव, 5. जागो यादव पिता स्व0 धरम यादव, 6. इन्दो यादव पिता स्व0 धरम यादव, सभी का सा0– गुली, थाना– ईटखोरी, पो0– पितिज, जिला– चतरा। | गुली वन | ईटखोरी/10 | 854 | 20 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–306 दिनांक 12.03.2024 |
| 4 | 10/2024 | 1. धनु यादव पिता स्व0 मुंशी यादव, 2. युगेश यादव पिता स्व0 मुशी यादव, 3. जगदीश यादव पिता स्व0 लाली महतो, 4. सरोज भारती पिता स्व0 पुषण भारती, 5. केदार भारती पिता स्व0 पुषण भारती, 6. महेन्द्र यादव पिता स्व0 जगदेव महतो, 7. महाबीर यादव पिता स्व0 पच्चु महतो, 8. मन्शु यादव पिता बैजु यादव, 9. लखन यादव पिता स्व0 बिराज यादव, सभी का सा0– गेरी (टोला– छन्ही), पो0– बरैनी, थाना+जिला– चतरा। | नरतमा वन | चतरा/206 | 5 | 4 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–898 दिनांक 04.10.2024 |
| 5 | 11/2024 | 1. लालदेव गंझु पिता बाड़ो गंझु, 2. शीतल गंझु पिता जामदेव गंझु, 3. मंगर गंझु पिता स्व0 नान्दो गंझु, सभी का सा0– लुट्टु (टोला– बाह्य), पो0– बरैनी, थाना+जिला– चतरा। | सिजुआ वन | चतरा/201 | 182 | 5 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–922 दिनांक 04.10.2024 |
| 6 | 12/2024 | 1. सुरेश गंझु पिता स्व0 बंशी गंझु, 2. बिरजु भुईयाँ पिता स्व0 सुदन भुईयाँ, 3. कुजल गंझु पिता स्व0 बंशी गंझु, 4. राजेन्द्र गंझु पिता स्व0 जगलाल गंझु, 5. शंकर भुईयाँ पिता स्व0 सुदन भुईयाँ, सभी का सा0– भांग (टोला– दुम्बी), पो0– हफुआ, थाना+जिला– चतरा। | भांग वन | चतरा/217 | 261 | 1 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–910 दिनांक 04.10.2024 |
| 7 | 13/2024 | 1. लोचन साव पिता स्व0 कोयली साव, 2. नगेश्वर मोची पिता लाटो मोची, 3. देवनाथ साव पिता स्व0 जीवल साव, 4. नरेश मोची पिता बालदेव मोची, 5. फरेश मोची पिता बालदेव मोची, 6. पोखन साव पिता स्व0 कोयली साव, 7. जमुना राम पिता लाटो राम, सभी का सा0– सलैइया, पो0– हफुआ, थाना+जिला– चतरा। | सलैइया वन | चतरा/223 | 82 | 30 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–911 दिनांक 04.10.2024 |
| 8 | 15/2024 | 1. सुकन भुईयाँ पिता भुनेश्वर भुईयाँ, स0– डाड़हा (टोला– पनाही), पो0+थाना+जिला– चतरा। | डाड़हा वन | चतरा/157 | 23 | 4 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–997 दिनांक 06.11.2024 |
| 9 | 16/2024 | 1. विनय दाँगी (विनय प्रियदर्शी) पिता सुरज दाँगी, स0+पोस्ट– उँटा, थाना+जिला– चतरा। | उँटा वन | चतरा/141 | 3 | 2 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–918 दिनांक 04.10.2024 |
| 10 | 17/2024 | 1. श्यामलाल यादव पिता स्व0 गोखुल यादव, स0– चैनपुर, पो0– टिकर, थाना+जिला– चतरा। | चैनपुर वन | चतरा/263 | 23 | 1 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–923 दिनांक 04.10.2024 |
| 11 | 20/2024 | 1. सुरेश दाँगी पिता स्व0 मुन्शी महतो, 2. नरेश दाँगी पिता स्व0 मुन्शी महतो, 3. रंजीत दाँगी पिता केशो महतो, 4. बरूण दाँगी पिता केशो महतो, 5. प्रकाश दाँगी पिता स्व0 महादेव महतो, 6. रामविचार दाँगी पिता स्व0 महादेव महतो, 7 सकलदीप दाँगी पिता स्व0 महादेव महतो, 8. कलजीत दाँगी पिता स्व0 महादेव महतो, 9. गोपाल दाँगी पिता बरमदेव महतो, 10. नगीना दाँगी पिता बरमदेव महतो, 11. जितेन्द्र दाँगी पिता बरमदेव महतो, सभी का सा0– कड़लगा, पो0– टिकर, थाना+जिला– चतरा। | कड़लगा वन | चतरा/253 | 352 | 15 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–1004 दिनांक 06.11.2024 |
| 12 | 21/2024 | 1. शंकर पासवान पिता स्व0 सुरज राम, 2. कृष्णा पासवान पिता स्व0 सुरज राम, दोनो का सा0– भादे, पो0– टिकर, थाना+जिला– चतरा। | भादे वन | चतरा/264 | 121 | 30 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–913 दिनांक 04.10.2024 |
| 13 | 22/2024 | 1. जतन भुईयाँ पिता स्व0 कारू भुईयाँ, 2. भुनाथ भुईयाँ पिता स्व0 बोध भुईयाँ, 3. लटु भुईयाँ पिता स्व0 बरत भुईयाँ, 4. रूसा भुईयाँ पिता स्व0 बोध भुईयाँ, 5. रणु ठाकुर पिता स्व0 नन्दलाल ठाकुर, 6. विजय यादव पिता स्व0 गणेश यादव, सभी का सा0– कुब्बा, पो0– जोरी, थाना+जिला– चतरा। | कुब्बा वन | चतरा/165 | 2 | 30 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–998 दिनांक 06.11.2024 |
| 14 | 23/2024 | 1. जीतन यादव पिता स्व0 शम्भु यादव, 2. आदित्य यादव पिता प्रितम यादव, 3. विजय यादव पिता स्व0 शम्भु यादव, 4. नैमु गंझु पिता स्व0 धुलाल गंझु, 5. बसो गंझु पिता कैलु गंझु, 6. कैलाश यादव पिता स्व0 लीठर यादव, 7. फुला गंझु पिता नैमु गंझु, सभी का सा0– पटेर, पो0– बरैनी, थाना+जिला– चतरा। | पटेर वन | चतरा/197 | 157 | 2 एकड़ | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–905 दिनांक 04.10.2024 |
| 15 | 25/2024 | 1. नीलेश साव पिता नगेश्वर साव, 2. लालधारी राणा पिता स्व0 बिगन राणा, 3. मुनेश्वर राणा पिता स्व0 बिगन राणा, सभी का सा0– मायापुर, पो0– कमता (लेम), थाना+जिला– चतरा। | मायापुर वन | चतरा/291 | 618 | 15 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–915 दिनांक 04.10.2024 |
| 16 | 42/2024 | 1. बुधन भुईयाँ पिता स्व0 सोहर भुईयाँ, 2. अकल भुईयाँ पिता स्व0 कारू भुईयाँ, 3. केदार भुईयाँ पिता सिटाकी भुईयाँ, 4. कलेश्वर भुईयाँ पिता लुकन भुईयाँ, 5. चुरामन यादव पिता स्व0 बिहारी यादव, सभी का सा0– सिन्दुआरी, पो0– बारिसाखी, थाना+जिला– चतरा। | सिन्दुआरी वन | चतरा/166 | 2 | 24 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–1000 दिनांक 06.11.2024 |
| 17 | 57/2024 | 1. फगुनी देवी पति स्व0 पन्नु भुईयाँ, 2. जुगवा भुईयाँ पिता प्रसाद भुईयाँ, 3. जमुना साव पिता स्व0 चमारी साव, 4. झमन साव पिता स्व0 जगदीश साव, 5. पुरन साव पिता स्व0 जगदीश साव, 6. रजिन्दर साव पिता स्व0 जगदीश साव, सभी का सा0– देवरिया (कैलाश नगर), पो0+थाना+जिला– चतरा। | देवरिया वन | चतरा/183 | 1296 | 27 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–1002 दिनांक 06.11.2024 |
| 18 | 62/2024 | 1. ठुपा भुईयाँ पिता स्व0 महाबीर भुईयाँ, 2. बीतल मिस्त्री पिता स्व0 रमन मिस्त्री, दोनो का सा0– नवाडीह (टोला बेलवाटाँड़), पो0– बरैनी, थाना+जिला– चतरा। | नावाडीह वन | चतरा/204 | 251 | 10 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–1065 दिनांक 28.11.2024 |
| 19 | 77/2024 | 1. रामवृक्ष राम पिता महाबीर मोची, स0– बरवाडीह, पो0+थाना– पत्थलगडा, जिला– चतरा। | बरवाडीह वन | चतरा/56 | 869 | 5 डी0 | चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक–274 दिनांक 03.03.2025 |

PR 358042 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

संपादकीय

## ऑपरेशन सिंदूर बिना युद्ध रणनीति की मिसाल

पाकिस्तान के प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थकों सहित उसकी दुष्टता को बिना अपना नुकसान पहुंचाए धराशाई करने की रणनीति की मिसाल है जो विश्व में चर्चित है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ हुए मिनी-युद्ध के दौरान क्या भारत ने सचमुच पाकिस्तान के आणविक अस्त्र भंडार स्थल किराना हिल्स पर हमला कर उसे कोई संदेश देने की कोशिश की थी? अगर हम दो महीने पहले हुए भारत के ऑपरेशन सिंदूर की प्रतिक्रिया में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध की बात करें, तो एयर मार्शल एके भारती ने तीनों सेनाओं के प्रवक्ताओं द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए साफ-साफ कहा था, 'हमने किराना हिल्स को हिट नहीं किया है, चाहे वहां पर कुछ भी हो।' समझा जाता है कि किराना हिल्स के पहाड़ों में छिपी इन गुफाओं में पाकिस्तानी सेना ने अपने न्यूक्लियर वारहेड जमा कर रखे हैं। लेकिन ओपन सोर्स इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ डेमियन साइमन भारत के इस दावे को नकारते हैं। उनका कहना है कि सेटेलाइट इमेजरी के अनुसार भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर हमला किया था। हालांकि, उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि चित्र दर्शाता है कि हमले का उद्देश्य सिर्फ चेतावनी देना था और उसमें कोई भूमिगत या भेद्य प्रभाव नहीं हुआ। ज्ञातव्य है कि इस मिनी-युद्ध के दौरान पाकिस्तान के चकलाला में नूर खान एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले के बाद ही पाकिस्तान ने युद्धविराम की गुहार लगाई थी। जियो-इंटेलिजेंस रिसर्चर और ओपन सोर्स इंटेलिजेंस विशेषज्ञ साइमन इंटेल लैब पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के सरगोधा क्षेत्र का एक फोटो जारी किया है, जो कि उनके दावे के अनुसार पिछले महीने ही अपडेट किया गया है। यह चित्र मई 2025 में किराना हिल्स पर भारत के हमले की इंपैक्ट लोकेशन दिखाता है। बहरहाल, यह काफी दिलचस्प और दिमाग को झकझोरने वाली बात है कि किस तरह आधुनिक संघर्षों का विच्छेदन न सिर्फ सरकारों, बल्कि की-बोर्ड के पीछे बैठे कुछ लोगों द्वारा भी किया जाता है। लेकिन क्या यही एक चेतावनी थी, जो पाकिस्तान को दी गई थी? 9 मार्च, 2022 को शाम के सात बजे भारत से चली हुई ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के 120 किलोमीटर अंदर मियां चन्नू नामक स्थान पर गिरी। चूंकि मिसाइल के सर पर कोई वारहेड नहीं था, लिहाजा जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके लगभग 24 घंटे बाद, पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने कहा कि 'एक तेज गति से उड़ने वाली वस्तु' भारत से आई और स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से थोड़ा पहले पाकिस्तानी क्षेत्र में उतरी। एक और 24 घंटे बाद-मिसाइल के पाकिस्तान से टकराने के दो दिन बाद-भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की कि उसकी एक मिसाइल 'नियमित रखरखाव' के दौरान गलती से लॉन्च होकर पाकिस्तान में चली गई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में 'नियमित रखरखाव और निरीक्षण के दौरान एक मिसाइल का अनजाने में छोड़ा जाना' स्वीकार किया। भारत ने इस घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया। साथ ही यह राहत भी व्यक्त की कि किसी की जान नहीं गई। उक्त घटना के अन्य कूटनीतिक आयाम चाहे जो हों, लेकिन मिसाइल टेक्नोलॉजी को जानने वाले अच्छी तरह जानते हैं कि सतह से सतह तक या सरफेस टू सरफेस मिसाइल दुर्घटनावश चल ही नहीं सकती।

*भारत ने इस घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया। साथ ही यह राहत भी व्यक्त की कि किसी की जान नहीं गई।*

# भुलाए नहीं जा सकते स्वराज्य के पहले वैचारिक योद्धा गणेश वासुदेव जोशी

गणेश वासुदेव जोशी पुण्यतिथि



गणेश वासुदेव जोशी, जिन्हें इतिहास 'सार्वजनिक काका' के नाम से जानता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधार के उन अमर नायकों में से एक हैं, जिनके योगदान ने देश की चेतना को नई दिशा दी। 25 जुलाई, 1880 को उनका निधन हुआ, परंतु उनकी विचारधारा, उनकी निर्भीकता और उनके द्वारा स्थापित मूल्य आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उनके जीवन का प्रत्येक पहलू—चाहे वह स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ हो, सामाजिक सुधारों के लिए उनका संघर्ष हो, या फिर स्वराज्य की मांग के साथ ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देना हो—एक ऐसी कहानी कहता है जो न केवल इतिहास के पन्नों में, बल्कि हर भारतीय के हृदय में अमर है। उनकी पुण्यतिथि पर हमें उनके जीवन और कार्यों को स्मरण करते हुए यह समझना होगा कि कैसे एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनकल्याण की भावना ने देश के भविष्य को आकार दिया।

गणेश वासुदेव जोशी का जन्म 9 अप्रैल, 1828 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था। उनके पिता वासुदेव और माता सावित्रीबाई एक साधारण परिवार से थे, और उनके पिता का असमय निधन हो जाने के कारण जोशी जी का बचपन आर्थिक तंगी और चुनौतियों के बीच बीता। उनकी औपचारिक शिक्षा केवल मराठी तक सीमित रही, परंतु उन्होंने स्वाध्याय से अंग्रेजी सीखी और 1865 में 'मुख्तार वकील' की परीक्षा उत्तीर्ण कर पुणे में वकालत शुरू की। वकालत के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों में रुचि दिखाई, जो उनके जीवन का केंद्र बन गया। उनके इस समर्पण ने उन्हें 'सार्वजनिक काका' का सम्मानजनक उपनाम दिलाया।

जोशी जी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान 2 अप्रैल, 1870 को 'पुणे सार्वजनिक सभा' की स्थापना थी। यह संस्था उस समय की पहली संगठित राजनीतिक मंचों में से एक थी, जिसने जनता की समस्याओं को ब्रिटिश प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस सभा में महादेव गोविंद रानाडे जैसे प्रख्यात विचारक भी शामिल थे। सभा ने नमक कर को कम करने, 1876 के भयंकर अकाल में जनता को राहत दिलाने, और किसानों की स्थिति की जांच के लिए आयोग गठित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। यह सभा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1885) की स्थापना की प्रेरणा बनी, और इसे 'कांग्रेस की जननी' कहा गया। जोशी जी ने इस मंच के माध्यम से भारतीयों में संगठित चेतना का बीज बोया, जो आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम का आधार बना।

उनका एक और क्रांतिकारी योगदान था स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ। 1872 में उन्होंने 'देशी व्यापारोत्तेजक मंडल' की स्थापना की और स्वदेशी वस्तुओं जैसे स्याही, साबुन, मोमबत्ती, और छाते के उत्पादन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पुणे, सतारा, नागपुर, मुंबई और सूरत में सहकारी सिद्धांतों पर आधारित दुकानें खोलने को बढ़ावा दिया और स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनियां आयोजित कीं। आगरा में कॉटन मिल की स्थापना भी उनके प्रयासों का परिणाम थी। 12 जनवरी, 1872 को उन्होंने खादी का उपयोग करने की शपथ ली और जीवनभर उसे निभाया। उनके इस स्वदेशी आंदोलन ने बाद में महात्मा गांधी को खादी और स्वदेशी के प्रचार की प्रेरणा दी। जोशी जी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का साधन ही नहीं, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद को कमजोर करने की रणनीति के रूप में देखा।

आज की बात



प्रो. आरके जैन

1877 का दिल्ली दरबार गणेश वासुदेव जोशी के साहस और देशभक्ति का सबसे चमकदार अध्याय है। जब ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड लिटन ने क्वीन विक्टोरिया को 'भारत की महारानी' घोषित करने के लिए भव्य दरबार का आयोजन किया, तब जोशी जी ने पूर्ण स्वदेशी खादी वस्त्र पहनकर उस मंच पर भारत के लिए स्वराज्य की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के समान राजनीतिक और सामाजिक दर्जा मिलना चाहिए। यह उस समय की सबसे साहसी मांग थी, जब स्वतंत्रता की बात करना भी विद्रोह माना जाता था। उनके इस वक्तव्य ने न केवल उपस्थित भारतीय राजाओं और जनता को प्रभावित किया, बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम की भावी पीढ़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ।

जोशी जी केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधारक भी थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव, बालविवाह और विधवा विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर खुलकर विरोध किया। उनकी पत्नी सरस्वतीबाई ने 1871 में 'स्त्री विचारवती' नामक संस्था की स्थापना की, जो महिलाओं के बीच जातिगत भेदभाव को खत्म करने और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए काम करती थी। इस संस्था ने हल्दी-कुंकु जैसे सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सभी जातियों की महिलाओं को एकजुट किया। जोशी जी ने स्वयं महाराष्ट्र के कई जिलों में किसानों की आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण किया और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया।

उनकी निर्भीकता का एक और उदाहरण क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फडके के मुकदमे में उनकी वकालत थी। जब पुणे में कोई भी वकील फडके का केस लड़ने को तैयार नहीं था, तब जोशी जी ने न केवल उनका वकीलपत्र स्वीकार किया, बल्कि निर्भयता से कहा, "फडके को जैसे फांसी पर चढ़ाएंगे, वैसे ही मुझे भी चढ़ाएंगे, इससे ज्यादा वे क्या करेंगे?" यह साहस उस समय के दमनकारी माहौल में अभूतपूर्व था।

जोशी जी का प्रभाव उनके समकालीन और भावी नेताओं पर स्पष्ट दिखता है। उनकी बेटी का विवाह गोपाल कृष्ण गोखले से हुआ, जो स्वयं स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता बने। गोखले और तिलक जैसे नेताओं ने जोशी जी के स्वदेशी और संगठित चेतना के विचारों को आगे बढ़ाया। गांधी जी ने भी स्वीकार किया कि स्वदेशी और खादी का उनका अभियान जोशी जी जैसे अग्रदूतों से प्रेरित था।25 जुलाई, 1880 को हृदय रोग के कारण गणेश वासुदेव जोशी का निधन हुआ। उनके जीवन के 52 वर्ष भारत के लिए समर्पित रहे। उन्होंने न तो हथियार उठाए, न ही हिंसक विद्रोह किया, परंतु उनके विचारों की ताकत ने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी और भारतीय जनता में स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की चेतना जगाई। उनकी पुण्यतिथि हमें यह स्मरण कराती है कि सच्चा राष्ट्रनिर्माण केवल युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि विचारों, साहस और सामाजिक सुधारों के मंच पर भी होता है। आज, जब हम उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, हमें यह आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं? उनकी स्वदेशी की भावना, सामाजिक समानता की लड़ाई और स्वराज्य का सपना आज भी प्रासंगिक है। गणेश वासुदेव जोशी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा देशभक्त वही है जो न केवल अपने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़े, बल्कि उसके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए भी समर्पित हो। उनकी पुण्यतिथि हमें प्रेरित करती है कि हम उनके विचारों को जीवित रखें, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाएं, और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो उनके सपनों का साकार रूप हो। यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी उस महान आत्मा को, जिसने भारत को स्वतंत्रता और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## इग्नू के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम एक अवसर

इग्नू के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य रोजगार और पेशेगत विकास के लक्ष्य को लेकर शिक्षार्थियों को व्यवहारिक कुशलता तथा ज्ञान से लैस करना है जिससे कि उनके लिए संगठनों तथा संस्थाओं में रोजगार की संभावनाएँ बढ़ पाएं । कई प्रचलित कार्यक्रम डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के हैं 'वे अलग-अलग क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों में एम.बी.ए. कार्यक्रम आते हैं जिनमें एच.आर., मार्केटिंग, ऑपरेशन, एग्री बिजनेस, सप्लाईचेन तथा हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कार्यक्रम उपलब्ध हैं। एग्री बिजनेस में स्टार्टअप और नये उत्पादन इंडस्ट्री में आने से मैनेजरों की आवश्यकता बढ़ी है। वहीं आर्थिक क्षेत्र में बिजनेस में गति आने से सप्लाईचेन मैनेजमेंट क्षेत्र में भी प्रोफेशनल की आवश्यकता बढ़ी है। नये-नये सुपर स्पेशलिटी, हॉस्पिटल के जाल का उदय होने से हॉस्पिटल मैनेजमेंट का अवसर बढ़ा है।एम.सी.ए. कार्यक्रम द्वारा इग्नू शिक्षार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपर में कैरियर व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के लिए तैयार करता है वहीं बी.सी.ए. कंप्यूटर साइंस तथा संबंधित क्षेत्र में विशिष्टता प्रदान करता है। बी.एस. डब्ल्यू का सोशलवर्क में स्नातक सामाजिक प्रकरणों पर केंद्रित है और एम.एस.डब्ल्यू, सामाजिक कार्य में अनुसंधानात्मक ज्ञान भी प्रदान करता है । लाइब्रेरी साइंस क्षेत्र में बैचलर और मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण विकास प्रोग्राम में पी.जी. डिप्लोमा या स्नातकोत्तर कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सरकारी संगठनों में अलग-अलग स्तरों पर कार्य करने के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं।छः माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में कई ऐसे हैं जिनके द्वारा स्वरोजगार तथा अन्य सेवाओं के लिए शिक्षार्थी तैयार होते हैं। 'ऑर्गेनिक फार्मिंग' द्वारा जैविक खेती के प्रचलनों तथा विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपना कार्य शुरु किया जा सकता है। सर्टिफिकेट इन पॉल्ट्री फार्मिंग भी मुर्गी पालन क्षेत्र में सही तरीके से सीखकर स्वरोजगार करने के लिए सक्षम करता है। बिजनेस स्किल में सर्टिफिकेट आधारभूत कुशलता प्रदान करता है जिनसे बेसिक स्किल सीखकर बिजनेस के क्षेत्र में उद्धमशीलता बढ़ाई जा सकती है इग्नू के सभी कार्यक्रम शीर्षस्थ संस्थाओं जैसे यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त है। एम.बी.ए./एम.सी.ए. ए.आई.सी.टी.ई. से तथा बी.एड. एन.सी.टी.ई से मान्यता प्राप्त है। कई विदेशी भाषा सीखने के कार्यक्रम हैं जिनमें जर्मन, जापानी, फ्रेंच इत्यादि शामिल हैं और ऑनलाईन तथा ऑफलाईन उपलब्ध है। लैंग्वेज स्कील अतिरिक्त कुशलता है जिसे द्वारा डिग्रीधारकों को रोजगार की संभावना बढ़ जाती है। जुलाई 2025 सत्र में नामांकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर किया जा सकता है।

आपकी बात



अरविंद मनोज कुमार सिंह

## सोशल मीडिया गुरु व सूखे की मार

आज के इस डिजिटल युग में, जहाँ हर दूसरा व्यक्ति 'इन्फ्लुएंसर' बनने की होड़ में है, वहाँ एक ऐसा भी प्राणी था, जिसका नाम था 'ज्ञानचंद'। ज्ञानचंद, जो कभी एक मामूली ऑनलाइन गेमिंग स्ट्रीमर था, अचानक एक 'सोशल मीडिया गुरु' बन बैठा। उसकी खासियत थी कि वह हर समस्या का 'डिजिटल समाधान' बताता था, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो या पड़ोसी का वाई-फाई चोरी। लोग उसकी 'ज्ञान की गंगा' में डूबने को तैयार रहते थे, क्योंकि आखिर मुफ्त में ज्ञान कहाँ मिलता है! उसके फॉलोअर्स की संख्या रॉकेट की गति से बढ़ रही थी, और हर पोस्ट पर 'वाह गुरुजी!' के कमेंट्स की बाढ़ आ जाती थी। ज्ञानचंद का आश्रम अब एक हाई-टेक स्टूडियो था, जहाँ रंग-बिरंगी लाइट्स, ग्रीन स्क्रीन और नवीनतम गैजेट्स का जमावड़ा था। उसके शिष्यों में 'हैशटैग हरीश' और 'रील रमन' जैसे नाम शामिल थे, जो दिन-रात उसके 'ज्ञान' को रील्स और शॉर्ट्स में बदलने में लगे रहते थे। एक दिन, जब गाँव में भयंकर सूखा पड़ा, तो 'किसान किशन' और 'पशुपालक पालू' जैसे सीधे-सादे लोग, जो अपनी पारंपरिक समस्याओं का कोई आधुनिक समाधान नहीं जानते थे, ज्ञानचंद के पास पहुँचे। उन्होंने अपनी सूखी फसलें और प्यासे मवेशी दिखाकर ज्ञानचंद से 'डिजिटल बारिश' की गुहार लगाई। ज्ञानचंद ने अपनी भौंहें चढ़ाईं और कहा, "चिंता मत करो, मेरे पास 'क्लाउड-सीडिंग एल्गोरिथम' है!" ज्ञानचंद ने तुरंत एक लाइव सेशन शुरू किया, जिसका शीर्षक था "सूखे का डिजिटल समाधानः बारिश लाओज्ञानचंद के साथ"। उसने अपने लैपटॉप पर एक जटिल-सी ग्राफिक्स वाली स्क्रीन खोली और घोषणा की, "हम 'बिग डेटा एनालिसिस' और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का उपयोग करके बादलों को आकर्षित करेंगे!" उसने किसानों से कहा कि वे अपने खेतों की 'हाई-डेफिनिशन सैटेलाइट इमेजेस' भेजें और मवेशियों की 'लाइव स्ट्रीमिंग' करें, ताकि वह 'डेटा-ड्रिवन' समाधान निकाल सके। किसान किशन ने अपने फटे-पुराने मोबाइल से एक धुंधली-सी तस्वीर भेजी और पालू ने अपने प्यासे बैल का एक वीडियो बनाया, जिसमें बैल की आँखें भीग रही थीं, लेकिन पानी की कमी से नहीं, बल्कि कैमरे की चमक से। ज्ञानचंद ने अपने शिष्यों को तुरंत 'बारिश के लिए ऑनलाइन पिटीशन' शुरू करने का आदेश दिया और 'वर्षा यज्ञ' के लिए 'क्रिप्टोकरेंसी' में दान माँगा। उसने कहा, "जितना अधिक दान, उतनी अधिक 'क्लाउड-सीडिंग' की संभावना!"

अगले ही दिन, उसके स्टूडियो में 'बारिश के मंत्रों' का एक रीमिक्स बजने लगा, जिसे उसने एक प्रसिद्ध डीजे से बनवाया था। ज्ञानचंद खुद एक 'वर्चुअल रियलिटी' हेडसेट पहनकर 'डिजिटल बादलों' के बीच घूमता रहा और 'वर्चुअल बारिश' का अनुभव करता रहा, जबकि बाहर असली धूप में किसान और उनके मवेशी प्यासे मर रहे थे। "गुरुजी, बारिश कब आएगी?" किसान किशन ने एक दिन हिम्मत करके पूछा। ज्ञानचंद ने अपनी वीआर हेडसेट उतारते हुए कहा, "डेटा अभी प्रोसेस हो रहा है, थोड़ा 'लैग' है!" सूखे की स्थिति बद से बदतर होती गई। मवेशी मरने लगे, और खेतों में दरारें पड़ गईं। ज्ञानचंद ने एक 'इमोशनल अपील' वाला वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपने 'डिजिटल आँसू' दिखाए और कहा, "यह सब 'ग्लोबल वार्मिंग' और 'नेटवर्क कंजेशन' का नतीजा है!" उसने लोगों से 'डिजिटल फास्ट' रखने और 'ऑनलाइन प्रेयर मीट' में शामिल होने की अपील की। एक दिन, जब किसान किशन का आखिरी बैल भी मर गया, तो वह ज्ञानचंद के स्टूडियो के बाहर फूट-फूट कर रोने लगा। "गुरुजी, मेरी सारी उम्मीदें सूख गईं!" उसने चिल्लाया। ज्ञानचंद ने अपने लाइव सेशन में कहा, "यह 'इमोशनल ओवरलोड' है, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' की जरूरत है।" अंत में, जब गाँव में कोई उम्मीद नहीं बची, तो सरकार ने 'आपदा प्रबंधन' के तहत पानी के टैंकर भेजे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ज्ञानचंद ने तुरंत एक 'सक्सेस स्टोरी' वाली पोस्ट डाली, "मेरे 'डिजिटल प्रयासों' के कारण सरकार ने मदद भेजी! #ज्ञानचंद_जिंदाबाद #बारिश_आ_गई!" किसान किशन ने जब यह पोस्ट देखी, तो उसकी आँखों में आँसू आ गए। वह समझ गया कि 'डिजिटल समाधान' सिर्फ स्क्रीन पर चमकते हैं, असली दुनिया में नहीं। उसका हृदय पीड़ा से भर गया, एक गहरी आह उसके सीने से निकली, क्योंकि उसने देखा कि ज्ञानचंद अपने अगले 'डिजिटल वेंचर' की तैयारी कर रहा था - "ऑनलाइन फसल बीमाः अपने नुकसान को 'ब्लॉकचेन' पर सुरक्षित करें!"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

अनियंत्रित नद को सदा, बांधें कूल-किनार।
ऐसे ही व्यवहार को, बांध रहा परिवार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या धर्मस्थलों में अधर्म करने वालों तक पहुंचेंगे कानून के हाथ?

कर्नाटक के धर्मस्थल इलाके में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों से बलात्कार, हत्या और उन्हें दफनाने के दावे के बाद हड़कंप मचा हुआ है।कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न हुआ और उनकी हत्या करने के बाद शवों को परिसर में दफना दिया गया था। अब मामला विशेष जांच टीम को सौंपा गया। कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रेप और हत्या के बाद उनके शव को गुपचुप तरीके से दफनाने का है। लेकिन जिस तरह से जांच चल रही है उससे लगता है कि सरकार की दिलचस्पी धर्मस्थला के अधर्म को सामने लाने की नहीं है। मामले में जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। यह मामला तब सामने आया जब धर्मस्थल में काम कर चुके एक सफाईकर्मी ने दावा किया कि उसे 1998 से 2014 के बीच महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने और उनका अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया गया था। सफाई कर्मचारी ने दावा किया था कि इन महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के शवों पर हमले के निशान भी थे। धर्मस्थल कर्नाटक का एक बड़ा तीर्थस्थल है, जहां बहुत सारे मंदिर हैं और यहां राज्य से बाहर के भी भक्त आते हैं। पूर्व सफाई कर्मी ने बताया है कि पीड़िताओं के साथ किस तरह की खौफनाक घटनाएं हुई और इनमें एक स्कूली छात्रा भी शामिल है जिसे स्कूल यूनिफॉर्म में ही दफनाया गया था और एक 20 साल की महिला भी थी जिसका चेहरा तेजाब से जला दिया गया था।पूर्व सफाई कर्मी के दावे के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई, मामले से जुड़े गवाहों को सुरक्षा दी गई और कंकाल के हिस्सों को अदालत में पेश किया गया। सफाई कर्मी के दावे के बाद कर्नाटक में बड़े पैमाने पर लोगों की नाराजगी सामने आई और अब राज्य सरकार ने जांच को आगे बढ़ाया है।मंदिर के प्राधिकरण ने कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का समर्थन करता है और एसआइटी को इस मामले में सच सामने लाना चाहिए। इसका दावा है कि इसने 19 सालों में धर्मस्थला के गांव में सैकड़ों लाशों को अपने हाथों से दफनाया या जलाया है। इनमें ज्यादातर लाशें लड़कियों और महिलाओं की थी। इनमें से भी ज्यादातर लड़कियां और महिलाएं वो थी जिनका रेप करने के बाद कत्ल किया गया और फिर खुद इसने धर्मस्थल मंदिर प्रशासन के हुक्म पर उन लाशों को जलाकर या दफना कर ठिकाने लगा दिया। हाल ही में 22 जून को एडवोकेट ओजस्वी गौड़ा और सचिन देशपांडे पूर्व सफाई कर्मचारी से मिले। सफाई कर्मचारी ने दावा किया कि वह धर्मस्थल में कब्रों को पहचान सकता है और वह इस अपराध को लोगों के सामने लाना चाहता है।बेंगलुरु के वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कन्नड़ पुलिस अधीक्षक से मिला और दावों की जांच करने की अपील की।पूर्व सफाई कर्मचारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। धर्मस्थला संस्थान के इस पूर्व सफाई कर्मचारी ने दक्षिण कन्नड़ डिस्ट्रिक्ट के एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र लिखा था। इस कंप्लेन लेटर में कायदे से धर्मस्थला में एक सफाई कर्मचारी के तौर पर गुजारे इसके पूरे 19 सालों की कहानी है। उस शिकायत पत्र या कंप्लेन लेटर के बाद 11 जुलाई यानि शुक्रवार को नकाब में छुपाकर इस सफाई कर्मचारी को बेल्थांगडी कोर्ट में पेश किया गया था। उसने फोटोग्राफिक सबूत भी दिए और आरोप लगाया कि उसे 16 साल तक महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया।4 जुलाई को धर्मस्थल पुलिस ने सफाई कर्मचारी की शिकायत के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 211 (ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।11 जुलाई कोपूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे। उसने दावा किया कि इसने उसे एक कब्रगाह से निकाला है। शिकायतकर्ता के वकील पवन देशपांडे ने मीडिया से कहा कि इस मामले में स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। उधर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम के गठन की मांग की। शिकायत दर्ज होने के करीब एक सप्ताह बाद 11 जुलाई को पूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे। जब ये सफाई कर्मचारी पुलिस के पास अपनी शिकायत पत्र लेकर गया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



मनोज कुमार अग्रवाल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पिछले 11 वर्षों में भारत के एक्सप्रेसवे की लंबाई 93 किलोमीटर से बढ़कर 5,110 किलोमीटर हो गई है : गडकरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को संसद में बताया कि भारत में एक्सप्रेसवे सहित एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर (प्रवेश-नियंत्रित राष्ट्रीय उच्च गति गलियारों) की लंबाई मार्च 2014 में मात्र 93 किलोमीटर थी जो बढ़कर वर्तमान में लगभग 5,110 किलोमीटर हो गई है। मंत्री ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 5,110 किलोमीटर लंबाई में से 2,636 किलोमीटर पहले ही चालू हो चुकी है। मंत्री ने अपने उत्तर में यह भी बताया कि भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क की कुल लंबाई मार्च 2014 में 91,287 किलोमीटर से बढ़कर वर्तमान में 1,46,342 किलोमीटर हो गई है। पिछले 11 वर्षों में देश में राजमार्ग निर्माण की गति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2014-15 में 12 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 2023-24 में 34 किलोमीटर प्रतिदिन तथा 2024-25 में 29 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में देश में 7.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश से 29,400 किलोमीटर लंबी 1,240 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

मंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने अप्रैल 2014 से अब तक देश भर में राज्य राजमार्गों (एसएच) और ग्रीनफील्ड खंडों सहित लगभग 54,004 किलोमीटर राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में अधिसूचित करने के बाद, उन्हें अपने हाथ में लिया है। इससे केंद्र को राजमार्ग विकास की गति में तेजी लाने में मदद मिली है। सरकार को समय-समय पर विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से राज्य के राजमार्गों सहित राज्य सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के व्यापक सिद्धांतों, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, यातायात घनत्व, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। वर्तमान में, राजस्थान और असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 91,290 करोड़ रुपये की लागत वाली 206 निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं विलंबित हैं। इनमें से अधिकांश परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से 2025-26 तक पूरा किया जाना है और केवल कुछ ही परियोजनाओं के 2026-27 से आगे बढ़ने की उम्मीद है। मंत्री ने बताया कि इनमें से एक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, जिसका निर्माण 410 करोड़ रुपये के निवेश से किया जा रहा है, राजस्थान के जालौर जिले से होकर गुजरती है और इसका लक्ष्य 2025-26 में पूरा होना है।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख, सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंचे

**नई दिल्ली (हि.स.)**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन जोरदार तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 950 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये से लेकर 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,810 रुपये से लेकर 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भारत की एज डेटा सेंटर क्षमता 2027 तक तीन गुना बढ़कर 200-210 मेगावाट होने का अनुमान



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के एज डेटा सेंटर के 2024 के 60-70 मेगावाट से बढ़कर 2027 तक 200-210 मेगावाट (मेगावाट) तक पहुंचने का अनुमान है, जो उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार से तीन गुना वृद्धि को दर्शाता है, गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। आईसीआरए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, भारत की कुल डेटा सेंटर क्षमता के प्रतिशत के रूप में वर्तमान एज डेटा सेंटर क्षमता लगभग 5 प्रतिशत है, और 2027 तक इसके 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। एज डेटा सेंटर छोटी, विकेन्द्रीकृत सुविधाएं हैं जो अंतिम उपयोगकर्ताओं और उपकरणों के करीब स्थित हैं और यह पारंपरिक डेटा सेंटरों के विपरीत है, जो आमतौर पर बड़े और केंद्रीकृत होते हैं, वे न्यूनतम विलंबता के साथ रीयल-टाइम डेटा प्रोसेसिंग सेवा प्रदान करते हैं। इक्रा की कॉर्पोरेट रेटिंग्स की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख अनुपमा रेड्डी ने कहा, "एज डेटा सेंटर आकार, स्थान, पैमाने, निर्माण में लगने वाला समय, प्रति मेगावाट पूंजीगत व्यय लागत, अंतिम उपयोगकर्ता से दूरी आदि जैसे कई मापदंडों में पारंपरिक डेटा सेंटरों से भिन्न होते हैं। रेड्डी ने आगे कहा कि भारतीय संदर्भ में, पारंपरिक डेटा सेंटर और एज डेटा सेंटर डिजिटल बुनियादी ढांचे के पूरक स्तंभ हैं। भारत में बढ़ते क्लाउड इकोसिस्टम के साथ, पारंपरिक डेटा सेंटर बड़े पैमाने पर कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्लाउड वर्कलोड को बढ़ावा देते रहेंगे, जबकि एज डेटा सेंटर रीयल-टाइम प्रोसेसिंग और स्थानीयकृत सेवाओं की सुविधा प्रदान करेंगे। पारंपरिक और एज डेटा सेंटरों से स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, कृषि, रक्षा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाने के लिए हब-एंड-स्पोक मॉडल में काम करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आशाजनक संभावनाओं के बावजूद, भारत में एज डेटा सेंटरों के लिए कुछ प्रमुख चुनौतियों में दूरस्थ तैनाती (मुख्यतः टियर 2 और टियर 3 शहरों में) के कारण सुरक्षा संबंधी कमजोरियां शामिल हैं।

तेज तकनीकी परिवर्तनों के कारण अप्रचलन का खतरा, दूरदराज के इलाकों में कुशल पेशेवरों की कमी और पारंपरिक डेटा सेंटरों के साथ अंतर-संचालन संबंधी समस्याएं। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में एज डेटा सेंटर क्षमता का 44 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अमेरिका के पास है, इसके बाद यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्र में 32 प्रतिशत और एशिया प्रशांत क्षेत्र में 24 प्रतिशत है।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय पलामू
## विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी (शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या उपायुक्त, पलामू समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा 11(i) के अधीन)

पत्रांक–204 मेदिनीनगर दिनांक–22.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हल्दी, थाना–पॉकी, थाना नं0–539, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अमानत बराज निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हल्दी, थाना–पॉकी, थाना नं0–539, अंचल–पॉकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 10.13 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा (भुखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.90 | सरदार सिंह पिता–नागेश्वर सिंह | नहर | मटन सिंह | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 02 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 3.00 | मटन सिंह पिता–बालदेव सिंह | सुरदार सिंह | जिरा देवी | दिलोक सिंह वै0 | अमानत नदी |
| 03 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 1.50 | जिरा देवी पति–जादो सिंह | मटन सिंह | विशेष सिंह | लक्ष्मण सिह वै0 | अमानत नदी |
| 04 | 04 | 09 | रैयती | कृषि | 2.73 | उग्रसेन सिंह पिता–शिवलोक सिंह | जिरा देवी | प्लौट नं0–09 का अंष | बली सिंह वै0 | अमानत नदी |
| | | | | कुल योग :– | 10.13 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित हल्दी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और उनके कर्मचारी पलामू तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, पलामू।
ह0/– उपायुक्त, पलामू।

PR 358073 (Palamu) 25-26 (D)

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा

Email - dairylohardaga@yahoo.com

### :– आवश्यक सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत अनुदान/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालित गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/कार्यालय अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से कार्य दिवस में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति एवं स्थानीय जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/विकलांगता संबंधि प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा में **दिनांक–10.08.2025 के अपराह्न 04:00 बजे** तक जमा करना सुनिश्चित करेगें। वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास अन्तर्गत राज्यादेश प्राप्त होने के उपरांत विहित प्रावधानों के अनुरूप योजना का क्रियान्वयन नियमानुसार किया जाएगा। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा/सबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

| क्रं0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | दो (02) दुधारू गाय की योजना | 1,35,050 | |
| 2 | पांच (05) दुधारू गाय की योजना | 3,37,625 | |
| 3 | दस (10) दुधारू गाय की योजना | 6,75,250 | |
| 4 | हस्त चालित चैफ कटर योजना | 8,000 | |
| 5 | विद्युत चालित चैफ कटर योजना | 20,000 | |
| 6 | मिल्किंग मषीन | 1,20,000 | |
| 7 | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000 | |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट | 25,000 | |
| 9 | डीप बोरिंग | 1,00,000 | |
| 10 | काउ मैट | 5,200 | |

**गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए निर्धारित आहर्ता एवं शर्तें निम्नवत् है :–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन/अनुसंशा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान, मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर), झारखण्ड मिल्क फेडरेशन(JMF) के प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे। लाभुकों के चयन हेतु अनुसंशा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति दोनो में से कोई एक के द्वारा किया जाएगा।
- विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान 01(एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रतिक्षा सूची में अगले लाभुक का चयन किया जाएगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि लाभुकों के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- ए0पी0एल0 वर्ग के लाभुक जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमिधारक/पूर्व अथवा वर्तमान सवैंधानिक पदधारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ के कर्मी को छोड़कर) रू0 10,000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांक वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर/यथा चिकित्सक, अभियंता/वकील,चार्टेड एकाउन्टेंट एवं आर्किटेक्ट वर्ग होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होगें। (लाभुकों को वर्णित आशय का स्व–अभिप्रमाणित घोषणा पत्र देना होगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन का क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर अनुदान राशि लाभुकों का उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में जमा करना सुनिश्चित् किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 358037 Lohardaga(25-26)#D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

76वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामरतन कुमार मेहता एवं शंखनाथ सिंह द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–444/25<br>2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–नकुल महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–445/25<br>2. आवेदक–मंजू देवी, पति–रजनीश कुशवाहा<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–446/25<br>2. आवेदक–किरण देवी, पति–ओमप्रकाश कुशवाहा<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों बांह में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–447/25<br>2. आवेदक–किशोर कांत मेहता, पिता–जगनारायण महतो<br>3. ग्राम–लोहरा, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में नस का गुच्छा। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–448/25<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार, पिता–मूंगा राम<br>3. ग्राम–गोपालगंज, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–449/25<br>2. आवेदक–बीरबल मिस्त्री, पिता–चतुरी मिस्त्री<br>3. ग्राम–कांकेकलां, पोस्ट–कांकेकलां, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–450/25<br>2. आवेदक–कपिलदेव पाण्डेय, पिता–जुगेश्वरी पाण्डेय<br>3. ग्राम–लोहरा, पोस्ट–सांगबार थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एवं बालकिशुन उराँव द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा झामुमो की वर्ष 1995 की बैठक पार्टी में नाम के आधार पर।** | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–451/25<br>2. आवेदक–दिनेश कुमार सिंह, पिता–राम नरेश सिंह<br>3. ग्राम–सिकी कला, पोस्ट–सिकी कला, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–1037/25<br>2. आवेदक–राम प्रवेश सिंह, पिता–सीता राम सिंह<br>3. ग्राम–पंडवा, पोस्ट–राजहारा, थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–452/25<br>2. आवेदक–फूला देवी, पति–नागेश्वर राम<br>3. ग्राम–हरतूआ, पोस्ट–सांगवार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–453/25<br>2. आवेदक–विनोद साव, पिता– रामबेलास साव<br>3. ग्राम–तंलिया दोहर, पोस्ट– पदुमा, थाना–मनातु, प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–454/25<br>2. आवेदक–कलावती देवी, पति–सत्येन्द्र महतो<br>3. ग्राम–कुन्दरी, पोस्ट–कुन्दरी, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–455/25<br>2. आवेदक–देगुनी देवी, पति–बाबूलाल सिंह<br>3. ग्राम–मन्दरिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड– लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–456/25<br>2. आवेदक–बिन्दु देवी, पति–प्रमदेव महतो<br>3. ग्राम–डन्डार, पोस्ट–डन्डार, थाना–पाँकी, प्रखण्ड–पाँकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–457/25<br>2. आवेदक–ममता देवी, पति–नागेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–सिकी काला, पोस्ट–सिकी काला, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठा कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–458/25<br>2. आवेदक–अविनाश देव, पिता–स्व0 सुदामा पंडित<br>3. ग्राम–कोयल नदी के किनारे चंद्र कृषि फार्म, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट पर चिन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–459/25<br>2. आवेदक–संतोष कुमार, पिता–सरयु राम<br>3. ग्राम–सेमराटाड़, पोस्ट–शाहपुर, थाना–चैनपुर ,प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–460/25<br>2. आवेदक–प्रमिला देवी, पति–धर्मदेव सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट, पोस्ट–रामगढ़, थाना– रामगढ़, प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया आँख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–461/25<br>2. आवेदक–धर्मदेव सिंह, पिता–जम्मेदार सिंह<br>3. ग्राम–चोरहट, पोस्ट–रामगढ़, थाना– रामगढ़, प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया केहुनी में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–462/25<br>2. आवेदक–मदन उराँव, पिता–टिकी उराँव<br>3. ग्राम–अलगडीहा, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर ,प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–111/25<br>2. आवेदक–राजकुमार चौधरी, पिता–मिठु चौधरी<br>3. ग्राम–फकीराडीह, पोस्ट–रामकंडा, थाना–भण्डरीया ,प्रखण्ड– भण्डरीया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना हाथ के कानी अँगुली टेढ़ा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–463/25<br>2. आवेदक–प्रेमचन्द्र मुण्डा, पिता–बुधवा मुण्डा<br>3. ग्राम–हिसरा, पोस्ट–नवाडीह, थाना– रामगढ़, प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरा में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–112/25<br>2. आवेदक–रवि शंकर कश्यप, पिता–स्व0 फली राम<br>3. ग्राम–भण्डरिया, पोस्ट– भण्डरिया, थाना– भण्डरिया, प्रखण्ड– भण्डरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–464/25<br>2. आवेदक–संजय प्रसाद, पिता–स्व0 श्याम सुन्दर प्रसाद<br>3. ग्राम–नवाटोली, पोस्ट–डालटनगंज, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड– डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–465/25<br>2. आवेदक–मिश्री उराँव, पिता–स्व0 रामदेव उराँव<br>3. ग्राम–चियाँकी, पोस्ट– चियाँकी, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड– डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–477/25<br>2. आवेदक–गुलमती देवी, पति– गणेश उराँव<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–मनिका कोपे, थाना–मनिका, प्रखण्ड– मनिका<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–466/25<br>2. आवेदक–बासमती देवी, पति– बिरेन्द्र उराँव<br>3. ग्राम–चियाँकी, पोस्ट– चियाँकी, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड– डालटनगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–467/25<br>2. आवेदक–मो0 सनाउल्ला, पिता–एच0एम0 मोहसिन<br>3. ग्राम–कुण्ड मुहल्ला, पोस्ट– डालटनगंज, थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड– डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथे पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन महतो एवं भरदुल भुईया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–468/25<br>2. आवेदक–सुनिल कुमार साहू, पिता–गोविन्द साहू<br>3. ग्राम–काली मंदिर के पास रेडमा वार्ड न0–24, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–469/25<br>2. आवेदक–शहजादा बीबी, पति–जफरू खलीफा<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–470/25<br>2. आवेदक–चंचला सिंह, पति–राणा मुकेश कुमार सिंह<br>3. ग्राम–एस पी कोठी रोड आबादगंज, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–471/25<br>2. आवेदक–धनजय कुमार सिंह, पिता–कामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–हनुमान नगर बारालोटा, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–472/25<br>2. आवेदक–राजेश्वर राम, पिता–स्व0 बिशु राम<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–473/25<br>2. आवेदक–नन्दकुमार महतो, पिता–स्व0 नेपाली महतो<br>3. ग्राम–बनुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–474/25<br>2. आवेदक–मो0 मुस्लिम अंसारी, पिता–तेजामुल मियां<br>3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–475/25<br>2. आवेदक–गुडडी देवी, पति–सुनिल कुमार<br>3. ग्राम–बारलोटा, पोस्ट–जी एल ए कॉलेज ,थाना– मेदिनीनगर, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–476/25<br>2. आवेदक–धमेन्द्र कुमार राम, पिता–स्व0 विरशुल राम<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–477/25<br>2. आवेदक–चन्द्रदेव सिंह, पिता–कैलेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सागबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–478/25<br>2. आवेदक–अरविंद कुमार साह, पिता–करमचंद साह<br>3. ग्राम–तिलो, पोस्ट–पदुमा, थाना–मनातू, प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–479/25<br>2. आवेदक–जियन्ति देवी, पति–चन्द्रदेव सिंह<br>3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सागबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–41वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–480/25<br>2. आवेदक–जयनाथ राम, पिता–लक्ष्मण राम<br>3. ग्राम–तेतरडीह, पोस्ट–पदुमा, थाना–मनातू, प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–481/25<br>2. आवेदक–नीलम देवी, पति–सुरेन्द्र चन्द्रवंशी<br>3. ग्राम–पुरनाडीह, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–41वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–482/25<br>2. आवेदक–मानमती देवी, पति–हरिर्दशन राम<br>3. ग्राम–कारिहार, पोस्ट–गहरापथरा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–484/25<br>2. आवेदक–शिला देवी, पति–महेन्द्र ठाकुर<br>3. ग्राम–उर्हुलिया, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–485/25<br>2. आवेदक–रामजी राम, पिता–मोतीराम<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–886/25<br>2. आवेदक–नीरा देवी, पति–इन्द्रदेव राम<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–887/25<br>2. आवेदक–फुलकुमारी देवी, पति–विनय कुमार राम<br>3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–888/25<br>2. आवेदक–राजपति देवी, पति–रामचन्द्र राम<br>3. ग्राम–रामानन्द डबरा, पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–889/25<br>2. आवेदक–माया कुमारी, पति–राजू कुमार राम<br>3. ग्राम–कमलपुर, पोस्ट–धनगांव ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–890/25<br>2. आवेदक–गोविंद भुईया, पिता–स्व0 बालों भुईया<br>3. ग्राम–सांगवार, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–891/25<br>2. आवेदक–नबालिक भुईया, पिता–स्व0 अकलू भुईया<br>3. ग्राम–सांगवार, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–892/25<br>2. आवेदक–रामरती राम, पिता–स्व0 काबिल राम<br>3. ग्राम–सांगवार, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये कान के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–893/25<br>2. आवेदक–श्रवण मेहता, पिता–रामचरित्र महतो<br>3. ग्राम–सांगवार, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ अंगुठा के नीचे कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–894/25<br>2. आवेदक–शिवपूजन महतो, पिता–हरी महतो<br>3. ग्राम–मुन्दरिया, पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–895/25<br>2. आवेदक–चन्द्रदेव यादव, पिता–बुधन यादव<br>3. ग्राम–पचमो, पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–896/25<br>2. आवेदक–रामचन्द्र राम, पिता–स्व0 रूपु राम<br>3. ग्राम–रामानन्द डबरा, पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–897/25<br>2. आवेदक–रमेश प्रजापति, पिता–स्व0 डोमन प्रजापति<br>3. ग्राम–सोंस, पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–898/25<br>2. आवेदक–नरेन्द्र कुमार, पिता–चन्द्रमोहन महतो<br>3. ग्राम–साहद, पोस्ट–गुरूवा ,थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–899/25<br>2. आवेदक–महेन्द्र महतो, पिता–स्व0 जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बारालोटा हाउसिंग कॉलोनी, पोस्ट–मेदिनीनगर ,थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–900/25<br>2. आवेदक–कविता देवी, पति–जोगेन्द्र भुईया<br>3. ग्राम–पथरकलां, पोस्ट–पांकी ,थाना–पांकी, प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358074 (Home) 25-26 (D)

# टाटा समूह चिप्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म और इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान केंद्रित करेगा : चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि कंपनी का मुख्य लक्ष्य सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और वित्तीय सेवाओं में अपनी विनिर्माण उत्कृष्टता को बढ़ाना है। कंपनी की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में, उन्होंने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, जिसका वार्षिक राजस्व 66,000 करोड़ रुपये है, प्रौद्योगिकी हार्डवेयर और सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। समूह ने 28एनएम नोड के साथ अपनी सेमीकंडक्टर यात्रा शुरू की है और उन्नत चिप निर्माण की दिशा में इस आधार पर आगे बढ़ने की योजना बना रहा है। चंद्रशेखरन ने लिखा, "टीसीएस, स्टार्टअप्स और अन्य इकोसिस्टम प्लेयर्स के साथ मिलकर, हम भारत को जेनएआई युग के लिए तैयार करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम डेटा सेंटर बनाएंगे और अपने कर्मचारियों को नए एआई टूल्स में कुशल बनाएंगे, उद्योग में सर्वश्रेष्ठ साझेदारियां बनाएंगे और व्यवसायों को बदलने के लिए मानव+एआई मॉडल के माध्यम से समाधान प्रदान करेंगे।" टाटा सन की वित्तीय सेवा शाखा, टाटा कैपिटल अगले छह से आठ हफ्तों में अपना आईपीओ लॉन्च करने के लिए तैयार है। चंद्रशेखरन ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में, एग्राटास भारत और यूके में सुविधाओं के साथ 60 गीगावाट घंटा की बैटरी क्षमता विकसित कर रहा है, जिसे बेंगलुरु और ऑक्सफोर्ड स्थित अनुसंधान एवं विकास केंद्रों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने आगे कहा कि बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में, हमारी क्षमता निर्माण स्थिर और गारंटीकृत उठाव के साथ होना चाहिए, जो अच्छे वित्तीय रिटर्न की नींव है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर, नई प्राथमिकताओं में लैंडफिल में भेजे जाने वाले कचरे को कम करना, जैव विविधता योजनाएं बनाना और हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले ताजे पानी की भरपाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा, "मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स तेज़ी से आगे बढ़ रहा है- इसमें पहले से ही 65,000 से ज़्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं (जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं) और इसका वार्षिक राजस्व 66,000 करोड़ रुपये है। यह तकनीकी हार्डवेयर की पूंजी-प्रधान दुनिया में एक बड़ा बदलाव है।" टाटा पावर ने पिछले आठ वर्षों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को चौगुना कर दिया है। यह सहायक कंपनी अब देश भर में 6,700 चार्जिंग स्टेशनों के साथ, रूफटॉप सोलर और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में भारत में अग्रणी है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, टाटा समूह का कुल राजस्व 1.9 गुना बढ़ा, कुल शुद्ध लाभ 3.6 गुना बढ़ा है।

# भारत में आधे से अधिक नौकरी के लिए जारी पोस्ट में अब वेतन का खुलासा होता है : रिपोर्ट

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

गुरुवार को जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, नौकरी चाहने वालों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते, भारत में 50 प्रतिशत से ज्यादा नौकरियों के पोस्टों (विज्ञापन) में अब वेतन का खुलासा किया जाता है। मार्च 2022 से जून 2025 तक इंडीड इंडिया पर प्रकाशित नौकरियों की पोस्टों (विज्ञापन) के आधार पर, जॉब पोर्टल इंडीड की रिपोर्ट से पता चला है कि नौकरियों के पोस्टिंग (पोस्ट जो शेयर किए गए हैं) में वेतन पारदर्शिता तेजी से एक आम विशेषता बनती जा रही है। 2025 की शुरुआत में, इंडीड इंडिया पर वेतन संबंधी जानकारी वाली नौकरियों की पोस्टिंग का हिस्सा 50 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया, जो मार्च 2022 में केवल 26 प्रतिशत और 2023 के अंत तक 47 प्रतिशत था। यह बदलाव मुख्य रूप से नौकरी चाहने वालों द्वारा प्रेरित है जो अवसरों की तलाश करते समय स्पष्टता, निष्पक्षता और पूर्ण सूचना को महत्व देते हैं। लेकिन कुल मिलाकर वेतन पारदर्शिता में निरंतर वृद्धि के बावजूद, वेतन संबंधी जानकारी के खुलासे के मामले में कुछ सेक्टर्स और रोल्स दूसरों की तुलना में अधिक अस्पष्ट बनी हुई हैं। इंडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स शशि कुमार ने कहा, "हालांकि वेतन का जल्द खुलासा प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक प्रमुख कारक बनता जा रहा है, लेकिन वेतन पारदर्शिता को आदर्श बनाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। कुमार ने आगे कहा, "कभी इसे एक अच्छा विकल्प माना जाता था, लेकिन अब यह आधुनिक नियोक्ता ब्रांडिंग का एक प्रमुख आधार बनता जा रहा है। वास्तव में, प्रतिस्पर्धी बाजार में, पारदर्शिता शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने का नया ज़रिया है।

# नीति निर्माताओं को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता: आरबीआई

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जोर देकर कहा है कि सक्रिय सरकारी हस्तक्षेप ने घरेलू तेल कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित किया है, लेकिन नीति निर्माताओं को निरंतर मूल्यांकन के माध्यम से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आ रही गतिशीलता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों के प्रति सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि भारत का कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता बढ़ा रहा है। आरबीआई ने अपने नए बुलेटिन में 'भारत में तेल मूल्य और मुद्रास्फीति के संबंध पर पुनर्विचार' शीर्षक से प्रकाशित एक पत्र में कहा है कि इस संबंध में, सरकारी नीतियां इस प्रभाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पत्र में ज़ोर देकर कहा गया है, "विशेष रूप से, वैकल्पिक गैर-जीवाश्म ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने और अनुकूल कीमतों पर तेल आयात के लिए प्रमुख तेल निर्यातकों के साथ क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय संधियों पर विचार किया जा सकता है। हाल के वर्षों में, उपभोग वृद्धि और मज़बूत आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में कच्चे तेल की शुद्ध आयात मांग मज़बूत बनी हुई है।

तेल की कीमतें और उनका मुद्रास्फीतिकारी प्रभाव एक प्रमुख मानदंड है जो तेल मूल्य झटकों के प्रति संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से शुद्ध तेल आयातकों, में मौद्रिक नीति निर्माण को संवेदनशील बनाता है, जहां तेल की बढ़ती कीमतें आर्थिक विकास को काफी कम कर सकती हैं और मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकती हैं। आरबीआई के इस बुलेटिन में कहा गया है, "अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव का घरेलू पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों पर सीधा प्रभाव पड़ने के साथ अप्रत्यक्ष रूप से परिवहन और इनपुट लागत पर भी इसका प्रभाव देखा जाता है, हालांकि यह प्रभाव कम स्तर पर है क्योंकि टैक्स, सेस और तेल विपणन कंपनियों के विनियमन के माध्यम से सरकारी हस्तक्षेप ने अक्सर इस प्रभाव को कम कर दिया है। अनुभवजन्य विश्लेषण के परिणाम बताते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि भारत की मुख्य मुद्रास्फीति को समसामयिक आधार पर लगभग 20 आधार अंकों तक बढ़ा सकती है। आरबीआई के दस्तावेज़ में कहा गया है, "हालांकि सक्रिय सरकारी हस्तक्षेप से खुदरा कीमतों पर पड़ने वाला प्रभाव नियंत्रित रहा है, लेकिन कच्चे तेल के आयात पर बढ़ती निर्भरता के दीर्घकालिक परिणाम महंगाई को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, जिसके लिए निरंतर सतर्कता और इसके संभावित प्रभाव की सावधानीपूर्वक निगरानी आवश्यक है।"

## झारखण्ड सरकार,
## गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

76वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन महतो एवं भरदुल भुईंया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–901/25 2. आवेदक–श्रवनी देवी, पति–विनय कुमार सिंह<br>3. ग्राम–गोंगो , पोस्ट–उदयपुरा ,थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–902/25 2. आवेदक–सुनिता देवी, पति–मंजित राम<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–903/25 2. आवेदक–बासो देवी, पति–गोविन्द भुईंया<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–904/25 2. आवेदक–सबीता देवी, पति–उदीत राम<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–905/25 2. आवेदक–अजय प्रजापति , पिता–स्व0 रघुनन्दन प्रजापति<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–906/25 2. आवेदक–सुमित्रा देवी, पति–रामजी राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–907/25 2. आवेदक–आशा देवी, पति–स्व0 विनय राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–908/25 2. आवेदक–बलराम सिंह , पिता–स्व0 सुदामा सिंह<br>3. ग्राम–जुरू , पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–909/25 2. आवेदक–रीता देवी, पति–रामाश्रय सिंह<br>3. ग्राम–उडहुलिया , पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–910/25 2. आवेदक–राजदेव राम , पिता–स्व0 लेदा राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–911/25 2. आवेदक–अवधेया राम , पिता–विदेशी राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–912/25 2. आवेदक–अजय कुमार , पिता–केदार राम<br>3. ग्राम–मुरमुसी , पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–913/25 2. आवेदक–शीला देवी, पति–महेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–हाउसिंग कॉलोनी, बारालोटा , पोस्ट–मेदिनीनगर ,थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–914/25 2. आवेदक–गोविन्द महतो , पिता–नथु महतो<br>3. ग्राम–भोंगा , पोस्ट–सिक्की कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–915/25 2. आवेदक–बाला महतो , पिता–पुनित महतो<br>3. ग्राम–नवाडीह भुडवा , पोस्ट–कांकेकलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–916/25 2. आवेदक–नीरा देवी, पति–गोविन्द महतो<br>3. ग्राम–भोंगा , पोस्ट–सिक्की कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–917/25 2. आवेदक–पुष्पा देवी, पति–पिन्टु राम<br>3. ग्राम–उताकी , पोस्ट–बैदा कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–918/25 2. आवेदक–इन्दु देवी, पति–जदुनन्दन राम<br>3. ग्राम–उताकी, टोला बघवर , पोस्ट–उताकी ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–919/25 2. आवेदक–सुबोधकान्त वर्मा , पिता–उदयनाथ महतो<br>3. ग्राम–दिपौवा , पोस्ट–दिपौवा ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–920/25 2. आवेदक–शिवप्रसाद महतो , पिता–स्व0 बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–सहदेवा , पोस्ट–पाण्डेपुरा ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के ठेहुना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–921/25 2. आवेदक–अशर्फी उपाध्याय , पिता–बिन्देश्वरी उपाध्याय<br>3. ग्राम–चेतमा, पोस्ट–किशुनपुर ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–922/25 2. आवेदक–कले[illegible]वरी देवी, पति–प्रभु राम<br>3. ग्राम–भीमगाड़ा चियांकी , पोस्ट–चियांकी ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–923/25 2. आवेदक–प्रभु राम , पिता–स्व0 बेलास राम<br>3. ग्राम–भीमगाड़ा चियांकी , पोस्ट–चियांकी ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–924/25 2. आवेदक–मंदोदरी कुंवर , पति–स्व0 राजेन्द्र मोची<br>3. ग्राम–जोड़ , पोस्ट–सिंगड़ा ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–925/25 2. आवेदक–फिरोज हुसैन , पिता–कलाम मियां<br>3. ग्राम–पिपरा टोली वार्ड नं0 01 , पोस्ट–डाल्टेनगंज ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–926/25 2. आवेदक–अब्दुल जब्बार हवारी , पिता–हलिम हवारी<br>3. ग्राम–रेडमा वार्ड नं0 26, सब्जी गली , पोस्ट–डाल्टेनगंज ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–478/25 2. आवेदक–बालगोविन्द महतो , पिता–स्व0 रामप्यारी महतो<br>3. ग्राम–पिपराकलां , पोस्ट–रबदा रांकी कलां, थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–479/25 2. आवेदक–मंजू देवी, पति–बालगोविन्द महतो<br>3. ग्राम–पिपराकलां , पोस्ट–रबदा रांकी कलां, थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–927/25 2. आवेदक–विनय कुमार सिंह , पिता–कमलेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–गोगों , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–पिपरटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–1038/25 2. आवेदक–जयपाल सिंह , पिता–स्व0 सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम–पंडवा , पोस्ट–रजहरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–1039/25 2. आवेदक–जनकधारी महतो , पिता–स्व0 मुनारिक महतो<br>3. ग्राम–बासु , पोस्ट–लामीपतरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–1040/25 2. आवेदक–अशोक कुमार चौहान , पिता–सुखदेव चौहान<br>3. ग्राम–पंडवा , पोस्ट–रजहरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–1041/25 2. आवेदक–जोखन राम , पिता–बनवारी राम<br>3. ग्राम–मुरकटवा , पोस्ट–गाड़ी , थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–928/25 2. आवेदक–राजकुमार राम, पिता–भोला राम<br>3. ग्राम–सबौना वार्ड नं0 1 , पोस्ट–रेहला , थाना–रेहला , प्रखण्ड–रेहला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–929/25 2. आवेदक–अकल मोची, पिता–जगदीश मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–930/25 2. आवेदक–ज्ञानी मोची, पिता–जगदीश मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–931/25 2. आवेदक–जगदीश मोची, पिता–फिरंगी मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–932/25 2. आवेदक–धनदेव मोची, पिता–रामकिशुन मोची<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–933/25 2. आवेदक–त्रिलोकी नाथ गुप्ता , पिता–स्व0 सुखदेव साव<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें लिलार पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–934/25 2. आवेदक–वृक्ष मांझी, पिता–स्व0 बिगावन मांझी<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–935/25 2. आवेदक–बैद्यनाथ प्रसाद, पिता–सुखदेव प्रसाद<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–936/25 2. आवेदक–देवानन्द बड़ाईक , पिता–स्व0 रामसेवक बड़ाईक<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–937/25 2. आवेदक–अखिलेश बड़ाईक , पिता–स्व0 रामसेवक बड़ाईक<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–938/25 2. आवेदक–सेवक भुईया , पिता–स्व0 कन्हाई भुईंया<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–939/25 2. आवेदक–नरवदेश्वर सिंह , पिता–रामगुलाब सिंह<br>3. ग्राम–पगारखुर्द , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–940/25 2. आवेदक–अनीता देवी, पति–सुरेश ठाकुर<br>3. ग्राम–चक , पोस्ट–चक, थाना–मनातू , प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–480/25 2. आवेदक–अनिल कुमार , पिता–अर्जुन राम<br>3. ग्राम–चन्दनडीह , पोस्ट–लातेहार वार्ड नं0 12 , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–481/25 2. आवेदक–रामस्वरूप राम , पिता–केशो राम<br>3. ग्राम–कुचिला , पोस्ट–छिपादोहर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–482/25 2. आवेदक–बालकिशुन राम , पिता–केशो राम<br>3. ग्राम–कुचिला , पोस्ट–छिपादोहर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विकेश शुक्ला द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–941/25 2. आवेदक–सुनील कुमार तिवारी , पिता–गोरखनाथ तिवारी<br>3. ग्राम–रेडमा , पोस्ट–जी0एल0ए0 कॉलेज कैम्पस , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरारी साव, शिवप्रसाद गुप्ता एवं महेन्द्रनाथ शर्मा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–943/25 2. आवेदक–मिथलेश कुमार सहाय , पिता–स्व0 रामेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–जेल हाता, वार्ड नं0 20 , पोस्ट–डाल्टनगंज , थाना–डाल्टनगंज, प्रखण्ड–सदर मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दीनानाथ राम एवं लक्ष्मण राम ठाकुर द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–944/25 2. आवेदक–उदित राम , पिता–स्व0 जयमंगल राम<br>3. ग्राम–सिगसिगी , पोस्ट–सिगसिगी , थाना–रेहला, प्रखण्ड–रेहला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 358077 Home(25-26).D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय,गढ़वा

### INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU

### सूचना

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत देश के अविवाहित युवक एवं युवतियों के लिए भारतीय वायु सेना से जुड़े पदों हेतु अधिसूचना (**Notification**) जारी किया है। जिसके तहत युवक/युवती उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर वायु एवं एयर मैन सेवा परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन पदों हेतु आवेदन करने की तिथि दिनांक–11.07.2025 से दिनांक–31.07.2025 तक निर्धारित की गई है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होने के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले योग्य युवक/युवती जिनका जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ है वे अग्निवीर वायु पद हेतु सेना के अधिकृत वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर तथा एयर मैन पद हेतु https://airmenselection.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 358157 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

76वीं औपबंधिक सूची, जिला–लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखाण्ड आन्दोलनकारी विशेषण भगत एवं अमर किन्डो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–139/5 2. आवेदक–रामगति प्रसाद गुप्ता , पिता–श्री तालेश्वर साहु<br>3. ग्राम–मैना बगीचा लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–140/25 2. आवेदक–सुनील पन्ना , पिता–स्व0 सोहन पन्ना<br>3. ग्राम–मधुबन टोली , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–141/25 2. आवेदक–रामनारायण प्रसाद , पिता–स्व0 जगदीश प्रसाद<br>3. ग्राम–ओपनाबखरीटोली , पोस्ट–हीरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–142/25 2. आवेदक–युनुस आजाद आलम , पिता–अब्दुलमनान खान<br>3. ग्राम–लावागाई , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–143/25 2. आवेदक–फरीदा खातून, पति–युनुस आजाद आलम<br>3. ग्राम–लावागाई , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–महिला, आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–144/25 2. आवेदक–रूपी उराईन, पति–स्व0 बन्दे उराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–70वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के नीचे काला दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–145/25 2. आवेदक–नौरी उराईन, पति–स्व0 मंगल उराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में गोदना का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–146/25 2. आवेदक–शनिचरिया उराईन, पति–स्व0 अंगनुउराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में काला का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–147/25 2. आवेदक–सुशिला कुजूर , पति–हारूण कुजूर<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में घेघा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–148/25 2. आवेदक–बुदो उराईन, पति–बुधराम उराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–149/25 2. आवेदक–लाजर बाड़ा , पिता–स्व0 भैरो बाड़ा<br>3. ग्राम–तेतरडांड , पोस्ट–चरहु , थाना–किस्को, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–150/25 2. आवेदक–बीणा देवी , पति–स्व0 रामकिशोर उराँव<br>3. ग्राम–ओपना , पोस्ट–हीरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–151/25 2. आवेदक–रतिया कच्छप , पित–स्व0 मंगा कच्छप<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–152/25 2. आवेदक–निकोदीम्युस टोप्पो , पित–स्व0 तेरेस टोप्पो<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें अंगुली में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–153/25 2. आवेदक–लगनी उराईन, पति–गोदे उराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–154/25 2. आवेदक–सुशिला कुजूर , पति–स्व0 आशीश कुजूर<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–155/25 2. आवेदक–रश्मिबेला कच्छप , पति–स्व0 सुकरू उराँव<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–56वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–156/25 2. आवेदक–राजमोहन महतो , पिता–स्व0 बिहारी महतो<br>3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा ,थाना–लोहरदाग , प्रखण्ड–लोहरदाग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–157/25 2. आवेदक–राम उराँव , पिता–स्व0 बुधु उराँव<br>3. ग्राम–रोचो महुवा टोली , पोस्ट–चांपी जरियों ,थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर के अंगुठा में नाखुन नहीं का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–158/25 2. आवेदक–प्रदुमन सिंह , पिता–शंकर सिंह<br>3. ग्राम–हनहट , पोस्ट–हनहट ,थाना–कैरो , प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना बाँह में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–159/25 2. आवेदक–हीरामनी कुमारी , पति–स्व0 सुका भगत<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–कोलसिमरी ,थाना–लावागाई , प्रखण्ड–लावागाई<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–160/25 2. आवेदक–मंगलदास तिर्की , पिता–स्व0 रतन तिर्की<br>3. ग्राम–बेढहट , पोस्ट–हेसापिढ़ी ,थाना–बगडू किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–161/25 2. आवेदक–विमला देवी , पति–धंनजय भगत<br>3. ग्राम–आदर्शनगर कांर्ट कमपाउण्ड , पोस्ट–लोहरदाग ,थाना–लोहरदाग , प्रखण्ड–लोहरदाग<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के हथेली में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–162/25 2. आवेदक–सुखैर भगत , पिता–स्व0 मंगा भगत<br>3. ग्राम–सेन्हा , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में जले हुए का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–162/25 2. आवेदक–राम प्रसाद साहु , पिता–स्व0 चन्दर साहु<br>3. ग्राम–बरेयाटाँड , पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–163/25 2. आवेदक–शैलेन्द्र कुमार सुमन , पिता–रामप्रवेश यादव<br>3. ग्राम–शांतिनगर (किस्को मोड़) , पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–178/25 2. आवेदक–उदय भगत , पिता–स्व0 माडु भगत<br>3. ग्राम–उपर तुरियाडीह , पोस्ट–दुन्दरू , थाना–सेरेगदाग , प्रखण्ड–पेशरार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड अन्दोलनकारी भोला उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–165/25 2. आवेदक–चिलगू भगत , पिता–स्व0 बंदे भगत<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–166/25 2. आवेदक–हिरन भगत , पिता–स्व0 मंगरा भगत<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–167/25 2. आवेदक–रतु उराँव , पिता–स्व0 मोहना उराँव<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी राजकिशोर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–168/25 2. आवेदक–शिवसहाय साहु , पिता–स्व0 गुलाब साहु<br>3. ग्राम–कुम्हरिया आकाशी , पोस्ट–भंडरा , थाना–भंडरा , प्रखण्ड–भंडरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–169/25 2. आवेदक–ओमप्रकाश गुप्ता , पिता–स्व0 लक्ष्मी नारायण साहु<br>3. ग्राम–लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–170/25 2. आवेदक–आरिफ हुसैन , पिता–स्व0 आबिद हुसैन<br>3. ग्राम–महतो, ऑटोमोबाईल के पास पावरगंज, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–171/25 2. आवेदक–राजेश कुमार , पिता–भगवन दास अग्रवाल<br>3. ग्राम–अमर बजार, महावीर चौक, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–172/25 2. आवेदक–चन्दन कुमार गोयल , पिता–बृजमोहन प्रसाद<br>3. ग्राम–बरवा टोली, कॉलेज रोड, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधा के पास कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–173/25 2. आवेदक–मोहम्मद नईम खान , पिता–स्व0 मो0 सहीम<br>3. ग्राम–आजाद बस्ती , बंगला वार्ड नं0 10 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–174/25 2. आवेदक–सरफराज अहमद , पिता–शहादत हुसैन<br>3. ग्राम–थाना रोड, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–175/25 2. आवेदक–जफर इमाम , पिता–स्व0 गुलाम रब्बानी<br>3. ग्राम–थाना टोली, लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–176/25 2. आवेदक–हसन अंसारी , पिता–बुटन अंसारी<br>3. ग्राम–सड़क टोली, उरगा, पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–177/25 2. आवेदक–एतवा भगत , पिता–सुखु भगत<br>3. ग्राम–कोराम्बे , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 358061 Home(25-26)#D

# न्यूज बॉक्स

## विद्यालयों में बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं : जिला शिक्षा पदाधिकारी

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अब निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का सख्ती से पालन कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित शिक्षक, शिक्षिका या विद्यालय के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, जिले के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम में निहित प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ विद्यालयों एवं शिक्षकों द्वारा अधिनियम की अनदेखी करने के मामले सामने आए हैं। ऐसे मामलों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में किसी विद्यालय में अधिनियम के उल्लंघन अथवा छात्रों से संबंधित किसी अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है, तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध प्रासंगिक कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों से अपेक्षा जताई कि वे छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए अधिनियम का पालन करें और विद्यालय को बाल-अनुकूल वातावरण प्रदान करें।

## साइकिल का उपयोग छात्र-छात्राएं विद्यालय आने जाने में करेंगे : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय अरु के प्रांगण में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, मुखिया राजश्री उरांव, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के उतकर्मित मध्य विद्यालय कोराम्बे गोरतोली, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुर्की तोड़ार, मध्य विद्यालय पारही, हेसवे, अरु और उर्दू मध्य विद्यालय अरु के 197 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा विद्यार्थियों से कहा कि साइकिल का प्रयोग विद्यालय आने जाने में करेंगे तथा समय पर विद्यालय आयेंगे जायेंगे और पढ़ाई पर ध्यान देंगे साथ ही कहा कि लड़के-लड़कियों का पढ़ाई और खेल के लिए सरकार विशेष ध्यान दे रही है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के भी पढ़ाई और खेल के क्षेत्र में बच्चे-बच्चियां आगे बढ़ सकेंगे। वही प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 1136 साइकिल वितरण करना है। जिसके तहत भड़गांव, सेन्हा, उगरा, इचरी, मन्हे, चितरी, बदला, चंदवा सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी साइकिल दिया जायेगा। मौके पर सुखुवा उरांव, विकेश सिन्हा, राजेश उरांव समेत अन्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से लगा विद्युत ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से कुडू प्रखंड के चटकपुर गांव में 100 केवी के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन कुडू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लाल बिकास नाथ साहदेव, जिमा मुखिया द्रोपती देवी, कांग्रेसी नेता राजीव टाना भगत सम्मिलित रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया। सांसद प्रतिनिधि विकास साहदेव ने कहा कि ग्रामीण जनता के हर समस्या को दूर करने के लिए हमलोग के सांसद तत्पर रहेंगे। मौके पर दीलिप उरांव, प्रमोद लोहरा, विकास उरांव,दीपक टोप्पो, संजय महतो,कुश उरांव,तेतर उरांव, शंकर महतो, पंकज कुमार,मनवेल टोप्पो, मंगल उरांव आदि मौजूद थे।

## आंख जांच कर मुफ्त दवा व चश्मा दिया गया



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीठीयो में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर ने बताया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष,आंख से पानी आना,धुंधलापन दिखाई देना,आंख में जलन होना सहित अन्य तरह का बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात लोगों को निःशुल्क दवा गया। 40 वर्ष उम्र तक के महिला पुरुष को चश्मा भी दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोग से बचाव के लिये जागरूक करते हुए अंधापन से रोक थाम की दिशा में सृह्हिह पहल किया जा रहा है। मौके पर सुषमा कुमारी,दीपा कुजूर,पुष्पलता टोप्पो समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्रा और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# शहरी क्षेत्र व प्रमुख चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाएं : डॉ ताराचंद

- मोटर वाहन अधिनियम सख्ती से करें पालन, नियमित जांच अभियान चलाएं

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को लोहरदगा जिला में मोटर वाहन अधिनियम का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पेट्रोल पंप में बिना हेल्मेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिये जाने, नियमित रूप से विभिन्न चौक-चौराहों व अन्य स्थल चयन कर वहां वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। अभियंता, एनएच, एनएचआई व पथ प्रमंडल को अपने-अपने विभागों के खराब पथों की मरम्मति व गड्ढों को भरे जाने और झुके पेड़ों के टहनियों की छंटाई व सूखे पेड़ों की कटाई कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी पथों में गतिसीमा से संबंधित साइनेज लगाए जाने का निर्देश दिया। सभी थाना क्षेत्र में ड्रंक एण्ड ड्राईव से संबंधित जांच अभियान चलाए जाने व मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करनेवालों को नोटिस दिए जाने का निर्देश दिया गया। हिट एण्ट रन के मामले थानों से प्राप्त कर उसका निष्पादन कराए जाने का निर्देश दिया गया। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को बॉक्साइट की ढुलाई करते समय ट्रकों में बॉक्साइट को ढंक कर परिवहन किए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आम लोगों की सुरक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील है। लोग हेल्मेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाएं। वाहन की गति निर्धारित गतिसीमा के अंदर हो। बच्चों को अभिभावक मोटरसाइकिल या स्कूटी देकर अपने बच्चों को स्कूल ना भेजें। साथ ही, यातायात नियमों की जानकारी विद्यालयों में बच्चों को अवश्य दी जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवालों से जुर्माना वसूला जाए। जहां तहां बालू या चिप्स रख कर सड़क अतिक्रमण करनेवालों को नोटिस दी जाए। बैठक में सांसद के निजी सचिव आलोक साहू द्वारा महिला महाविद्यालय के पास मुख्य पथ में गड्ढों को भरे जाने, अरू पुल के पास बने गड्ढों को भरे जाने, मुख्य पथों से सूखे पेड़ों को हटाए जाने, पतराटोली मुख्य पथ में स्पीड ब्रेकर, शंख पुल में गड्ढों को भरे जाने, अपर बाजार क्षेत्र में मुख्य पथ में अतिक्रमण आदि से संबंधित मामले रखे गए। अन्य सदस्यों द्वारा पावरगंज चौक में स्पीड ब्रेकर के स्थान में परिवर्तन करने, विभिन्न एक्सीडेंट जोन में सीसीटीवी लगाए जाने, मैना बगीचा से अतिक्रमण हटाए जाने, लोहरदगा-पेशरार पथ में अत्यधिक स्पीड ब्रेकर समेत अन्य मामले उठाए गए व विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, डीटीओ सुधीर प्रकाश, सिविल सर्जन राजू कच्छप, उत्पाद अधीक्षक अनिल शर्मा, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो, डीएसई अभिजीत कुमार, समिति के सदस्य नेसार अहमद, मनोज भगत, पवन गौतम समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन की बैठक, मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षतियों की गहन समीक्षा की गई, जिनमें पानी में डूबने, सड़क दुर्घटनाएं, वज्रपात, सर्पदंश, आग लगने से पशुओं की मृत्यु, अतिवृष्टि से मकान क्षति तथा ओलावृष्टि से आंशिक फसल क्षति जैसे मामले प्रमुख रहे। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि जिन मामलों में अंचल कार्यालयों से अब तक आवश्यक अभिलेख प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाए ताकि प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके। मुआवजा भुगतान से संबंधित कई लंबित मामलों के निष्पादन पर भी सहमति बनी। बैठक के दौरान हाथियों द्वारा मकान क्षति के मामलों पर भी चर्चा हुई। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने विभिन्न ज्वलंत मामलों को बैठक के समक्ष रखा और उचित समाधान की मांग की। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, डीटीओ सुधीर प्रकाश, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षक ने बच्चे का पिटाई कर हाथ तोड़ा, मामला दर्ज

**लोहरदगा।** बगड़ू थाना के हिसरी उर्दू मध्य विद्यालय में बच्चे का हाथ पिटाई कर तोड़ने वाले शिक्षक के विरुद्ध बगड़ू थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। छात्र के परिजनों द्वारा हेड मास्टर देवीचरण उरांव पर एक छात्र के साथ मारपीट का आरोप लगया गया है। परिजनों के अनुसार, शिक्षक की पिटाई से छात्र का हाथ टूट गया। इस संबंध में बगड़ू थाना में कांड संख्या 18/25 के तहत धारा 127(1), 115(2), 117(2) एवं जेजे एक्ट की धारा 75 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## फर्जीवाड़ा उजागर, उपायुक्त के निर्देश पर जांच शुरू

- पंचायत सचिव की आईडी से अवैध प्रमाण पत्र निर्गत, प्रशासन सख्त

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के हिसरी पंचायत से जुड़ा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां पंचायत सचिव की आईडी से एक हजार से अधिक जन्म प्रमाण-पत्र अवैध तरीके से जारी किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये प्रमाण-पत्र अलग-अलग जिलों के लोगों के नाम पर निर्गत किए गए हैं, जिससे सरकारी दस्तावेजों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस जांच दल की अध्यक्षता परियोजना निदेशक, आईटीडीए, लोहरदगा कर रहे हैं, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को एवं अंचल अधिकारी किस्को को सदस्य बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम ने गुरुवार को मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कई दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं और दोषियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ग्रामीणों के बीच हिंडाल्को सीएसआर मद से ब्लीचिंग पाउडर हुआ वितरित

- ग्रामीणों के सहयोग से पेयजल स्रोतों में ब्लीचिंग का घोल डाला जा रहा

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** हिंडाल्को सीएसआर के तहत सेरेंगदाग एवं बिमरला खनन क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीणों एवं खनिकों के बीच जल जनित बीमारियो से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीएसआर टीम द्वारा पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउडर उचित मात्रा में पानी के साथ ब्लीचिंग का घोल बनाकर ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छ जल के लिए डाल रहे हैं। साथ ही साथ हिंडाल्को सीएसआर टीम खान कर्मियों के सहयोग से स्वास्थ्य ठीक रहे इसके लिए पेयजल स्त्रोतों, कुओं में ब्लीचिंग का घोल बनाकर पानी में डालने के लिए निरंतर वितरण ग्रामीणों के बीच किया जा रहा है।

बिमरला में ग्राम घोड़ापत्थल, घाघरापाट, कोरले, घुघरुपाट, बिमरला बारांगपाट आदि ग्रामीणों के बीच वितरण किए। मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए घरों के आसपास स्वच्छता अपनाने की बातें बताई गई। वितरण कार्यक्रम में रामावतार पासवान, डॉ दिनेश मीना, रीमा कुमारी एवं बिमरला में अनुज सिंह, अभय भारती, सहकर्मी व ग्रामीण राजकुमार उरांव, दिलीप उरांव, सुशील असुर, रामचंद्र उरांव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि गत दिन एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास से का मामला प्रकाश में आया था,जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर बगड़ू थाना पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। बगड़ू निवासी आरोपी युवक ने मिठाई का लालच देकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। बच्ची द्वारा अपने परिजनों को जब मामले की जानकारी दी गई तब तक ली, आरोपी गांव से फरार हो चुका था। थाना प्रभारी नरेश कुमार यादव के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान में युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## किस्को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया पंचायत कमिटी का गठन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी के नेतृत्व में जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, एवं विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रवेक्षक निशीथ जायसवाल,के मौजूदगी में संगठन सृजन वर्ष के जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार और संदीप गुप्ता के द्वारा किस्को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में बूथ कमिटी एवं अन्य गणमान्य कांग्रेसियों के उपस्थित में समीक्षा कर पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। प्रशिक्षकों के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में परहेपाट, नवाडीह, पाखर, खरकी, पंचायतों में समीक्षा कर पंचायत कमिटी का गठन किया गया। मौके पर प्रशिक्षक अनामिका सरकार एवं संदीप गुप्ता ने सभी पंचायत के कमिटियों को संगठन सृजन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूती को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा संगठन सृजन वर्ष के तहत संगठन को नए सिरे से गठन किया जा रहा है।

जिसमें सक्रिय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जा रहा है। मौके प्रखंड प्रवेक्षक सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत तक पहुँचकर पार्टी संरचना को तैयार किया जा रहा है ताकि कांग्रेस को बूथ स्तर तक बेहतर और मज़बूत बनाया जा सके। भौतिक सत्यापन के साथ नए एवं पुराने सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस कमेटी के संगठन के पदाधिकारियों के समस्याओं को भी दूर करने का कार्य कर रहे है। संगठन के प्रति उनका भी पार्टी को मजबूती के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे कांग्रेस पार्टी की जिला स्तर एवं राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। सभी नवनियुक्त कमिटी के पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी के प्रति सक्रिय होकर कार्य करे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस महासचिव सामुल अंसारी, कैरो प्रखंड प्रवेक्षक ऐनुल अंसारी,एनआईसीयू जिला अध्यक्ष मनौवर आलम, रामदेव उरांव, उल्फत अंसारी, इमाम जफर, संजू तुरी, रेयाज अंसारी सोमरा उरांव, हदीस अंसारी, घुडा उरांव,के साथ पंचायत अध्यक्ष, कबीर अंसारी, नसीम अंसारी, राजेंद्र गोप, तबरेज अंसारी, के साथ काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेंगे जलार्पण



- सुल्तानगंज से गंगा जल लाने को लेकर शिवभक्तों की टोली हुई रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस कांवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। इसके लिए निमंत्रण पत्र भी लोगो को भेजने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर लिया गया है। वही कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था किया जा रहा है। इस निमित गुरुवार की शाम को शिवभक्तों की टोली सुल्तानगंज के लिए रवाना हुई। एक पिकअप व आधा दर्जन कार में दर्जनों लोग रवाना हुए हैं। शिवभक्त अपने साथ पानी पंप और दो हजार लीटर का टंकी और 20 लीटर वाला 25 पीस जार ले गए हैं। रवानगी से पूर्व मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गई और शिवभक्तों के वाहनों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। शिवभक्तों की टोली नगर भ्रमण करते हुए रवाना हुए। गौरतलब है कि कांवर यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 28 जुलाई 2025 को प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डा० ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी. अग्रवाल होंगे। मौके पर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), शुभम अग्रवाल, आलोक अग्रवाल (निखिल), विक्रम सिंह, राजीव रंजन, प्रदीप साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल, अमर गोस्वामी, सुमित घोष समेत अन्य मौजूद थे। कांवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने बताया कि कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया जाना है। इसको लेकर सुल्तानगंज के लिए रवाना हो रहे हैं। कांवर यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका ध्यान कमिटी रखेगी।

### 4 दिवसीय फ्रेंडशिप क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, बोले हाजी शकील अहमद

# खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है

- रोमांचक पेनाल्टी शूटआउट में बाघा की टीम ने 6-5 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के किस्को मिडिल स्कूल मैदान में फ्रेंडशिप फुटबॉल क्लब किस्को के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य तरीके से समापन हुआ। इधर फाइनल सह समापन समारोह मुकाबला का उद्घाटन कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। यहां पर आयोजन समिति की ओर से तमाम अतिथियों का अंगवस्त्र और बैच पहनाकर स्वागत किया गया। इस बीच खिताबी भिड़ंत स्टार स्पोर्ट बाघा और टोप्पो ब्रदर्स के बीच में खेली गई, जिसमें रोमांचक पेनाल्टी शूटआउट में स्टार स्पोर्ट्स बाघा की टीम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी टोप्पो ब्रदर्स को 6-5 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हाजी शकील अहमद ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि किस्को जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर राज्य भर की 24 टीमों का आना यह साबित करता है कि यहां के युवाओं में अपार प्रतिभा है।

इस प्रकार की प्रतियोगिताएं गांवों में छुपी प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने का कार्य करती हैं, जिसे फ्रेंडशिप फुटबॉल क्लब किस्को ने बखूबी निभाया है। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल, नगद एवं जर्सी सेट देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इधर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए फ्रेंडशिप क्लब किस्को के अध्यक्ष असलम अंसारी और पूरी टीम की सराहना की जा रही है। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं में प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप से कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, शिक्षक मतीउल्लाह परवेज, अख्तर अंसारी उर्फ खुदी, राजेन्द्र यादव, अध्यक्ष असलम अंसारी, नूसरत अंसारी, कैश आलम, दुर्गा भगत, तबारक हुसैन अंसारी, मुख्य संरक्षक रामपाल उरांव, मोहसिन अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**कार्यालयः जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा**

**व्यवसायिक वाहनों के परमिट प्राप्त करने हेतु वाहन स्वामियों के लिए आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत परिचालित व्यवसायिक वाहनों (बस, ट्रक ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर, जे0सी0बी0, टैक्सी आदि) के वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 30.07.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन से समाहरणालय, गढ़वा के परिसर में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर, पलामू द्वारा व्यवसायिक वाहनों के परमिट निर्गमन (बनाने) हेतु एक कैम्प लगाई जा रही है। उक्त कैम्प में व्यवसायिक वाहनों का आवश्यक कागजातों की जॉच कर तत्काल परमिट निर्गत की जायेगी।

अतः आप अपने वाहन (व्यवसायिक) के निबंधन पुस्त, पथकर, इश्योरेंस, फिटनेस प्रमाण पत्र तथा पौलूशन प्रमाण पत्र के साथ उक्त निर्धारित कैम्प में भाग लेकर अपने वाहन का परमिट बनवाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कैम्प के आयोजन के उपरांत सघन वाहन जॉच अभियान चलाया जाएगा और यदि कोई वाहन बिना परमिट के परिचालित होते हुए पकड़ी जाती है तो उसे जब्त कर दंड राशि वसूली जाएगी एवं मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 358070 Transport(25-26)#D

# टीबी मुक्त गुमला की ओर एक कदम: हिंडाल्को सीएसआर से 152 मरीजों को मिला पोषण किट

## स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त कोशिशें ला रही रंग, इससे मरीजों के स्वास्थ्य में होगा सुधार

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला ।** टीबी मुक्त भारत अभियान 2025" को साकार करने के लिए गुमला जिला प्रशासन द्वारा एक और मजबूत कदम उठाया गया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशन में गुमला प्रखंड के 152 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। यह वितरण हिंडालको के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद के तहत किया गया, जिसका समन्वय जिला यक्ष्मा विभाग और हिंडालको के संयुक्त प्रयासों से सफल हुआ।

यह कार्यक्रम जिला यक्ष्मा केंद्र परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. गणेश राम (जिला यक्ष्मा पदाधिकारी), हिंडालको हेड नीरज कुमार, सी एस आर प्रमुख स्वाति उपाध्याय, माइंस हेड परवीन भालेकर, लीडर हेड अनिल पाठक एवं पीपीएम समन्वयक हरिशंकर मिश्रा की उपस्थिति में मरीजों को किट प्रदान की गई। अवसर पर हिंडाल्को सीएसआर हेड नीरज कुमार ने कहा की स्वस्थ समाज के निर्माण में निजी संस्थाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। टीबी मरीजों की जरूरत सिर्फ दवाओं से पूरी नहीं होती, पौष्टिक आहार उतना ही जरूरी है। हिंडालको हमेशा सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहा है। वहीं, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम ने कहा की टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, यदि इलाज के साथ सही पोषण भी मिले। यह पहल मरीजों के उपचार को गति देने में मदद करेगी।

उपायुक्त महोदया के मार्गदर्शन और हिंडालको के सहयोग से हम इस दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं। पोषण किट प्राप्त करने के बाद मरीजों के बीच उत्साह देखने को मिला। एक मरीज ने कहा की दवा तो मिलती थी, लेकिन पौष्टिक भोजन की व्यवस्था नहीं हो पाती थी। अब पोषण किट से काफी राहत मिलेगी।

# तीन महीने से बीएसएनएल नेटवर्क ठप, उपभोक्ता बेहाल डिजिटल इंडिया पर उठे सवाल



नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह (गुमला)।** सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरसांग पंचायत सचिवालय और उसके आस-पास के ग्रामीण इलाकों में बीएसएनएल नेटवर्क पिछले तीन महीनों से पूरी तरह ठप पड़ा है। इस स्थिति से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कभी-कभार एक-दो दिन के लिए नेटवर्क आ भी जाता है, लेकिन तीसरे दिन फिर से पूरी तरह गायब हो जाता है। इस अनियमित सेवा से लोग बेहद नाराज़ हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि मोबाइल बैलेंस रिचार्ज करने के बावजूद नेटवर्क न मिलने से उनका पैसा भी बर्बाद हो रहा है। गौरतलब है कि पूरे पंचायत क्षेत्र में केवल बीएसएनएल का ही नेटवर्क उपलब्ध है, और जब उसकी हालत इतनी खराब हो, तो लोगों के पास संचार का कोई विकल्प नहीं बचता। ग्रामीणों ने एयरटेल और जियो जैसे अन्य नेटवर्क की टॉवर लगाने की मांग भी सरकार से की है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरसांग थाना, सुरसांग इंटर कॉलेज और पंचायत सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी नेटवर्क विहीन स्थिति में हैं। इससे सरकारी कामकाज और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सरकार 'डिजिटल इंडिया' की बात करती है, तब भी आज कई गांव ऐसे हैं जहां नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बीएसएनएल विभाग से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें फिर से निर्बाध संचार सुविधा मिल सके।

# भरनो के जामटोली में बिजली संकट पर सांसद ने लिया संज्ञान जल्द मिलेगा नया ट्रांसफार्मर



**भरनो (गुमला) ।** भरनो प्रखंड के जामटोली गांव में पिछले डेढ़ महीने से खराब पड़े मुख्य ट्रांसफार्मर के कारण क्षेत्र के लोग भारी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा सांसद डॉ. सुखदेव भगत ने संज्ञान लिया और समाधान की दिशा में त्वरित पहल की। सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम ने गुरुवार को जामटोली स्थित पावर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर की खराबी और लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के बाद सांसद प्रतिनिधि ने डॉ. भगत से बातचीत की, जिसके बाद सांसद ने जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया। इस सकारात्मक पहल से स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में संतोष और उम्मीद का माहौल है।

## गुमला में देह व्यापार का भंडाफोड़

# 3 महिलाएं व 1 युवक गिरफ्तार आपत्तिजनक सामान जब्त

- घर से हंटर केन बियर की खाली बोतलें, शराब की खाली बोतलें, आपत्तिजनक सामग्री और ₹12,590 नकद जब्त किया गया
- दल में महिला पुलिसकर्मियों के साथ सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे


एआई जेनरेटेड

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** सदर थाना पुलिस ने गुमला शहर के सोसो (जोड़ा टांड) इलाके में छापेमारी कर अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा।महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी साहू को गुप्त सूचना मिली थी कि अनिल किंडो के घर में देह व्यापार संचालित हो रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। दल में महिला पुलिसकर्मियों के साथ सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। छापेमारी शाम मे शुरू हुई। घर की तलाशी के दौरान एक पुरुष और दो महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। वहीं, घर से हंटर केन बियर की खाली बोतलें, शराब की खाली बोतलें, आपत्तिजनक सामग्री और 12,590 नकद जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले एक महीने से इस धंधे में संलिप्त थे और फोन पर ग्राहकों को बुलाकर पैसे के बदले सेवा देती थीं। महिलाओं ने खुलासा किया कि इस अवैध कारोबार में शहरी क्षेत्र की कई अन्य विवाहित महिलाएं और युवतियां भी शामिल हैं, जिनमें कुछ पेशेवर भी हैं। आरोपी अनिल किंडो और एक महिला ने पुलिस को बताया कि वे दोनों मिलकर युवतियों की व्यवस्था करते और ग्राहकों को बुलाते थे। बताया गया है कि यह नेटवर्क सिर्फ सोसो तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के घाटों और बगीचा इलाके में भी इसका संचालन होता है।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 272/292 तथा अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 3/4/5 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आगे की जांच जारी है। गौरतलब है कि गिरफ्तार एक महिला कोरोना काल में भी देह व्यापार के मामले में जेल जा चुकी है।

उस दौरान भी उसे पालकोट रोड स्थित एक घर से पकड़ा गया था। पुलिस अब उन अन्य महिलाओं और ग्राहकों की भी पहचान कर रही है, जो इस गिरोह से जुड़े हुए हैं। जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम



नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह (गुमला) ।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रमजा में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संकुल के अंतर्गत आने वाले 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, रिले रेस, 100 मीटर दौड़ और 200 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ख्रीस्त आभास बखला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। अध्ययन के साथ-साथ खेल भी जीवन का जरूरी हिस्सा है। वहीं, सीआरसी प्रेम सहाय ने विजेता प्रतिभागियों को प्रखंड स्तर पर चयनित होने पर बधाई देते हुए कहा, "यह आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। कड़ी मेहनत कर आप जिला स्तर तक पहुँच सकते हैं।

प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं प्रतिभागियों के चयन में प्रबल किंडो, जेमा, अर्पण, विश्वनाथ और सुधीर की अहम भूमिका रही। इसके अतिरिक्त सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# जनशिकायत निवारण दिवस 46 में से 42 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**चैनपुर।** प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की अगुवाई में एक सफल जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 42 का त्वरित निष्पादन कर जनता को राहत प्रदान की गई।जनशिकायत निवारण दिवस पर विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। इनमें पेंशन संबंधी 04 आवेदन, राशन कार्ड संबंधी 01 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 12 आवेदन, आवासीय प्रमाण पत्र के लिए 10 आवेदन और जाति प्रमाण पत्र के लिए 13 आवेदन शामिल थे। इनके अतिरिक्त, आवास संबंधी 02 शिकायतें और पंजी-2 में सुधार से संबंधित 03 शिकायतें भी प्राप्त हुईं।अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए, अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी से मुक्ति मिली।

# गजराज का आतंक चैनपुर में घरों और धान की फसलों को रौंदा

**चैनपुर ।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत स्थित हर्रा अंबाकोना गांव में एक जंगली हाथी ने कल रात जमकर उत्पात मचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। हाथी ने लाजरूस बरवा के घर को तोड़ दिया और घर में रखा एक क्विंटल धान तथा आंगन में लगे केले को चट कर गया।इसी घटना में, हर्रा गांव के निवासी हेरमन एक्का की धान की खड़ी फसल को भी हाथी ने बुरी तरह रौंद दिया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।घटना की सूचना मिलने के बाद, कुरुमगढ़ के वनपाल चंद्रेश उरांव मौके पर पहुंचे और प्रभावित ग्रामीणों को सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वनपाल उरांव ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी परिस्थिति में जंगल की ओर न जाएं। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि पुटु या खुखड़ी जैसी चीजों के लालच में जंगल में प्रवेश न करें। क्योंकि हाथियों के नजदीक जाने पर हमले का शिकार होने की संभावना है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।



# संयुक्त शिक्षा निदेशक ने गुमला के शैक्षणिक कार्यालयों का किया निरीक्षण

## गुणवत्ता सुधार पर दिए अहम निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक नीलम आईलीन टोप्पो ने आज गुमला जिले के विभिन्न शैक्षणिक कार्यालयों और योजनाओं का गहन निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला का दौरा कर वहां कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों से मुलाकात की तथा उनके कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रोज़ मिंज, शुभकामना प्रसाद, अमर टूटी, फील्ड मैनेजर रामचंद्र कुमार सिंह, बीपीओ दिलदार सिंह, स्टेनो रीमा रानी गुप्ता सहित अन्य परियोजना कर्मियों से परिचय प्राप्त किया गया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। संयुक्त निदेशक ने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक और भौतिक स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील स्थिति में रहना अनिवार्य है। जिला परियोजना कार्यालय में मौजूद एमआईएस, कंप्यूटर और फर्नीचर की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने कंप्यूटर व प्रिंटर की कमी पर चिंता जताई और कार्य की सुचारुता के लिए प्रबंधन मद से आवश्यक संसाधनों की तत्काल खरीद प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

# पेयजल व जलजमाव समस्या पर चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल

- कार्यपालक पदाधिकारी से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला ।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सारजेन मरांडी से मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर की कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले पिछले 5-6 दिनों से बंद पेयजल आपूर्ति का मुद्दा उठाया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए पूछा गया कि अब तक जल आपूर्ति बहाल क्यों नहीं हुई। पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है और आज से पानी टंकी में चढ़ाया जा रहा है, जिससे कल से नियमित आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

इसके अलावा, शहर में हो रही जलजमाव की समस्या और जाम व क्षतिग्रस्त नालियों को लेकर भी चिंता जताई गई। प्रतिनिधिमंडल ने इनकी तत्काल सफाई और मरम्मत की मांग की, जिस पर विभाग की ओर से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

चेंबर प्रतिनिधियों ने नगर के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डालने की भी मांग की, ताकि पानी संक्रमण मुक्त रह सके। इस पर अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया जाएगा।

# रायडीह जंगल से गांव में घुसा हनुमान, पूजा-अर्चना में जुटे ग्रामीण

**रायडीह (गुमला) ।** करंजकुर गांव में मंगलवार को उस समय कौतूहल मच गया जब जंगल से अचानक एक बड़ा हनुमान (लंगूर) गांव में घुस आया। वह दिनभर घर-घर की छतों पर घूमता रहा और आम-पपीता, केले खाता नजर आया। गांव में एक ओर जहां कुछ लोग डरे हुए दिखे, वहीं कई लोगों ने उसे भगवान हनुमान का रूप मानकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। ग्रामीणों का मानना है कि यह कोई संयोग नहीं, बल्कि "दैवी संकेत" है। ग्रामीण मनोज सिंह के अनुसार, दो दिन पहले हमारे घर का महावीर झंडा टूट गया था।



## पीवीटीजी परिवारों को मिली बड़ी राहत

# हिंडाल्को ने अमतीपानी गांव में कराया जलमीनार का निर्माण

**बिशुनपुर (गुमला) ।** चिरोडीह पंचायत के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह बहुल अमतीपानी गांव में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट अब खत्म हो गया है। हिंडाल्को माइंस (अंतिपानी-चिरोडीह) की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत गांव में सौर ऊर्जा चालित जलमीनार परियोजना पूरी कर ली गई है, जिससे गांव के 21 पीवीटीजी परिवारों को अब नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत गांव से करीब 361 मीटर दूर स्थित जलस्रोत पर एक कुएं का निर्माण किया गया और वहां से 2HP के सोलर पंप के माध्यम से पानी को ओवरहेड टैंक (जलमीनार) तक पहुंचाया गया।

## गुमला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

# एसपी ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने को दिए सख्त निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** आज दिनांक 24 जुलाई को पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चंदाली, गुमला के सभागार में किया गया। बैठक में गुमला के पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (चैनपुर, गुमला, बसिया), अंचल निरीक्षक (गुमला, सिसई, बसिया), सीसीआर प्रभारी, थाना प्रभारीगण, एससी/एसटी थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा एवं दिशा-निर्देश

- सड़क सुरक्षा नियमों जैसे कि तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट चलाना, नशे में वाहन चलाने आदि के विरुद्ध समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।
- आई-आरएडी /आपातकालीन रिस्पॉन्स सिस्टम (ईआरएस) तथा डायल 112 से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।
- ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से दर्ज कांडों की स्थिति की समीक्षा की गई और इसके बेहतर उपयोग के निर्देश दिए गए।
- नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु प्रभावी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।
- अवैध उत्खनन, बालू एवं चिप्स तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया।
- जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।
- जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों की निगरानी कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।
- डायन प्रथा एवं महिलाओं से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए हर सप्ताह थाना स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया।
- मानव तस्करी एवं पलायन की समस्या को लेकर आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया।
- साथ ही, थाना क्षेत्रों में हत्या, बलात्कार, पोक्सो, अपहरण एवं अप्राकृतिक मृत्यु से संबंधित मामलों की समीक्षा कर, ऐसे मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर जल्द से जल्द अनुसंधान पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।
- लंबित वारंटों जैसे सामान्य वारंट, कुर्की वारंट, गैर-तामिला वारंट, लाल वारंट और न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटों के शत-प्रतिशत निष्पादन की दिशा में कार्य करने को कहा गया।

**कार्यालयः जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा**

**व्यवसायिक वाहनों के परमिट प्राप्त करने हेतु वाहन स्वामियों के लिए**

**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत परिचालित व्यवसायिक वाहनों (बस, ट्रक ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर, जे0सी0बी0, टैक्सी आदि) के वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 30.07.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन से समाहरणालय, गढ़वा के परिसर में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मेदिनीनगर, पलामू द्वारा व्यवसायिक वाहनों के परमिट निर्गमन (बनाने) हेतु एक कैम्प लगाई जा रही है। उक्त कैम्प में व्यवसायिक वाहनों का आवश्यक कागजातों की जॉच कर तत्काल परमिट निर्गत की जायेगी।

अतः आप अपने वाहन (व्यवसायिक) के निबंधन पुस्त, पथकर, इश्योरेंस, फिटनेस प्रमाण पत्र तथा पौलूशन प्रमाण पत्र के साथ उक्त निर्धारित कैम्प में भाग लेकर अपने वाहन का परमिट बनवाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कैम्प के आयोजन के उपरांत सघन वाहन जॉच अभियान चलाया जाएगा और यदि कोई वाहन बिना परमिट के परिचालित होते हुए पकड़ी जाती है तो उसे जब्त कर दंड राशि वसूली जाएगी एवं मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 358070 Transport(25-26)#D

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने या कटवाने के लिए अब भी एक माह का समय: चुनाव आयोग

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 1 अगस्त और 1 सितंबर के बीच राजनीतिक दल योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वा भी सकते हैं और अगर किसी का नाम गलती से जुड़ गया है तो उसे हटावा भी सकते हैं। चुनाव आयोग का यह वक्तव्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के बीच आया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के आदेश पृष्ठ 3, पैरा 7(5) के अनुसार, किसी भी मतदाता या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा ताकि वे किसी भी पात्र मतदाता का नाम शामिल करा सकें, जिन्हें बीएलओ/बीएलए ने छोड़ दिया हो। इसके साथ बीएलओ/बीएलए के गलत तरीके से शामिल किए गए किसी भी मतदाता के नाम को कटवा सकते हैं।

# बंगालियों के उत्पीड़न को लेकर ममता बनर्जी बना रही हैं झूठा नैरेटिव : मिथुन चक्रवर्ती



एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषियों के उत्पीड़न को लेकर झूठा नैरेटिव खड़ा करने का आरोप लगाया है।

कोलकाता पहुंचने के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि देश में कहीं भी बंगाली भाषी लोगों के साथ किसी भी प्रकार का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं हो रहा है। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के पास चुनाव से पहले कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए मुख्यमंत्री झूठा नैरेटिव गढ़कर लोगों को भड़काने की कोशिश कर रही हैं। यह वही तरीका है जिसे वे पहले भी अपनाती रही हैं।

मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा लगाए गए उस आरोप को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग भाजपा और केंद्र सरकार के कहने पर बंगाल के वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटवा रहा है। देश में कहीं भी असली बंगाली वोटरों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जा रहे हैं। केवल वे नाम हटाए जा रहे हैं जो अवैध रूप से देश में घुसे हैं और बाद में फर्जी तरीके से मतदाता सूची में नाम जुड़वाए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि सबसे अधिक अवैध घुसपैठिए, जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, वे पश्चिम बंगाल में ही हैं।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को मालूम है कि अगर इन घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो वे 2026 के विधानसभा चुनाव में 294 में से 70 सीटें भी नहीं जीत पाएंगे। इसी डर से वे घबरा गए हैं और चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान का विरोध कर रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनाव आयोग को उन अवैध घुसपैठियों की पहचान करने में मदद करें, जिन्होंने फर्जी तरीके से अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लिए हैं। गौरतलब है कि, तृणमूल कांग्रेस शुरुआत से ही इस विशेष पुनरीक्षण अभियान का विरोध कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वे पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया की इजाजत नहीं देंगी। उनका आरोप है कि यह कवायद राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू करने की दिशा में एक परोक्ष प्रयास है।

# दर्दनाक बस हादसा, पांच की मौत, 20 घायल

एजेंसी



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी ) की एक बस सरकाघाट के मसरेन के पास गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में बस में सवार 20 लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में 16 वर्षीय युवक सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं की हालत भी नाजुक बनी हुई है। डीएसपी ने मौत की पुष्टि की है। यह हादसा सुबह करीब 9 बजे मसरेन के त्रांगला गांव के पास एक मोड़ पर हुआ। बताया जा रहा है कि बस मोड़ से अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। सरकाघाट के डीएसपी भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं और उन्होंने हादसे की पुष्टि की है। त्रांगला गांव की एक महिला, मधु ने बताया कि उनके घर के पास ही यह हादसा हुआ है। फिलहाल, घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाने का काम चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह दुर्घटना हुई है।

## देश को 23 साल बाद मिली नई सहकारिता नीति, अमित शाह बोले

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित

- देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है



सरकार का दृष्टिकोण, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी **कारकों को समझता है**

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का अनावरण किया, जो पिछले 23 वर्षों से लागू एक नीति का स्थान लेगी। यह उस विभाग के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगी जिसकी भूमिका नरेंद्र मोदी सरकार के तहत लगातार बढ़ रही है। सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, नई नीति देश में सहकारिता को मजबूत करने के केंद्र के उद्देश्य का हिस्सा है और 2025-45 तक यानी अगले दो दशकों के लिए भारत के सहकारिता आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी।

अमित शाह ने कहा कि आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का शुभारंभ हुआ है। 2002 में, भारत सरकार ने सहकारिता नीति पेश की थी। उस समय भाजपा की सरकार थी। और आज, 2025 में, भाजपा सरकार द्वारा दूसरी सहकारिता नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी कारकों को समझता है, वही सहकारी क्षेत्र को महत्व दे सकता है...यदि देश और अर्थव्यवस्था की मूल इकाई समृद्ध, रोजगारयुक्त और संतुष्ट है, तो वह आर्थिक मॉडल कभी विफल नहीं हो सकता।

शाह ने जोर देकर कहा कि सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्रबिंदु लोग, गांव, कृषि, गांव की महिलाएं, दलित, आदिवासी हों। एक वाक्य में कहें तो इसका विज़न सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है। इसका मिशन पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी, ज़िम्मेदार और आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा सफल लघु सहकारी इकाइयाँ विकसित करना है। हम हर गाँव में कम से कम एक सहकारी संस्था के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 2027 में भारत को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का लक्ष्य रखा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य तक जरुर पहुंच जाएंगे। सबका सामूहिकता के साथ विकास हो, सबका समविकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो- ऐसा मॉडल बनाना भारत का और भाजपा का मूल विचार है। इसलिए मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि विगत 4 वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की अनेक उपलब्धियां रही, मगर इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है कि आज देश की छोटी से छोटी सहकारी इकाई का सदस्य गर्व के साथ खड़ा हो गया है। गृह मंत्री ने कहा कि चार वर्षों के अंदर 'कोआपरेटिव सेक्टर' ने 'कॉर्पोरेट सेक्टर' के समान अधिकार मिले हैं। एक जमाने में अर्थतंत्र के जानकारों ने सहकारिता को डायिंग सेक्टर घोषित कर दिया था। आज वही लोग कहते हैं कि सहकारिता का भी फ्यूचर है। लेकिन मैं सभी को कहना चाहता हूँ कि सहकारिता का भी फ्यूचर है नहीं, सहकारिता का ही फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है।

## शांता कुमार ने केंद्र से 20,000 करोड़ रुपए की मांग की

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से विशेष राहत की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा है, जिसमें अब तक 140 लोगों की जान जा चुकी है और 40 लोग लापता हैं। हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं, सैकड़ों सड़कें और बुनियादी ढांचा बर्बाद हो चुका है। शांता कुमार ने वीरवार को एक बयान में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें राहत कार्यों में जुटी हैं, लेकिन मौजूदा प्रयास ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। पूरे गांव उजड़ चुके हैं, लोगों के जीवन की पुर्नस्थापना एक बड़ा और खर्चीला काम है। उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए भारत सरकार के पास वर्षों से बिना दावेदार के पड़े लगभग 2 लाख करोड़ के लावारिस धन के उपयोग का सुझाव दिया। उनके अनुसार, यह धन बैंकों, डाकघरों, ईपीएफ खातों और बीमा कंपनियों में जमा है, जिसके वैधानिक दावेदार नहीं हैं और वर्षों से इस पर किसी ने कोई दावा नहीं किया है। शांता कुमार ने बताया कि बैंकों में: 42,270 करोड़, डाकघरों में 32,273 करोड़, ईपीएफ खातों में 8,500 करोड़ आदि की मांग की ।

## कांवड़िये को लेकर अपने बयान पर कायम स्वामी प्रसाद मौर्य, फिर बोले-

# पूरे राज्य में भय और दहशत फैला रहे

- कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांवड़ियों पर टिप्पणी के विरोध में विश्व हिंदू रक्षा परिषद द्वारा उनके आवास के शुद्धिकरण के आह्वान पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दूषित मन वाले लोग दूसरों का शुद्धिकरण नहीं कर सकते। मैं कांवड़ियों के बारे में अपने बयान पर कायम हूँ।

भोले बाबा के भक्त अपराधी नहीं हैं जो सड़कों पर तोड़फोड़ करें, गाड़ियाँ तोड़ें, मारपीट करें, महिलाओं को चोट पहुँचाएँ या यात्रियों को बाधा पहुँचाएँ। अगर कांवड़िये ऐसा नहीं कर सकते, तो कौन कर सकता है? स्वामी प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे पूरे राज्य में अराजकता फैला रहे हैं, भय और दहशत फैला रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह से अपने दम पर राज्य पर शासन करना चाहती थी। इसके माध्यम से, सरकार का लक्ष्य राज्य पर पूरी तरह से हावी होना था... क्या शुद्धिकरण की मांग करने वाले लोग सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों के समान हैं? इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि ये कांवड़िये नहीं हैं; ये सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे, माफिया, अपराधी हैं।

उन्होंने दावा किया कि कांवड़ियों की आड़ में ये अपराध और अत्याचार करके पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल बना रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मांग की कि सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए, अन्यथा उसे भी जवाबदेह होना पड़ेगा। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मेरा मानना है कि कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं। इसीलिए सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती और उन पर फूल बरसा देती है। यह तीखी टिप्पणी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्गों पर तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं के बीच आई है। नामपट्टिकाओं पर विवाद को लेकर सड़क किनारे ढाबों और स्टॉलों को निशाना बनाने की घटनाएँ भी सामने आई हैं।

पिछले हफ़्ते, मेरठ में कांवड़ियों ने एक स्कूल बस में तोड़फोड़ की, जब कथित तौर पर एक स्कूल बस उनमें से कुछ को टक्कर मार गई थी। वायरल हुए वीडियो में, गुस्साए तीर्थयात्री बस में चढ़ते और ड्राइवर की पिटाई करते और उसके शीशे तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य घटना में, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट को लेकर हुए विवाद में कांवड़ियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को घूंसा मार दिया।

इस मामले में सात कांवड़ियों को गिरफ्तार किया गया है।

## बिहार की जीएसडीपी में 14.47 प्रतिशत की वृद्धि : सीएजी



**पटना।** बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी जमकर हंगामा हुआ। इस बीच नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन बिहार विधानमंडल (विधानसभा-विधान परिषद) में प्रस्तुत किया। इसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पिछले वर्ष की तुलना में 14.47 प्रतिशत बढ़ी। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के राजस्व व्यय में विगत वर्ष की तुलना में 3.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व प्राप्तियों में विगत वर्ष की तुलना में 11.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य की देनदारियों में वि गत वर्ष की तुलना में 12.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राज्य की कुल बकाया देनदारियों में आंतरिक ऋण का योगदान 59.26 प्रतिशत था।

# आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा।

**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

# 50 मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ आरएसएस चीफ की अहम बैठक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने की एक उल्लेखनीय पहल के तहत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, सह महासचिव कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ नेता रामलाल और इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी सहित कई मुस्लिम धार्मिक नेता इस बैठक में भाग लेने वाले थे। आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और "एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान" की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है। सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था।

## योगी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 'फेसबुक' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चितबड़ागांव मंडल के अध्यक्ष मोती चंद्र गुप्त की तहरीर पर चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के पलिगरा गांव निवासी संजय भारती के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि संजय भारती ने 'फेसबुक' पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए अभद्र का प्रयोग किया था और धमकी दी थी।

## एसआईआर पर एनएसयूआई का पटना में बवाल

# पुलिस ने वाटर कैनन चलाए कांग्रेस का केंद्र पर निशाना

एजेंसी



**पटना।** कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चुनावी राज्य बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद, पटना में पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स हटाने की कोशिश करने पर कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछारें की गईं और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। विरोध प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने बढ़ती बेरोजगारी पर जवाब न दे पाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की और कहा कि राज्य अराजकता और अराजकता की स्थिति में पहुँच गया है।

कांग्रेस नेता ने एएनआई को बताया कि युवा नौकरी और रोज़गार की माँग कर रहे हैं और पलायन के ख़िलाफ़ हैं।

बिहार में अराजकता और अराजकता का माहौल है। सरकार जवाब और स्पष्टीकरण देने में असमर्थ है, इसलिए अब कांग्रेस के पास विरोध प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।" धरना स्थल पर मौजूद पटना के अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट - क़ानून व्यवस्था (एडीएम) गोविंद पांडे ने कहा कि सड़क को साफ़ करना होगा, अन्यथा स्कूल बसें रोक दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के कारण एक एम्बुलेंस पहले से ही पीछे फँसी हुई है।

# योगासन भारत ने लोकसभा में खेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए खेल संशोधन विधेयक का किया समर्थन

एजेंसी। नई दिल्ली



योगासन भारत, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ, आज लोकसभा में प्रस्तुत किए जा रहे दो महत्वपूर्ण विधेयकों का पूर्ण समर्थन और स्वागत करता है। यह ऐतिहासिक कदम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के खेलो इंडिया फिट इंडिया' मिशन, भारत को खेल महाशक्ति बनाने की परिकल्पना तथा भारतीय खेलों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सशक्त बनाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

योगासन भारत के महासचिव डॉ योगाचार्य जयदीप आर्य की ओर से उनके इस दूरदर्शी नेतृत्व हेतु हार्दिक आभार प्रकट किया हैं। साथ ही, हम केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का भी विशेष धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने खेल क्षेत्र के सुशासन और डोपिंग-रोधी व्यवस्था को सुदृढ बनाने हेतु इन विधेयकों को तैयार कर संसद में प्रस्तुत किया। योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा में प्रस्तुत विधेयकः1राष्ट्रीय खेल सुशासन विधेयक, 2025 (थे नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025):इस विधेयक के माध्यम से भारत में एक पारदर्शी, उत्तरदायी, नैतिक एवं न्यायोचित खेल प्रशासन प्रणाली की नींव रखी जाएगी, जिससे सभी खेल स्पर्धाओं को अतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने की दिशा मिलेगी। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, 2025 (नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल, 2025): यह विधेयक वर्ष 2022 के राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग अधिनियम में संशोधन लाकर भारत की डोपिंग विरोधी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा खिलाड़ियों के हित में बनाएगा।

योगासन खेल से विशेष जुड़ावः इन विधेयकों से योगासन खेल जिसे वर्ष 2020 में एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल (कंपटीटिव स्पोर्ट) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, को नई ऊर्जा, सुदृढ़ संरचना और विश्वसनीयता प्राप्त होगी।

यह विधेयक योगासन भारत जैसे महासंघों को पारदर्शी, लोकतांत्रिक एवं उत्तरदायी प्रशासनिक ढांचे में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही, एंटी-डोपिंग अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से योगासन एथलीटों को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। योगासन भारत इस खेल अधिनियम के तहत सुधार की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदमों का हृदय से स्वागत करता है।

# नारेबाजी और तख्तियां लाना कांग्रेस के संस्कार नहीं रहे : ओम बिरला



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजेंठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है।.कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर हंगामा किया जिससे कार्यवाही बाधित हुई। बिरला ने कहा, ''आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।'' उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा, ''आप लोग इतने पुराने राजनीतिक दल के संसद सदस्य हो, जिसका इस सदन के अंदर गरिमा और मर्यादा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। लेकिन लोग देखेंगे कि आप किस तरह से सदन में व्यवहार करते हैं, तख्तियां लेकर आते हैं और मेजें ठोकते हैं।''

## हमास ने नेतन्याहू को चिढ़ाया, इजरायली टैकों के उड़ गए चिथड़े



**नई दिल्ली ।** गाजा में एक बार फिर हालात बेकाबू हो गए हैं। हमास के लड़ाकों ने इजरायली सेना पर हमले और तेज कर दिए हैं। अल क़स्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो जारी कर इजरायली टैंकों को तबाह करने का दावा किया है। खबर तो ये है कि जबालिया के पास टकराव और भी विकराल रूप ले चुका है। गाजा की छोटी-छोटी गलियों में फिर बमों की आवाज गूंज रही हैं और युद्ध की आंच लगातार भड़क रही है। इजरायली सेना को निशाना बनाने का ताजा वीडियो सामने आया है। जिसे लेकर अल क़स्साम ब्रिगेड जो हमास की ही सशस्त्र ईकाई है उसने दावा किया है कि उसने इजरायली टैंकों को खदानों, शार्ट रेंट मिसाइलों से निशाना बनाया है। खबर है कि हमास ने एक इमारत पर हमला भी किया है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वहां इजरायली सैनिक मौजूद था। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो फ़ुटेज जारी किया जिसमें उसके लड़ाके जबालिया कैंप में इज़राइली सैन्य वाहनों को नज़दीक से निशाना बनाते हुए दिखाई दे रहे थे। अल जज़ीरा द्वारा प्रसारित इस वीडियो में कई ऑपरेशन दिखाए गए, जिनमें एक मर्कवा टैंक को यासीन 105 मिसाइल से नष्ट करना और एक टैंक के अंदर शवाथ विस्फोटक उपकरण का विस्फोट शामिल है।

- **अल जज़ीरा द्वारा प्रसारित इस वीडियो में कई ऑपरेशन दिखाए गए**




# रूसी प्लेन क्रैश, 49 लोगों की हुई मौत

**मास्को । एजेंसी**

रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे। बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। रॉयटर्स के मुताबिक ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

**दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब :** इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। तास समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है।



**क्रैश हुआ विमान 63 साल पुराना था**

सोवियत संघ ने एन-24 विमान को छोटे इलाकों में उड़ने के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं, जो 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किलोमीटर तक उड़ान भरती थी। इसके अलावा यह 4 टन तक का वजन (पेलोड) ले जा सकती थी। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों।

# मोदी के पहुंचने से पहले ही मालदीव गाने लगा भारत के सुर

**नई दिल्ली । एजेंसी**

मालदीव के एक पूर्व मंत्री ने ज़रूरत पड़ने पर द्वीपीय देश की मदद के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव की यात्रा पर आने वाले हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में एक नया मोड़ आने की उम्मीद है, जबकि एक साल पहले दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी। पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि जब भी मालदीव पर कोई संकट आया है, भारत हमेशा सबसे पहले सहायता देने वाला देश रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों का दिल बड़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव के बावजूद मालदीव को सहायता जारी रखने और बढ़ाने का भारत का कदम उसकी परिपक्वता और उदारता को दर्शाता है। शाहिद ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंधों ने हमेशा यह दर्शाया है कि भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश है। जब भी हम अंतरराष्ट्रीय लाइन पर बात करते हैं, भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है। इसके कई कारण हैं। सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण यह है कि भारतीय लोगों का दिल बड़ा है और वे पड़ोस में मालदीव की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, इसलिए वे बहुत उदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि भौगोलिक रूप से भारत मालदीव के बहुत करीब है। जब भी मालदीव में कोई आपात स्थिति या संकट की स्थिति आती है, भारत ने हमें कभी निराश नहीं किया है... भारत सरकार द्वारा सहायता में की गई वृद्धि उसकी उदारता और परिपक्वता को दर्शाती है। मोहम्मद मुइज्जू की सरकार पर कटाक्ष करते हुए शाहिद ने कहा कि मालदीव के राजनीतिक दलों को भारत जैसे प्रमुख पड़ोसी देशों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं और शाहिद का मानना है कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होंगे। हमारे पड़ोस में ही एक बहुत बड़ा बाज़ार है। यह स्वाभाविक है कि हम भारत में हो रही आर्थिक तेज़ी का लाभ उठाएं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि राजनयिक तनाव के कारण मालदीव आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार प्रधानमंत्री की यात्रा सब कुछ ठीक कर देगी।



**भारत सबसे पहले करता है प्रतिक्रिया**

- भारत हमेशा मालदीव की मदद के लिए तत्पर रहता है।
- इसका मुख्य कारण है भारतीयों की उदारता और संवेदनशीलता।
- भारत और मालदीव के बीच भौगोलिक निकटता भी एक कारण है।

**भारत ने कभी मालदीव को निराश नहीं किया**

- हर आपातकाल में भारत ने तुरंत सहायता भेजी।
- भारत की सहायता उसकी परिपक्वता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है।

- **पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने मुइज्जू सरकार पर परोक्ष हमला किया।**
- **कहा, भारत जैसे पड़ोसी देश का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग न करें।**

## मेलबर्न में हिंदू मंदिर पर नस्लीय हमला, लोगों ने जताई चिंता

**कैनबरा (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में एक प्रमुख हिंदू मंदिर पर हाल ही में हुए नस्लीय हमले ने वहां रह रहे भारतीय समुदाय के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर 'गो होम' जैसे स्लोगन और 'ब्राउन' जैसे नस्लभेदी शब्द लिखे गए। इससे स्पष्ट है कि यह कृत्य एक समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के दो एशियाई रेस्टोरेंट की दीवारों पर भी उसी तरह की नफरत भरी बातें लिखी गई थीं। घटना की पुष्टि करते हुए, विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि वह बोरोनिया में हुई चार संबंधित घटनाओं की जांच कर रही है, जिनमें एक मंदिर और दो रेस्टोरेंट शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट 'द ऑस्ट्रेलिया टुडे' ने पुलिस के हवाले से कहा, "पुलिस 21 जुलाई को बेजवॉटर और बोरोनिया में स्लोगनों से जुड़े मामलों की जांच कर रही है।



## पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से तबाही, 18 की मौत कई लापता



**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**

पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से हालात खराब हैं। पड़ोसी मुल्क में बाढ़ और तूफान के कारण 18 अन्य लोगों की जान चली गई। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने चेतावनी जारी करते हुए 25 जुलाई तक देश के अधिकांश हिस्सों में लगातार बारिश की आशंका जताई है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में करीब 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 10-15 लोग बह गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को बताया कि केपी प्रांत में मरने वाले 13 लोगों में नौ बच्चे, तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा, बारिश से संबंधित घटनाओं में दो बच्चों और एक महिला सहित तीन अन्य घायल हो गए हैं।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में इकलौते बचे विश्वास कुमार सदमे में

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद विमान हादसे को डेढ़ महीना हो गया है, लेकिन कई पीड़ित परिवार अभी भी 270 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी के सदमे से उबर नहीं पाए हैं। कुछ ऐसा ही हाल विमान हादसे में इकलौते बचे शख्स विश्वास कुमार भालिया का है, जिन्होंने हादसे में अपने भाई अजय को अपनी आंखों के सामने मरते देखा। विश्वास अब तक सदमे से उबर नहीं पाए हैं। उनके परिवार का कहना है कि विश्वास को नींद नहीं आती। रात-रातभर जागते रहते हैं। इस वजह से उसका एक छोटे बच्चे की तरह हर समय ध्यान रखना पड़ रहा है। परिवार के अलावा दोस्त भी लगातार उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।



## ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध को लेकर आया चीन का बयान, कहा- भारत और बांग्लादेश को...



**नई दिल्ली ।** चीन ने तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर अपने डैम के निर्माण की शुरुआत का बचाव किया। वहीं, भारत और बांग्लादेश जैसे निचले इलाकों वाले देशों पर इसके असर को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया। शनिवार को चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग ने ब्रह्मपुत्र नदी के निचले हिस्से में तिब्बत के न्यिंगची शहर में डैम के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि यह प्रॉजेक्ट निचले इलाकों पर किसी भी तरह का नकारात्मक असर नहीं डालेगा। गुओ ने कहा कि इस प्रॉजेक्ट पर दोनों देशों से जरूरी बातचीत की गई है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हाल में इस निर्माण को वॉटर बम करार दिया था। कहा था कि यह भारत की अस्तित्व के लिए खतरा है। ब्रह्मपुत्र एक अंतर्देशीय नदी है जिसका बेसिन लगभग 5,80,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो चीन (50.5%), भारत (33.3%), बांग्लादेश (8.1%) और भूटान (7.8%) में फैला है। भारत में, इसका क्षेत्रफल 1,94,413 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 5.9% है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के क्षेत्र शामिल हैं।

## थाईलैंड ने कंबोडिया पर एफ-16 से किया हमला, हाई अलर्ट पर कई देश

**नई दिल्ली । एजेंसी**

रूस और यूक्रेन के बीज की जंग सालों से चल रही है। वहीं हाल ही में ईरान और इजरायल के बीच बैटल का नया ग्राउंड देखने को मिला था, जिसमें अमेरिका ने भी अपने बी2बॉम्बर्स के साथ एंट्री कर ली थी। लेकिन इस युद्ध का तो विराम हो गया। फिर भी इजरायल एक और मोर्चे में फिलिस्तीन के साथ जंग में उलझा है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप शांति का राग अलाप रहे हैं। लेकिन विश्व में एक और युद्ध का मोर्चा खुल गया है। थाईलैंड और कंबोडिया ने बीच जंग शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच, थाईलैंड ने गुरुवार को कहा कि उसने कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। सेना ने कहा कि F-16 लड़ाकू विमानों ने कंबोडिया में दो सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। उसने कहा कि छह लड़ाकू विमानों ने ज़मीन पर स्थित कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हमला किया। यह हवाई हमला थाई अधिकारियों द्वारा दिन में पहले दी गई जानकारी के बाद किया गया है कि कंबोडियाई तोपखाने की गोलाबारी में दो थाई नागरिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए।



कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जेट विमानों ने सड़क पर दो बम गिराए, और वह कंबोडिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ थाईलैंड साम्राज्य के लापरवाह और क्रूर सैन्य आक्रमण की कड़ी निंदा करता है। यह झड़पें तब हुईं जब थाईलैंड ने बुधवार देर रात कंबोडिया से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और कहा कि वह बैंकॉक में कंबोडिया के दूत को निष्कासित कर देगा। इससे पहले, एक सप्ताह के अंतराल में दूसरे थाई सैनिक ने बारूदी सुरंग में अपना अंग खो दिया था, जिसके बारे में बैंकॉक ने आरोप लगाया था कि हाल ही में विवादित क्षेत्र में इसे बिछाया गया था।



कहानी फिल्म जगत की

## ईस्कॉन के रेस्टोरेंट में चिकन खाते लड़के पर बादशाह का फूटा गुस्सा

**हिंदू धर्म का अपमान करने वाले की लगाई क्लास**

रैपर बादशाह ने लंदन स्थित इस्कॉन के राधा-कृष्ण मंदिर से जुड़े शाकाहारी रेस्टोरेंट गोविंदा में चिकन खाने वाले एक व्यक्ति की कड़ी आलोचना की है। बादशाह ने X (पहले ट्विटर) पर @JIX5A द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उस व्यक्ति ने न केवल रेस्टोरेंट के अंदर मांस खाया, बल्कि उसे कर्मचारियों और ग्राहकों को भी परोसा। वीडियो में, वह आदमी स्टाफ़ के पास गया और पूछा, "क्या यह शाकाहारी रेस्टोरेंट है? यानी यहाँ मांस नहीं है? क्या आपको यकीन है?" जब स्टाफ़ ने कई बार दोहराया कि यह सचमुच शाकाहारी रेस्टोरेंट है, तो उस आदमी ने केएफसी चिकन का एक डिब्बा निकाला और खाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडिया काफी तेजी वायरल हो रहा है।



# रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



- अहमदाबाद, जयपुर, ऋषिकेश, हरिद्वार के लिए नई ट्रेन परिचालन का आग्रह
- रांची से सिल्ली, मुरी और हजारीबाग के लिए भी मांगी पैसेंजर और शटल ट्रेन
- 4200 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार जताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री सेठ ने रांची लोकसभा क्षेत्र में 4200 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया। विशेष रूप से वर्षों से लंबित सिल्ली इलू रेल लाइन के निर्माण की दिशा में रेलवे के द्वारा उठाए गए कदम को लेकर उन्होंने धन्यवाद प्रकट किया। मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से झारखंड की राजधानी रांची से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए सीधी ट्रेन सेवा और रांची के आसपास के स्टेशनों व सुदूरवर्ती क्षेत्र से पैसेंजर शटल ट्रेन के परिचालन का आग्रह भी किया। श्री सेठ ने रेल मंत्री को बताया कि रांची झारखंड की राजधानी है और यहां के रेलवे स्टेशन से रांची सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक जिलों और दो-तीन राज्यों से जुड़े लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। यही से उनकी यात्रा शुरू होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी रांची देश के कई प्रमुख शहरों से नहीं जुड़ सका है, जिससे यहां के नागरिक अपनी यात्रा के दौरान काफी परेशानी उठाते हैं। विद्यार्थी, किसान, नौकरी पेशा से जुड़े लोग, व्यवसाय से जुड़े लोग, पर्यटक, विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने वाले लोग रांची से दक्षिण भारत, गुजरात, राजस्थान, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे राज्यों और शहरों की यात्रा को जाते हैं परंतु रांची से सीधी ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण उन्हें समस्या होती है। ऐसे क्षेत्र के लिए रांची से सीधी ट्रेन सेवा चालू हो तो यात्रियों को काफी लाभ होगा। उनका समय बच सकेगा। राजधानी रांची देश के कई शहरों से सीधा जुड़ सकेगी और रेलवे को राजस्व भी प्राप्त होगा।

श्री सेठ ने रांची से सिल्ली, मुरी, हजारीबाग के लिए पैसेंजर व शटल ट्रेन के परिचालन का भी आग्रह किया है। वही श्री सेठ ने रेल मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में पूर्ण हो चुके रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अंडरपास के लोकार्पण कर चालू करने का आग्रह भी किया और लंबित पड़ी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी देते हुए इसे तेज गति से पूर्ण करने के लिए निर्देशित करने का सुझाव दिया। मुलाकात के क्रम में संजय सेठ ने रेल मंत्री से रांची से पूरे झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं के अब तक हुए विस्तार की जानकारी दी और भविष्य में भी यहां रेल क्षेत्र के विकास का विश्वास जताया। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने कहा कि रेल मंत्री ने उनकी सारी बातों को गंभीरता से सुना है और इस पर सकारात्मक पहल करने की बात भी कही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में रांची सहित पूरे झारखंड को रेल मंत्रालय में कई सौगातें दी है। वर्षों से लंबित पड़ी योजनाओं पर काम हुए हैं। आधी अधूरी योजनाएं पूर्ण हो रही है। कई नई परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। बहुत जल्द ही रांची लोकसभा क्षेत्र को रेलवे की तरफ से और भी कई सौगातें दी जाएंगी। इस मुलाकात में रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री को जो आग्रह पत्र सौंपा है।

## अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने पर भाजपा का कड़ा ऐतराज

**रांची।** भाजपा ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक रखने के हेमंत सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस निर्णय को तुच्छ मानसिकता और विकृत राजनीतिक सोच का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब भी झारखंड में विकास की दिशा में कोई सकारात्मक पहल होती है, झामुमो सरकार उसे नकारात्मक विवादों में बदलने का प्रयास करती है। साह ने कहा कि आयुष्मान भारत और अटल मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाएं भाजपा की क्रांतिकारी सोच की देन है, जिन्होंने गरीबों और आम लोगों के स्वास्थ्य अधिकारों को सशक्त किया। लेकिन हेमंत सरकार इन योजनाओं को अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए अपमानित और विकृत कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड राज्य के निर्माता रहे हैं और उनका नाम झारखंड के जन-जन की स्मृतियों से जुड़ा है। अटल जी का नाम हटाकर राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करना केवल एक भारतरत्न का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की आत्मा का अपमान है। अजय साह ने सरकार को सुझाव दिया कि यदि वह कोई नई स्वास्थ्य योजना शुरू करना चाहती है तो उसमें नए नामकरण की पूरी स्वतंत्रता है, लेकिन पहले से स्थापित और लोकप्रिय योजनाओं का नाम बदलकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा करना ओछी और दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है।

### चिकित्सकों की बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प

## स्वस्थ झारखंड के लिए भूमिका निभाएं चिकित्सक : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने आह्वान किया है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सक समुदाय को आगे आना होगा। झारखंड को एक स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने में चिकित्सकों को अहम भूमिका निभानी होगी। श्री महतो ने बरियातू स्थित डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता काफी कम है। बैठक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, मुख्य प्रशिक्षक संजय बसु मल्लिक एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में खाट पर मरीजों को ढोया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांकों में झारखंड का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है। श्री महतो ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी एक गंभीर चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों की कमी, चिकित्सकों की अनुपस्थिति और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव जनता को बेबस कर देता है। आजसू पार्टी इस स्थिति को बदलने के लिए कटिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक झारखंडी को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। बैठक में डॉ पार्थ परितोष, डॉ संतोष मोदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ प्रतीक, डॉ कुंदन, डॉ अभिषेक, डॉ अंबुज, सुमंत मोदी, अमरदीप कुमार, यश चौधरी, शिवम कुमार, शिवलोक सिंह, रौशन कुमार, अभिरंजन तिवारी, मो कैफ आदि उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**लोहरदगा जिला के मत्स्य कृषकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0(वि0) दिनांक 04.07.2025 मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 द्वारा जिला लोहरदगा को लघु शीर्ष–796 में 205 एवं लघु शीर्ष–789 में 40 कुल 245 मत्स्य पालकों/मत्स्य उत्पादकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य विक्रेताओं/रंगीन मछली पालकों इत्यादि एवं मत्स्य से जुड़े मत्स्य कृषकों के लिये मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धर्वा, राँची में राज्यस्तरीय पाँच दिवसीय मत्स्य उत्पादन का प्रशिक्षण कराये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त है। इसके अंतर्गत प्रति प्रशिक्षणर्थी 200/–रू0 प्रति दिन के अनुमानित दर से कुल 1000/–रू0 भुगतान एवं यात्रा के लिये अनुमान्य/वास्तविक व्यय जो कम हो का भुगतान किये जाने का प्रावधान है। आवास की व्यवस्था मुफ्त हैं मत्स्य किसान केन्द्र का पत्रांक–308 दिनांक 07.07.2025 के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है जो निम्नलिखित है–

| क्र0 | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान | प्रति सत्र प्रशिक्षणार्थियों की संख्या का लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 18.08.2025 से 22.08.2025 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, राँची। | 35 |
| 2 | 15.09.2025 से 19.09.2025 | | 35 |
| 3 | 14.10.2025 से 18.10.2025 | | 35 |
| 4 | 18.11.2025 से 22.11.2025 | | 35 |
| 5 | 15.12.2025 से 19.12.2025 | | 35 |
| 6 | 13.01.2026 से 17.01.2026 | | 35 |
| 7 | 09.02.2026 से 13.02.2026 | | 35 |
| 8 | 10.03.2026 से 14.03.2026 | | 35 |

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के इच्छुक मत्स्य पालकों/मत्स्य उत्पादकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य विक्रेताओं/रंगीन मछली पालकों इत्यादि एवं मत्स्य से जुड़े मत्स्य कृषकों से अनुरोध है कि जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से प्रशिक्षण से संबंधित आवेदन प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त कर भरा हुआ आवेदन प्रपत्र कार्यालय में जमा करें। अन्य विस्तृत जजानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपलक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 358052 Lohardaga(25-26).D



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

76वीं औपबंधिक सूची जिला–गढवा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विरेन्द्र ठाकुर , कबुतरी देवी एवं रामनाथ मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–442/25 2. आवेदक–अकलू कुशवाहा , पिता–बचनु कुशवाहा 3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–धुरकी , थाना– धुरकी प्रखण्ड–सगमा 4. लिंग–पुरूष,आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–443/25 2. आवेदक–मुरलीधर कुशवाहा , पिता–स्व0 रामजिव कुशवाहा 3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–विरवल , थाना– धुरकी प्रखण्ड–सगमा 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–99/25 2. आवेदक–श्रवण कुमार मेहता, पिता–गोपाल मेहता 3. ग्राम–अरंगी , पोस्ट–अरंगी , थाना–खरौंधी ,प्रखण्ड–खरौंधी 4. लिंग–पुरूष,आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–100/25 2. आवेदक–पुनम देवी , पति–विजय चौधरी 3. ग्राम–अरंगी , पोस्ट–अरंगी , थाना–खरौंधी ,प्रखण्ड–खरौंधी 4. लिंग–महिला, आयु–53वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता, बिरेन्द्र ठाकुर एवं नंदलाल प्रसाद मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–101/25 2. आवेदक–मोसाहेब अंसारी , पिता–जमीर अंसारी 3. ग्राम–ढोटी , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा ,प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–102/25 2. आवेदक–कामेश्वर यादव , पिता–फकीरा यादव 3. ग्राम–कुदरूम , पोस्ट–विश्रामपुर , थाना–रंका ,प्रखण्ड–रंका 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के तर्जनी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–103/25 2. आवेदक–ह्दयानन्द कुशवाहा, पिता–स्व0 दुर्जन कुशवाहा 3. ग्राम–कुम्बाकलां , पोस्ट–धुरकी , थाना–धुरकी, प्रखण्ड–धुरकी 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–104/25 2. आवेदक–उमेश प्रसाद , पिता–रामवृक्ष महतो 3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा ,प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढोढी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–105/25 2. आवेदक–राधिका देवी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 गोविन्द राम (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–सहिजना, पोस्ट–गढ़वा थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–106/25 2. आवेदक–ललिता देवी , पति–स्व0 केदारराम 3. ग्राम–जाटा, पोस्ट–कल्याणपुर थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–107/25 2. आवेदक–शिवकुमार सिंह , पिता–धनी सिंह 3. ग्राम–विशुनिया , पोस्ट–गनियरीकलां , थाना–धुरकी, प्रखण्ड–धुरकी 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के अंगूठे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–108/25 2. आवेदक–राम प्रवेश सिंह कुशवाहा, पिता–स्व0 राम कुमार सिंह कुशवाहा 3. ग्राम–जाटा, पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ की हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–109/25 2. आवेदक–अर्जुन यादव, पिता–स्व0 राजदेव यादव 3. ग्राम–ढोटी, पोस्ट–गढ़वा , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–110/25 2. आवेदक–नन्दकिशोर राम , पिता–स्व0 रटल राम 3. ग्राम–जाटा, पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढी पर मासा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.358054 Home(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**फीड बेस्ड फिशरीज योजना के तहत् फैक्ट्री उत्पादित फ्लॉटिंग फीड के कय पर अनुदान**

एतद् द्वारा मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत फीड बेस्ड फिशरीज योजना में जिला–लोहरदगा को विभिन्न तकनिकों से मत्स्य बीज/मत्स्य उत्पादन/मत्स्य पालन करने वाले कृषकों के लिये फार्मूलेटेड फ्लॉटिंग फीड के क्रय पर सरकारी अनुदान दिया जाना है। इस योजना के तहत् सक्रिय मत्स्य बीज उत्पादक/मत्स्य पालक/रिसर्कुलेटरी एक्वकल्चर सिस्टम (RAS) संचालक/बायोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) संचालक/बायोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond) संचालकों द्वारा फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय करेंगे तथा लाभुक के साथ फोटोग्राफ एवं GST अभिश्रव कार्यालय में समर्पित करेंगे जिसके विरूद्ध राज्यादेश में प्रावधान अनुसार अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। आवेदक अपना पूर्व का मत्स्य उत्पादन का आकड़ा समर्पित करेंगे।

योजना से संबंधित अधिक एवं विस्तृत जानककारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त की जा सकती है।

| क0 | मात्स्यिकी कियाएँ | फ्लॉटिंग फीड का आकार | फीड का क्रय सरकारी/खुला बाजार से | अधिकतम मत्स्य आहार कि0ग्रा0 में | अधिकतम अनुदान प्रति कि0ग्रा0 (राशि रूपये में | अधिकतम कुल अनुदान राशि रू0 में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य पालक/केज मत्स्य पालक | 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक | विभाग द्वारा स्थापित फीड मिल/झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड/प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिड मिल | – | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 | – | – |
| 2 | मत्स्य पालक | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 700 | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 | अधिकतम 17500/–रू. | – |
| 3 | केज मत्स्य पालक | 2mm से बड़े 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 1500 | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 | 37500/– | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 4 | रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 90 m3 के प्रति टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 5 | बयोफ्लॉक टैंक | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 10 m3 के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए 50 कि0ग्रा0 प्रति टैंक | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाब | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | अधिकतम 1500 कि0ग्रा0 प्रति 0.1 हे0 बायोफ्लॉक तालाब | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपलक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 358049 Lohardaga(25-26).D



**प्रपत्र VI क**
**समाहरणालय पलामू विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी (शाखा मेदिनीनगर, पलामू)**
**या उपायुक्त, पलामू समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना**

पत्रांक–205 मेदिनीनगर — अधिनियम 30/2013 की धारा 11(i) के अधीन — दिनांक–22.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हल्दी मिन्हाई, थाना–पाँकी, थाना नं0–538, अंचल–पाँकी, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अमानत बराज परियोजना अन्तर्गत औरंगा दाँया मुख्य नहर निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव सूचित किया जाता है कि ग्राम–हल्दी मिन्हाई, थाना–पाँकी, थाना नं0–538, अंचल–पाँकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त परियोजना के कमोबेश 4.42 एकड़ मानक माप का भूमि जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.16 | विनोद सिंह पिता स्व0 गुरूचरण सिंह, सखी सिंह वो योगेन्द्र सिंह पिता स्व0 तपसी सिंह, जितेन्द्र सिंह पिता स्व0 साह जनाथ सिंह, धिराज सिंह वो दिलीप सिंह, अवधेश सिंह पिता स्व0 सुराज सिंह, सुनिल सिंह वो मनोज सिंह पिता स्व0 करधनी सिंह, नागेन्द्र सिंह वो मुकेश सिंह पिता स्व0 उदेश्वर सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 02 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.10 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| 03 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.33 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 04 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.21 | राधेश्याम सिंह पिता स्व0 मटुकधारी सिंह, चितरंजन सिंह पिता स्व0 अमरजीत सिंह, बैजनाथ सिंह पिता स्व0 सकलधारी सिंह, भाग सिंह सुराज सिंह वो झरी सिंह वो शिबू सिंह पिता स्व0 देवदास सिंह, हिरादानन्द सिंह पिता स्व0 हरदास सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 05 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.66 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 06 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 1.22 | रामध्यान सिंह वो कमख्या नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह पिता स्व0 यादो सिंह, सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह, प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनुरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 114 का अंश |
| 07 | 9 | 67 | रैयती | कृषि | 0.25 | प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति पिता स्व0 महेश प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनिरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति, रामध्यान सिंह वो कमख्या, नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह, पिता स्व0 यादो सिंह सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह साकिन चन्द्रपुर बुधन सिंह पिता स्व0 मलारू सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 08 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.72 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 09 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.14 | लल्लू साव वो शिवकुमार चौरसिया पिता स्व0 मनोहर साव, जय प्रकाश चौरसिया पिता स्व0 अकलू साव ग्राम–नुरू | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 10 | 9 | 67 | रैयती | कृषि | 0.30 | बंधन सिंह पिता स्व0 कलेवर सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 11 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.08 | | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 12 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.25 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| | | | | कुल योग :– | 4.42 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधो के अधीन सभी हल्दी मिन्हाई व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए भूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और संबंधित कर्मचारी पलामू तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिदिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा/अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत प्रभार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता पलामू।
ह0/– उपायुक्त पलामू।

PR 358075 Palamu(25-26)D



**प्रपत्र VI क**
**समाहरणालय पलामू विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी (शाखा मेदिनीनगर, पलामू)**
**या उपायुक्त, पलामू समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना**

पत्रांक–205 मेदिनीनगर — अधिनियम 30/2013 की धारा 11(i) के अधीन — दिनांक–22.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हल्दी मिन्हाई, थाना–पाँकी, थाना नं0–538, अंचल–पाँकी, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अमानत बराज परियोजना अन्तर्गत औरंगा दाँया मुख्य नहर निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव सूचित किया जाता है कि ग्राम–हल्दी मिन्हाई, थाना–पाँकी, थाना नं0–538, अंचल–पाँकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त परियोजना के कमोबेश 4.42 एकड़ मानक माप का भूमि जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है –

| क्र0सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 01 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.16 | विनोद सिंह पिता स्व0 गुरूचरण सिंह, सखी सिंह वो योगेन्द्र सिंह पिता स्व0 तपसी सिंह, जितेन्द्र सिंह पिता स्व0 साह जनाथ सिंह, धिराज सिंह वो दिलीप सिंह, अवधेश सिंह पिता स्व0 सुराज सिंह, सुनिल सिंह वो मनोज सिंह पिता स्व0 करधनी सिंह, नागेन्द्र सिंह वो मुकेश सिंह पिता स्व0 उदेश्वर सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 02 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.10 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| 03 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.33 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 04 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.21 | राधेश्याम सिंह पिता स्व0 मटुकधारी सिंह, चितरंजन सिंह पिता स्व0 अमरजीत सिंह, बैजनाथ सिंह पिता स्व0 सकलधारी सिंह, भाग सिंह सुराज सिंह वो झरी सिंह वो शिबू सिंह पिता स्व0 देवदास सिंह, हिरादानन्द सिंह पिता स्व0 हरदास सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 05 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.66 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 06 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 1.22 | रामध्यान सिंह वो कमख्या नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह पिता स्व0 यादो सिंह, सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह, प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनुरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 114 का अंश |
| 07 | 9 | 67 | रैयती | कृषि | 0.25 | प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति पिता स्व0 महेश प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनिरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति, रामध्यान सिंह वो कमख्या, नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह, पिता स्व0 यादो सिंह सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह साकिन चन्द्रपुर बुधन सिंह पिता स्व0 मलारू सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 08 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.72 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 09 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.14 | लल्लू साव वो शिवकुमार चौरसिया पिता स्व0 मनोहर साव, जय प्रकाश चौरसिया पिता स्व0 अकलू साव ग्राम–नुरू | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 10 | 9 | 67 | रैयती | कृषि | 0.30 | बंधन सिंह पिता स्व0 कलेवर सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 11 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.08 | | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 12 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.25 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| | | | | कुल योग :– | 4.42 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधो के अधीन सभी हल्दी मिन्हाई व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए भूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और संबंधित कर्मचारी पलामू तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिदिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा/अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत प्रभार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो विशेष भू–अर्जन कार्यालय उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता पलामू।
ह0/– उपायुक्त पलामू।

PR 358075 Palamu(25-26)D

## अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में जगह मिलने पर घर में जश्न का माहौल



**करनाल (आईएएनएस)।** भारत और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में बुधवार से शुरू हुआ 'एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज' का चौथा टेस्ट हरियाणा के करनाल के युवा क्रिकेटर के लिए बेहद खास है। करनाल के रहने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इस टेस्ट से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज किया है। अंशुल को टेस्ट टीम में मौका मिलने से उनके कोच, उनका परिवार और उनके क्लब के साथी खिलाड़ी बेहद खुश हैं। अंशुल के कोच सतीश राणा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अंशुल कंबोज का टेस्ट में डेब्यू हो चुका है। अंशुल के टीम इंडिया का हिस्सा बनने से हम बेहद खुश हैं। वह 11 साल से लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है। कई-कई घंटे तक वह अभ्यास करता था। धूप-सर्दी अंशुल ने कुछ नहीं देखा। उसका एक ही सपना था, भारतीय टीम का हिस्सा बनना और वह पूरा हो गया है। मेरी उससे बातचीत हुई।

## भारत-पाक मैच रद्द होने पर हरभजन सिंह ने सरकार का समर्थन किया



**लंदन(आईएएनएस)।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) में भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला रविवार (20 जुलाई) को खेला जाना था, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव के चलते इसे रद्द करना पड़ा। हरभजन सिंह इस फैसले से सहमत हैं। उन्होंने भारत सरकार के साथ एकता दिखाई। इस मुकाबले से पहले भारत के कुछ नामी खिलाड़ी पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ खेलने से मना कर चुके थे। इस मुकाबले का बहिष्कार करने वालों में शिखर धवन, हरभजन सिंह, इरफान पठान और यूसुफ पठान का नाम शामिल है। मुकाबले से चंद घंटे पहले डब्ल्यूसीएल ने मैच रद्द करने का आधिकारिक ऐलान कर दिया।

## लिवरपूल ने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके को साइन किया



**लंदन (आईएएनएस)।** प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने बड़ी खरीदारी जारी रखते हुए आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके को साइन कर लिया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया, "हमने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके के ट्रांसफर के लिए समझौता कर लिया, जो अंतरराष्ट्रीय मंजूरी के अधीन है। क्लब ने आगे बताया कि 23 वर्षीय एकिटिके ने मेडिकल टेस्ट पास कर लिया और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति बना ली।

# मैनचेस्टर टेस्ट- इंग्लैंड की मजबूत शुरुआत, टी-ब्रेक तक स्कोर 77/0

### डकेट-क्रॉली फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके, भारत पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट

### भारतीय पारी के टॉप-3 स्कोरर



**साई सुदर्शन**

| रन | बॉल | स्ट्राइक रेट | 4/6 |
|---|---|---|---|
| 61 | 151 | 40.40 | 7/0 |



**यशस्वी जायसवाल**

| रन | बॉल | स्ट्राइक रेट | 4/6 |
|---|---|---|---|
| 58 | 107 | 54.20 | 10/1 |



**ऋषभ पंत**

| रन | बॉल | स्ट्राइक रेट | 4/6 |
|---|---|---|---|
| 54 | 75 | 72.00 | 3/2 |

**मैनचेस्टर । एजेंसी**

भारतीय टीम मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 358 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने गुरुवार को मैच के दूसरे दिन 264/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 94 रन बनाने में आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक तक इंग्लैंड ने पहली पारी में बिना नुकसान के 77 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद लौटे। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। इससे पहले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल होने के बावजूद बैटिंग करने उतरे। इतना ही नहीं, उन्होंने फिफ्टी भी पूरी की। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद उन्होंने अपनी पारी को 37 रन से आगे बढ़ाया। पंत के अलावा शार्दूल ठाकुर ने 41, वॉशिंगटन सुंदर ने 27 और रवींद्र जडेजा ने 20 रन बनाए। बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद पारी में 5 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिला। बुधवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।



इंग्लैंड की पारी के दूसरे ओवर में बेन डकेट आउट होने से बच गए। उनके हाथ से बैट छूट गया और स्टंप के करीब गिरा।

### दोनों टीमें

- **भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज।
- **इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, लियम डॉसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और क्रिस वोक्स।

### भारत के साथ कतर भी ओलिंपिक-2036 के लिए दावेदार, कहा-

## 95% खेल ढांचा पहले से तैयार, 2030 में एशियाई खेलों की भी मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली । एजेंसी**

ओलिंपिक-2036 की मेजबानी के लिए अब कतर भी दावेदारी पेश करेगा। कतर ने इसकी घोषणा की है। कतर ने 2022 में पुरुष फुटबॉल वर्ल्ड कप और 2019 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की थी और वह 2030 में एशियाई खेलों की भी मेजबानी करेगा। कतर ओलिंपिक समिति ने मंगलवार को कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के साथ निरंतर चर्चा में हिस्सा ले रही है। कतर ओलिंपिक समिति के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि हमारे पास ओलिंपिक की मेजबानी के लिए 95% खेल ढांचा पहले से तैयार है और हमारे पास 100% सुविधाएं सुनिश्चित करने की राष्ट्रीय योजना है। भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के सामने पेश किया है। इस महीने के शुरुआत में 1 जुलाई को स्विट्जरलैंड के लुजॉन में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और आईओए अध्यक्ष पीटी उषा समेत भारतीय



प्रतिनिधिमंडल ने आईओसीके सामने अपनी बात रखी थी।

**पिछले साल दावेदारी पेश की थी**

पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। अहमदाबाद को क्यों चुना गया? भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलिंपिक कमेंटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देते हुए ओलिंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा।

### एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप

## वेन्नाला कलागोटला और तन्वी ने भारत को दिलाई शानदार शुरुआत

**सोलो (आईएएनएस)**

बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। महिला एकल वर्ग में वेन्नला कालागोटला और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारतीय अभियान को मजबूत बढ़त दिलाई। वेन्नला कालागोटला ने अलिसा कूलेशोवा को सिर्फ 15 मिनट में 21-6, 21-10 से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की औबर्टा जर्लिना को 21-18, 21-16 से हराकर गुरुवार को होने वाले राउंड ऑफ-32 में जगह बना ली।

दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने यूएई की वैदेही कालिदासन को आसानी से 21-6, 21-6 से हराया, जबकि तन्वी रेड्डी ने चिओक इयान उंग को 21-9, 21-10 से पराजित किया। पुरुष एकल में, प्रणव राम नागलिंगम ने म्यांमार के लाल जुइदिका को 21-15, 21-7 से हराया। अंश नेगी ने डिंग हान जिन को 21-16, 21-15 से शिकस्त



दी। वहीं, हमर लालथाजुआला और रौनक चौहान ने सीधे गेमों में जीत हासिल की। युगल में, कलागोटला-रेशिका उथयासूरियन ने वियतनाम की गुयेन वु न्गोक ट्रान-फाम थी ट्रुक एन को 21-16, 21-14 से हराया, जबकि गायत्री-मनसा रावत ने एंड्रिया हर्नांडेज-मैरी उनताल को 21-17, 21-18 से शिकस्त दी। विष्णु कोडे-कीर्ति मंचला ने मिश्रित युगल में 22-20, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। इस बीच, रुजुला रामू और सी लालरामसांगा-तारिणी सूरी जूनियर शटलरों के शीर्ष टूर्नामेंट से जल्दी ही बाहर हो गए।

## ओलंपिक की मेजबानी करना हमारे लिए एक उपलब्धि होगी : पीटी उषा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत को ग्लोबल स्पोर्टिंग पावरहाउस बनाने का 'विजन 2036' ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखता है। उन्होंने इसे एक संभावित उपलब्धि बताया है। पीटी उषा ने कहा, "भारत को विश्व पटल पर खेल के क्षेत्र में पावरहाउस बनाने का हमारा लॉन्ग टर्म लक्ष्य है। यही दृष्टिकोण आज के विषय, भारत की खेल आकांक्षाओं, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के विजन 2036 के केंद्र में है। उन्होंने कहा, "2036 तक, हम न केवल ओलंपिक में निरंतर सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, बल्कि ओलंपिक गेम्स को भारत में भी लाना चाहते हैं। यह आयोजन हमारे लिए एक उपलब्धि होगी, जो भारत की बढ़ती क्षमता, आत्मविश्वास और वैश्विक खेल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीटी उषा ने पीएम की बातों को दोहराते हुए कहा, "जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "युवा और खेल भारत के भविष्य के दो इंजन हैं। एक सशक्त खिलाड़ी एक सशक्त राष्ट्र का प्रतिबिंब होता है। a'क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड' और उड़नपरी नाम से मशहूर पीटी उषा ने कहा, "यह शक्तिशाली संदेश हमारी मिशन की भावना को दर्शाता है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, हम मिलकर एक मजबूत और टिकाऊ एथलेटिक रणनीति बनाएंगे, राज्य और जमीनी स्तर के सिस्टम को और मजबूत करेंगे, डोप-मुक्त खेल का संदेश दूर-दूर तक फैलाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि अपनी पृष्ठभूमि या भौगोलिक स्थिति के कारण कोई भी पीछे न छूटे।"

आईओए अध्यक्ष ने कहा, "हम खेल को महिलाओं, युवा एथलीटों, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही प्रत्येक भारतीय के लिए एक सुरक्षित और समावेशी स्थान बनाने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं, जो ओलंपिक पोडियम का सपना देखता है। 'विजन 2036' केवल आईओए का नहीं है। यह प्रत्येक कोच, अधिकारी, फेडरेशन, सरकार के साझेदारों, प्रायोजक और सबसे बढ़कर, हर उस एथलीट का है, जो गर्व के साथ तिरंगा लेकर लहराता है।

## धवन को उम्मीद, इंग्लैंड दौरे में पासा पलट सकती है टीम इंडिया



**लंदन (आईएएनएस)**

भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को उम्मीद है कि सीरीज में पिछड़ने के बावजूद टीम इंडिया अभी भी पासा पलट सकती है। इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया, जिसके बाद टीम इंडिया ने दूसरा टेस्ट 336 रन से जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। भारत के पास तीसरा मुकाबला जीतकर सीरीज में लीड बनाने का मौका था, लेकिन यहां टीम इंडिया को 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी।

अब मेहमान टीम को सीरीज अपने नाम करने के लिए शेष दोनों मैच जीतने होंगे। शिखर धवन को लगता है कि भारत सीरीज अपने नाम कर सकता है। पूर्व क्रिकेटर ने आईएएनएस से कहा, "भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार जज्बा दिखाया। यह एक युवा टीम है। पहला मैच हारने के बाद दूसरा मैच जीतना, शानदार प्रदर्शन था। मुझे लगता है कि भारतीय टीम शानदार क्रिकेट खेल रही है। बेशक, इस समय इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन मुझे यकीन है कि भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेगी। वह पासा पलट सकती है।

## चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, शिखर धवन हमेशा मुस्कुराते रहते हैं: पठान



**लंदन (आईएएनएस)**

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की तारीफ करते हुए उन्हें एक 'योद्धा' बताया है। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धवन अपने 12 साल के करियर में भारतीय शीर्ष क्रम की मजबूत ताकत रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैचों में 10,867 रन बनाए हैं। पठान ने लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में आईएएनएस से कहा, "धवन एक मजेदार इंसान हैं। वह हमेशा मुस्कुराते रहते हैं। चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, वह एक योद्धा हैं। धवन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 'मिस्टर आईसीसी' भी रह चुके हैं। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया। धवन को वनडे स्पेशलिस्ट के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में 90.75 की औसत से 363 रन बनाते हुए भारत को खिताबी जीत दिलाई थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एशिया कप 2014, क्रिकेट विश्व कप 2015, चैंपियंस ट्रॉफी 2017 और एशिया कप 2018 जैसे अन्य टूर्नामेंट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स 542 अंक गिरकर बंद, आईटी इंडेक्स 2 प्रतिशत से अधिक लुढ़का

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 542.47 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,184.17 और निफ्टी 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,062.10 पर था। बाजार में गिरावट के नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स में 2.21 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। फाइनेंशियल सर्विसेज, एनर्जी, इन्फ्रा और कंजप्शन इंडेक्स में आधा प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 346.40 अंक या 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 58,960.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 206.40 अंक या 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,686.80 पर बंद हुआ।

# भारत के एविएशन सेक्टर में बीते 5 वर्षों में हुआ 96,000 करोड़ का निवेश : राममोहन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने अपने पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) वेंचर्स के साथ मिलकर वित्त वर्ष 2019-20 से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 के बीच भारत के एविएशन सेक्टर में 96,000 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। यह जानकारी गुरुवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के.राममोहन नायडू की ओर से संसद को दी गई। लोकसभा में एक सवाल का लिखित में जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में मौजूदा समय में हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम सहित 162 ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान, भारतीय एयरपोर्ट्स पर कुल 41.2 करोड़ यात्रियों का आवागमन हुआ, जिसमें 7.7 करोड़ अंतरराष्ट्रीय और 33.5 करोड़ घरेलू यात्री शामिल हैं, इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान, शेड्यूल्ड भारतीय ऑपरेटरों ने 835 घरेलू और 251 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन किया।

नायडू ने कहा कि 2016 में, नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने, आम जनता के लिए हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) शुरू की थी। इस योजना के शुरू होने के बाद से, 637 आरसीएस मार्ग चालू हो चुके हैं, जो 92 अप्रयुक्त और कम उपयोग वाले एयरपोर्ट्स को जोड़ते हैं, जिनमें 15 हेलीपोर्ट और दो वाटर एयरोड्रोम शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा एयरपोर्ट्स पर इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार एएआई या संबंधित एयरपोर्ट संचालकों द्वारा की जाने वाली एक सतत प्रक्रिया है, जो यातायात की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, भूमि की उपलब्धता, विमान सुरक्षा के लिए परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइनों की मांग पर निर्भर करती है। सरकार ने देश में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स के विकास के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स (जीएफए) नीति, 2008 भी तैयार की है। उन्होंने बताया कि इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी एयरपोर्ट डेवलपर एयरपोर्ट विकसित करना चाहता है, तो उसे एक उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और एयरपोर्ट के निर्माण के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करवाना होगा।



### पालघर, पचमढ़ी, मटकुली से कोई प्रस्ताव नहीं

- महाराष्ट्र के पालघर और मध्य प्रदेश के पचमढ़ी व मटकुली के लिए
- केंद्र को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।
- न राज्य सरकार और न ही किसी डेवलपर ने इन स्थलों के लिए आवेदन दिया।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का पहली तिमाही में कर के बाद मुनाफा 71 प्रतिशत बढ़ा

**अहमदाबाद ।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का कर के बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि ईबीआईटीडीए 2,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। अदाणी ग्रुप की कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि तिमाही में शुद्ध लाभ में तीव्र वृद्धि हुई और यह 539 करोड़ रुपए हो गया, जो दोहरे अंकों में ईबीआईटीडीए वृद्धि और कम मूल्यह्रास और कम शुद्ध कर व्यय के कारण संभव हुआ। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में कंपनी का कैश प्रॉफिट सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 1,043 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 2,017 करोड़ रुपए हो गया है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 7,026 करोड़ रुपए हो गई है।

## प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 103 अरब घन मीटर प्रति वर्ष पहुंचने की उम्मीद




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में कुल प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 103 अरब घन मीटर (बीसीएम) प्रति वर्ष तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान स्तर से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी गुरुवार को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की ओर से दी गई। राष्ट्रीय राजधानी में चिंतन रिसर्च फाउंडेशन (सीआरएफ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव प्रवीण मल खनूजा ने अपने संबोधन में कहा कि अधिक नीतिगत समर्थन जैसे सीजीडी की तेज शुरुआत, परिवहन में एलएनजी का उपयोग, गैस से चलने वाले बिजली संयंत्रों के अधिक उपयोग से 2030 तक मांग बढ़कर 120 अरब घन मीटर प्रति वर्ष हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण घटक गैस का एक सेतु ईंधन के रूप में रणनीतिक उपयोग है, जो कोयले जैसे कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन से कम कार्बन वाले भविष्य की ओर चरणबद्ध बदलाव को सक्षम बनाता है।

खनूजा ने संबोधन में आगे कहा कि गैस को वैश्विक स्तर पर कम कार्बन वाले एक जीवाश्म ईंधन के रूप में मान्यता मिली है जो एनर्जी ट्रांजिशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायोगैस और कोल-बेड मीथेन जैसे विकल्प उभर रहे हैं।